
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 09 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 66 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया।

## मेरे पास करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद है : मोदी

● मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है: पीएम

**मातृशक्ति**

▶▶ माताओं, बहन-बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष दिन आपके आशीर्वाद के लिए मैं झुकाकर नमन करता हूं



**टीम एक्शन इंडिया**
**नवसारी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी जिले में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में कहा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं क्योंकि मेरे पास करोड़ों माताओं और बहनों का आशीर्वाद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस दिन, गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में आप सभी माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला। आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में माताओं, बहन-बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष दिन आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि गुजरात की इस धरती से मैं सभी देशवासियों को, देश की सभी माताओं-बहनों को महिला दिवस की शुभकामनाएं भी देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन तलाक के मामले में मुस्लिम महिलाएं अपनी सुरक्षा के लिए कानून की मांग कर रही थीं। मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के जरिए हमने उनकी जिंदगी बर्बाद होने से बचाई है। जब कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू था, तो उन्हें कई अधिकार नहीं दिए जाते थे। अगर वे राज्य से बाहर शादी करती थीं तो उनके संपत्ति के अधिकार छीन लिए जाते थे। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद अब उन्हें देश की हर महिला की तरह समान अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए शौचालय (इज्जत घर) उपलब्ध कराकर हमने उन्हें सम्मान दिया है। हमने उनके बैंक खाते खोलकर उन्हें सशक्त बनाया है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हमने उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिया है। पहले कामकाजी महिलाओं को केवल 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश मिलता था, लेकिन हमने इसे बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया है।

### 2.5 लाख से अधिक महिलाओं को दी 450 करोड़ की सहायता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नवसारी जिले में जलालपोर तहसील के वाँसी-बोरसी में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन महिलाओं का सम्मान किया।

उन्होंने राज्य के 25 हजार से अधिक स्वयंसहायता समूहों की 2.5 लाख से अधिक महिलाओं को 450 करोड़ रुपए की सहायता दी। प्रधानमंत्री ने लखपति दीदियों को आर्थिक प्रोत्साहन देकर आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से अंत्योदय परिवारों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को वित्तीय सहायता के लिए जी-सफल तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता को जी-मैत्री योजना भी लॉन्च की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस समारोह के मंडप में खुली जीप से जनसमुदाय के बीच से गुजर कर लखपति दीदियों का अभिवादन स्वीकार किया।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## स्वावलंबी, स्वाभिमानी नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण संभव : मुर्मु

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कहा कि स्वावलंबी, स्वाभिमानी, स्वतंत्र और सशक्त नारी के बल पर ही विकसित भारत का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए पुरुषों से महिलाओं को सहयोग करने की अपील की है। राष्ट्रपति नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित नारी नेतृत्व से विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने, उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए स्वयं को समर्पित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प हम सबका संकल्प है, जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। इसलिए पुरुषों को महिलाओं को सबल, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में हर कदम पर सहयोग करना चाहिए। महिलाओं को पूरे आत्मविश्वास, लगन एवं मेहनत के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।




**बधाई दी**

▶▶ लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए स्वयं को समर्पित करने का अवसर है : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

## दिल्ली में महिला समृद्धि योजना को मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि महिला समृद्धि योजना के तहत गरीब बहनों को 2500 रुपये देने के वादे को पूरा करते हुए कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का एक सुंदर अवसर है और इस अवसर का सदुपयोग करते हुए हमने अपनी कैबिनेट की बैठक की, जिसमें सभी मंत्री उपस्थित रहे। कैबिनेट ने महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए दिल्ली सरकार ने अपने बजट में 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित भाजपा दिल्ली महिला मोर्चा के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर रेखा गुप्ता के अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत कई प्रमुख नेता शामिल हुए।

**प्रावधान**

▶▶ गरीब महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपये, महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान

## नड्डा ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने यहां के भारत मंडपम में शनिवार को तीसरे स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस वर्ष संगोष्ठी का विषय है- ह्लनीति के लिए साक्ष्य को जोड़ना: किफायती स्वास्थ्य सेवा के लिए स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन। इस मौके पर नड्डा ने भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और सभी के लिए सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्यों के साथ संरेखित एक कुशल, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य प्रणाली बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को आगे बढ़ाने में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी का आयोजन

## आतंकी अब्दुल रहमान के घर हथियारों के मॉडल मिले

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** राम मंदिर पर हमले की साजिश में शामिल फरीदाबाद से पकड़े गए आतंकी अब्दुल रहमान के घर से पुलिस को हथियारों के मॉडल मिले हैं। ये मॉडल उसने लकड़ी के बनाए थे। इसके अलावा चार्ट पर उसने एक-47 का डिजाइन भी बनाया था। ऐसे में पुलिस को शक है कि वह घर पर ही देसी हथियार बनाना सीख रहा था। इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस से जुड़े आतंकी ने पुलिस को यह भी बताया कि फरीदाबाद में दिल्ली के साथी ने हैंड ग्रेनेड पहुंचाया। इसके बाद उसे ये हैंड ग्रेनेड आगे तीसरे साथी को देना था।

## गुजरात कांग्रेस के आधे नेता बीजेपी से मिले: राहुल गांधी




**टीम एक्शन इंडिया**
**अहमदाबाद:** राहुल गांधी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने अहमदाबाद के जेड हॉल में प्रदेश के करीब 2 हजार कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस की लीडरशीप में दो तरह के लोग हैं। उनमें बंटवारा है। एक हैं जो जनता के साथ खड़े हैं, जिनके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। दूसरे वे हैं, जो जनता से कटे हुए हैं, दूर बैठते हैं और उनमें से आधे बीजेपी से मिले हुए हैं। राहुल ने आगे कहा, मेरी जिम्मेदारी है कि जो ये दो ग्रुप हैं इनको छांटना है। कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है। बब्बर शेर हैं लेकिन पीछे से चेन लगी हुई है तो वे चेन से बंधे हैं। यहां रेस के घोड़ों को बारात में बांध दिया जाता है।

**दो टूक**

▶▶ हमारे बब्बर शेर चेन से बंधे; यहां पार्टी नाकाम यह कहने में शर्म नहीं: कांग्रेस लीडर राहुल गांधी

**गुजरात में कांग्रेस फेल, मुझे यह बोलने में कोई शर्म नहीं**
गुजरात फंसा हुआ है, यह आगे बढ़ना चाहता है। गुजरात की कांग्रेस पार्टी उसको रास्ता नहीं दिखा पा रही है। मैं ये बातें डरकर नहीं बोल रहा हूं और न शरमाकर बोल रहा हूं। मगर मैं आपके सामने ये बातें रखना चाहता हूं कि चाहे राहुल गांधी हो, चाहे जनरल सेक्रेटरी हों, हम गुजरात को रास्ता नहीं दिला पा रहे हैं।



फाईनल मुकाबले से पहले भारतीय टीम प्रैक्टिस करहे हु।

## ईडी ने हैदराबाद एयरपोर्ट से बिजनेस जेट जब्त किया

**टीम एक्सन इंडिया**
**हैदराबाद:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक बिजनेस जेट जब्त की। सूत्रों के मुताबिक ईडी हैदराबाद के फाल्कन ग्रुप और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। मामला साइबराबाद पुलिस की फाल्कन ग्रुप (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड) के अमरदीप कुमार और अन्य के खिलाफ दर्ज एउआईआर से जुड़ा है।

## अकबर हो या औरंगजेब, सबकी मानसिकता एक : योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गौतमबुद्ध नगर। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दादरी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने महाराणा प्रताप के स्वाभिमान, स्वधर्म और स्वदेश के प्रति अद्वितीय समर्पण को याद करते हुए उन्हें सच्चा राष्ट्रनायक करार दिया। एनटीपीसी परिसर में महाराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने उनकी वीरता की गाथा को विस्तार से बयां किया। सीएम योगी ने यह भी कहा कि अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी। उन्होंने कहा कि हमारे आदर्श और राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी और गुरू गोविंद सिंह जी महाराज हैं, ना कि अकबर या औरंगजेब। वहीं मुख्यमंत्री ने राणा सांगा की वीरता का भी जिक्र किया। सीएम योगी ने जनसभा स्थल से ही गौतमबुद्ध नगर के लिए ?1,467 करोड़ की 97 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।




**राष्ट्रनायक**

▶▶ महाराणा प्रताप ने स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया: सीएम योगी

**पिच की भूमिका** यह ठीक एक सप्ताह पहले हुए ग्रुप स्टेज मुकाबले की पुनरावृत्ति होगी, जहां भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी

## चैंपियंस ट्रॉफी : भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगी चैंपियन बनने की जंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला रविवार (9 मार्च) को दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह ठीक एक सप्ताह पहले हुए ग्रुप स्टेज मुकाबले की पुनरावृत्ति होगी, जहां भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। अब तक इस टूर्नामेंट में भारत अजेय रहा है, जबकि न्यूजीलैंड ने अपनी लय हासिल करने के लिए सभी चार अलग-अलग स्थानों पर मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड को दुबई में खेलने का अनुभव है और कागज पर वे भारत को कड़ी चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार दिखते हैं।




**टीम संयोजन और पिच की भूमिका**
भारत को अपने अंतिम एकादश को लेकर एक बड़ा फैसला करना होगा-क्या वे कुलदीप यादव की जगह एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को खिलाएं? हालांकि, इससे उनके पास बाएं हाथ के न्यूजीलैंड बल्लेबाजों के खिलाफ स्पिन का एक प्रभावी विकल्प कम हो जाएगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड को यह तय करना होगा कि खराब फॉर्म में चल रहे विल यंग की जगह डेवोन कॉनवे को मौका दें या नहीं। दुबई की पिच धीमी और टर्निंग रही है, जिससे स्पिनरों को मदद मिली है। अब तक के चार मैचों में, जिस टीम के स्पिनर प्रभावी रहे, वह जीत दर्ज करने में सफल रही। भारत के स्पिनर तेज और सीधी गेंदबाजी करने में माहिर हैं, जो इस पिच पर कारगर साबित हो सकता है।

**फैसला आज**

▶▶ न्यूजीलैंड ने अपनी लय हासिल करने के लिए सभी चार अलग-अलग स्थानों पर मैच खेले हैं

**मैट हेनरी बनाम भारत का टॉप ऑर्डर: नई गेंद से खतरनाक चुनौती**
न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी भारत के शीर्ष क्रम के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकते हैं। उन्होंने पावरप्ले में भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ 20.20 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल के विकेट भी दर्ज हैं। हालांकि, रोहित शर्मा ने

## कर्नाटक: इजराइली टूरिस्ट, होमस्टे ओनर के साथ गैंगरेप

**टीम एक्शन इंडिया**
बेंगलुरुः कर्नाटक के प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस हम्पी में 27 साल की एक इजराइली महिला टूरिस्ट और एक होम-स्टे ओनर के साथ तीन लोगों ने गैंगरेप किया। घटना 6 मार्च की रात करीब 10:30 बजे तुंगभद्रा नहर के किनारे की है। पीड़ित महिलाएं नहर के किनारे बैठी हुई थीं। महिलाओं के साथ 3 अन्य टूरिस्ट भी थे। इनमें से एक डेनियल अमेरिका से था, जबकि दो अन्य पंकज महाराष्ट्र से और बिबास ओडिशा से थे। आरोपियों ने गैंगरेप से पहले इन तीनों को नहर में धक्का दे दिया था।



डेनियल और पंकज तैरकर बाहर आ गए, जबकि बिबास की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक की तलाश जारी है। बिबाश की लाश दो दिन बाद मिली पुलिस ने ओडिशा के बिबास को ढूंढने के लिए 7 मार्च की सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इसमें फायरब्रिगेड के अलावा पुलिस और खोजी कुत्तों को लगाया गया। हालांकि इसमें सफलता नहीं मिली। 8 मार्च यानी आज सुबह बिबास का शव घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर नहर के पावर हाउस के पास मिला। **डिनर के बाद तारे देखने गए थे होमस्टे की मालकिन**
29 साल की महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने 4 मेहमानों के साथ डिनर करने के बाद तुंगभद्रा लेफ्ट बैंक नहर के किनारे म्यूजिक के साथ तारों को देखने गए थे।

# कैट-एडीएसआई 5 लाख महिलाओं को बनाएंगे सशक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को कहा कि कारोबारी संगठन कैट अपने सलाहकार और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के मार्गदर्शन में देशभर में एडीएसईआई और अन्य व्यापार निकायों के साथ मिलकर अगले एक साल में पांच लाख महिला उद्यमियों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाएगा। खंडेलवाल ने कैट और एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एंटिटीज ऑफ इंडिया (एडीएसआई) के सहयोग से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयाजित राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की। इस सम्मेलन में 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश साधारण परिवारों से थीं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कैट



और एडीएसआई द्वारा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन कैट और एडीएसआई का सरकार की महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो भारत में महिला व्यापारियों और उद्यमियों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत की आर्थिक प्रगति में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और उन पुरुषों की भी सराहना की जो महिलाओं के वित्तीय सशक्तीकरण, सामाजिक सम्मान और एक सुरक्षित एवं सहयोगी वातावरण के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। कैट महासचिव खंडेलवाल ने कहा कि इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित इस सम्मेलन में

**सामाजिक**

**▶▶ व्यापार निकायों के साथ मिलकर अगले एक साल में पांच लाख महिला उद्यमियों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाएगा**

डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री की 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों की उत्साही भागीदारी भारत में महिला नेतृत्व वाले आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए खंडेलवाल ने दोहराया कि प्रधानमंत्री मोदी का महिलाओं के नेतृत्व में विकास का दृष्टिकोण एक प्रगतिशील और समावेशी भारत की दिशा में अग्रसर है। उनके नेतृत्व में भारत ने लैंगिक समानता, आर्थिक सशक्तीकरण और समावेशी विकास को प्राथमिकता दी है, जिससे महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभाने का अवसर मिल रहा है।

एडीएसआई के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि आज का दिन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि हम राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन में महिला उद्यमियों की अद्भुत भावना और दृढ़ संकल्प का जश्न मना रहे हैं। कैट के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम भारत के उद्यमशीलता तंत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि 10,000 से अधिक महिलाओं की भागीदारी के साथ हम वित्तीय स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की एक सशक्त लहर का साक्षी बन रहे हैं। एडीएसआई महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने और एक समावेशी, विकासोन्मुखी व्यापारिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि इस पहल को लखपति दीदी और प्रधानमंत्री मोदी की अन्य प्रमुख योजनाओं से जोड़ा जाएगा, जिससे महिला उद्यमियों को वित्तीय स्वतंत्रता मिलेगी। इस कार्यक्रम को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय के कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा डिजिटल और वित्तीय


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी विशाल, पुत्र** दर्शनलाल **पता:** बी–84 कैंप नंबर 2 नांगलोई, **दिल्ली FIR No. 775/20, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थानाः नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **विशाल, FIR No. 775/20, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थानाः नांगलोई, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
आकांक्षा
महानगर दण्डाधिकारी–05 (पश्चिम)
कमरा नं. 336ए, (तृतीय तल)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2435/OD/2025
(Court Matter)


## करोड़ों की लागत से चल रहे निर्माण कार्यों का भाजपा जिला



**राई।** नगर निगम के वार्ड नंबर 8 में 17 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से चल रहे विकास कार्यों का भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद ने मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य में लगाई जा रही सामग्री की जांच की और ठेकेदार को उनके वार्ड में बेहतर गुणवत्ता के साथ कार्य करने के लिए बोला । पुनीत राई ने कहा कि उनका प्रयास है कि वार्ड में जो भी काम हो बेहतर गुणवत्ता के साथ करवाया जाए । लोगों की समस्या का समाधान और काम करवाना उनकी जिम्मेदारी है । उन्होंने कहा कि अपने वार्ड में उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर बहुत सारे काम करवाए हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार का भी आभार व्यक्त किया कि जब भी लोगों की मांग को उन्होंने उठाया है तो मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए उनके वार्ड में काम शुरू करवाया है । इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई के साथ जोगी राम त्यागी, राकेश कौशिक, राकेश त्यागी, नरेश पांचाल, सतीश वाल्मीकि आदि लोग मौजूद थे।

## बिजली का तार टूटकर गिरा, करंट से 11वीं के छात्र की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** तिलपता गांव में बिजली का जर्जर तार टूटकर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से छात्र की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 11वीं कक्षा के छात्र दीपांशु (17) शुक्रवार को डेयरी पर सामान लेने जा रहे थे। शाम के वक्त अचानक बिजली का तार टूटकर गिर गया। उस समय बिजली की सप्लाई जारी थी। तार की चपेट में आकर दीपांशु छटपटाने लगे। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन करंट के चलते कोई पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। कुछ देर बाद लोगों ने लकड़ी के सहारे तार को अलग किया और दीपांशु को नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

## महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित मालगाड़ी रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे ने सफदरजंग स्टेशन से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित एक मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेलवे स्टेशन की लोको पायलट लक्ष्मी लाकड़ा ने कहा कि मैं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को अपनी शुभकामनाएं देना चाहती हूं। मैं उन पुरुषों का भी आभार व्यक्त करना चाहती हूं जो अपने जीवन में महिलाओं का साथ देते हैं, जिसकी वजह से महिलाएं सशक्त होती हैं। लाकड़ा ने बताया कि हम यहां से तुगलकाबाद जाएंगे और वहां चालक दल को प्रभार सौंपेंगे। प्रशासन इस ट्रेन को पूरी तरह से



महिला चालक दल द्वारा संचालित कर रहा है। सहायक लोको पायलट, ट्रेन मास्टर, हमारी सभी महिलाएं है। मैं सभी महिलाओं को स्वतंत्र होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती हूं क्यूंकि हमारी अपनी पहचान होना बहुत जरूरी है। उत्तर रेलवे के दिल्ली डीआरएम पुष्पेश आर त्रिपाठी कहते हैं कि रेलवे में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आज पूरा स्टेशन महिलाओं द्वारा चलाया जा रहा है, हम महिलाओं को क्रेच की सुविधा देते हैं ताकि वे अपने बच्चों की देखभाल कर सकें। वहीं उत्तर रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि भारतीय रेलवे में महिलाओं की भागीदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महेंद्र निगम पुत्र स्व. इश्वरनाथ ऑफिस पता: 4573/22, बेसमेंट अंसारी रोड़, प्रकाश दीप बिल्डिंग, दरियागंज दिल्ली और आई–603, सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट, मुखर्जी नगर, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 176/2018 धारा 332/461/466ए डीएमसी एक्ट के तहत** थानाः दरियागंज, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **महेंद्र निगम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **महेंद्र निगम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 176/2018 धारा 332/461/466ए डीएमसी एक्ट के तहत थानाः दरियागंज, दिल्ली के उक्त महेंद्र निगम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शिप्रा धनकर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
(केंद्रीय जिला) कमरा नं. 180, पहली मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2919/CD/2025


## कार ने मारी जोरदार टक्कर, नीचे गिरने से हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पिलखुवा (हापुड़) :** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के फ्लाईओवर पर शुक्रवार रात को एक तेज रफ़्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक बाइक के साथ फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार ड्राइवर को गिरफ़्तार कर लिया है। मृतक की पहचान बुलंदशहर जिले के थाना गुलावटी क्षेत्र के मोहल्ला पलवलयान निवासी अब्दुल खामिस (35 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के समय वह गुलाओथी से फरीदाबाद जा रहा था। पुलिस के अनुसार जब वह पिलखुवा फ्लाईओवर के पिलर नंबर 127 के पास पहुंचा, तो पीछे से आ रही एक तेज गति वाली कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे खामिस बाइक के साथ फ्लाईओवर से नीचे जा गिरा।

## विचारों के आदान-प्रदान के साथ संपन्न हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई ।** रेणु विद्या मंदिर बहालगढ़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन दिव्यांगजन और उनके परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा" देने, विचारों के आदान-प्रदान, महत्वपूर्ण चचाओं के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर दुराटफ ग्लास इंडस्ट्री के प्रबंध निदेशक एवं रेणु विद्या मंदिर के ट्रस्टी उत्सव गुप्ता, संस्थान की निदेशक ध्वनि गुप्ता, चेयरमैन नानक गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर ऋचा गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े नए संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की । तीसरे दिन विभिन्न विद्वानों, विशेषज्ञों और




समाजसेवियों ने अपने विचार व्यक्त किए। चर्चा के दौरान दिव्यांगजनों के मानसिक स्वास्थ्य, समावेशन, शिक्षा, रोजगार और उनके समग्र विकास पर विशेष जोर दिया गया।

डॉ एस के डायरेक्टर एनसीडीएस इग्नू नई दिल्ली एवं डॉ ए डी पासवान डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल सिरतार रोहतक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इस सम्मलेन की बहुत सरहाना करते हुए रेणु विद्या मंदिर का ऐसे कार्यक्रम के लिए आभार जताया । सम्मेलन प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा प्रेरणादायक संदेश, दिव्यांगजनों के जीवन में सुधार हेतु नई योजनाओं पर विचार, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े आधुनिक समाधान और सुझाव, शिक्षाविदों और शोधकताओं द्वारा प्रायोगिक अनुभवों की प्रस्तुति दी गई। उत्सव गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए समाज को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। ऐसे सम्मेलन जागरूकता बढ़ाने और ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित करते हैं । ध्वनि गुप्ता ने कहा कि "रेणु विद्या मंदिर निरंतर दिव्यांगजनों की शिक्षा और पुनर्वास के लिए कार्य करता रहेगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें । स्कूल के शिक्षकों ने कार्यक्रम में सहयोग किया ।


## उत्तर मध्य रेलवे

**पत्र सं.:** No. JHS/Commercial/e-Auction/2025/93 **दिनांक:** 07.03.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| **श्रेणी:** पे & यूज़ | **केटलोग संख्या:** JHS-PAYUSE-18 |

**एसेट्स डिटेल्स:** झाँसी मंडल के दतिया, डबरा ओरछा, हरपालपुर, पुखराया, टीकमगढ एवं महोबा रेलवे स्टेशन पर पे एंड यूज़ टॉयलेट का संचालन एवं रखरखाव।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांक 24.03.2025 को समय- 11:00 से

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांक 24.03.2025 को समय- 12:30 तक

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- **www.ireps.gov.in** के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **444/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस सं. **104/2024-2025** दिनांक **07.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07240096 | पिन (ईलेक्ट्रोप्लेटेड) फॉर आई सी एफ बोगी | 106848 नग | 27.03.25 |
| 02 | 18241251A | थर्मल टिकेट रोल्स ऑफ 500 इंच | 228245 रोल्स | 01.04.25 |
| 03 | 09252284 | स्लाइडिंग डोर अरेंजमेंट | 322 नग | 07.04.25 |
| 04 | 09252285 | स्लाइडिंग डोर अरेंजमेंट | 816 नग | 07.04.25 |
| 05 | 09252539 | न्यू डोरवे स्टिफनिंग क्रॉस बार | 6058 नग | 09.04.25 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

741/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

मुख्य विद्युत अभियंता परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

**निविदा संख्या:** NR-Proj-UMB-25009

**कार्य का नाम:**– उत्तर रेलवे के मुरादाबाद डिवीजन (135 आरकेएम/270 टीकेएम) के गाजियाबाद–मुरादाबाद खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग"

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री–बिड कांफ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 61.77Cr. | 3238700/- | 24 | Nil | 25.04.2025 at 15:00 Hrs | 25.04.2025 at 15:30 Hrs | हाँ |
| **बिडिंग प्रणाली** | **बिडिंग टाइप** | **स्वतः एलिमिनेशन नियम लागू** | **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम)** | **मिनिमम डीक्रिमेंट %** | **सब्सिकुयंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम)** | |
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हाँ | 04:00 | 0.2 | 00:20 | |

**कार्य की समान प्रकृतिः** "50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2X25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग"

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोटः**– तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं। **निविदा सूचना क्रमांक:** NR/Proj/UMB/Advt./07 दिनांक: 07.03.2025 **745/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।

**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :

स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।

**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

## दिल्ली कैबिनेट ने महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का आवंटन मंजूर किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट ने महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का आवंटन मंजूर किया है। जिसके तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये मिलेंगे। इसका एलान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को किया।





**जिस देश में नारी का सम्मान नहीं, वो देश नहीं बढ़ सकता आगे**
भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मैं कहता हूं कि जिस घर में नारी का सम्मान नहीं है, वो घर आगे बढ़ नहीं सकता। जिस देश में नारी का सम्मान नहीं है, वो देश आगे नहीं बढ़ सकता। नरेंद्र मोदी ने इस बात को समझा और महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज हमारी सरकार का फोकस है। प्रधानमंत्री मोदी नारी सशक्तिकरण के ध्येय साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब नारीशक्ति का विकास होता है, तो दुनिया का विकास होता है। इसलिए नारीशक्ति को भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा मूलरुप में मानकर आगे चला है।

**महिलाओं के योगदान से बनी दिल्ली में भाजपा की सरकार**
नड्डा ने कहा कि दिल्ली में यदि महिला का साथ न मिलता तो दिल्ली में जीत संभव नहीं हो सकता है। महिला दिवस पर महिला सशक्ति को नमन करता हूं और दिल्ली की महिलाओं को नमन करते हुए धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने में बहुत बड़ा योगदान किया है। ये जीत महिलाओं के आशीर्वाद और सहयोग से ही संभव हो पाया है।

**सीएम रेखा ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर कसा तंज**
जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में भाजपा के दिल्ली महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केवल भाजपा में ही महिलाओं का सम्मान होता है। कांग्रेस काल में जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं तो उस समय उनके अलावा कोई अन्य महिला कैबिनेट में नहीं थी। वहीं आप की सरकार में महिला सांसद को घर पर बुलाकर पीटा जाता था। दिल्ली के हर जिले में वन स्टॉप सेंटर बनाया जाएगा। हर जरूरत की जगह पर पिंक शौचालय बनाएंगे। महिलाओं से जो वादा किया है उसे भी पूरा करेंगे।

**शर्तें तय करने के लिए कमेटी बनाईः सीएम**
मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया- हमने एक कमेटी का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता मैं स्वयं करूंगी। इसमें मंत्री प्रवेश वर्मा, कपिल मिश्रा और आशीष सूद भी रहेंगे। कमेटी योजना का पोर्टल बनाने, नियम और शर्तें तय करने पर विचार-विमर्श करेगी।

**रजिस्ट्रेशन के लिए अलग पोर्टल**
महिला समृद्धि योजना का फायदा उठाने के लिए महिलाओं को ई-रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिए पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया जाएगा। महिलाएं इस पर वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जमा जैसे जरूरी दस्तावेज जमा करके आवेदन कर सकेंगी।

**अगले साल बढ़ेगा योजना का बजट**
योजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि योजना का बजट अगले साल बढ़ाया जाएगा। इस साल योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। इससे महिलाओं को पहले से मिल रही सहायता में कोई रुकावट नहीं आएगी।

# मैच में लगवा रहे थे सट्टा, तीन लोग गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चैंपियंस ट्रॉफी में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच चल रहे सेमी फाइनल मैच पर सट्टा लगा रहे तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान किंगपिन मनीष सहानी (42), योगेश कुकरेजा (31) और सूरज (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से विभिन्न खातों में जमा किए गए 22.62 लाख रुपये, कॉल रिकॉर्डिंग के लिए साउंड बॉक्स, एक लैपटॉप, 9 मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी के अलावा भारी मात्रा में नोट पैड बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में योगेश कॉमर्स ग्रेजुएट है जबकि अन्य दोनों आरोपित 12वीं और 10वीं पास हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने शनिवार को बताया कि एएसआई गजेंद्र को सूचना मिली थी कि पाकिस्तान के गद्दाफी स्टेडियम में चल रहे मैच पर दिल्ली में सट्टा लगाया जा रहा है। सट्टे की और जानकारी जुटाने पर पता चला कि आरोपित मनीष सहानी उर्फ सन्नी कर्मपुरा के मकान में सट्टा लगवा रहा है। जानकारी जुटाने के बाद एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने डीएलएफ टॉवर्स, कर्मपुरा के मकान में छापेमारी की।

# दिल्ली में 10 फीसदी महिलाओं को भी नहीं मिलेगा योजना का लाभः आप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने महिला समृद्धि योजना लागू करने का ऐलान किया है। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। इसके बाद विपक्षी पार्टी की ओर से बयान आने शुरू हो गए हैं। पार्टी के नेता लगातार रेखा सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने प्रतिक्रिया दी है।



**10% महिलाओं को भी लाभ नहीं मिलेगा**
संजय सिंह ने कहा कि यह वादा मोदी सरकार का एक तरह का जुमला है। पता चल रहा है कि इस योजना के तहत 10% महिलाओं को भी लाभ नहीं मिलेगा। संजय सिंह ने कहा कि जो जानकारी सामने आ रही है उससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री

**आरोप**
▶▶ पता चल रहा है कि इस योजना के तहत 10% महिलाओं को भी लाभ नहीं मिलेगाः संजय सिंह

जब भी कुछ कहते हैं तो देश की जनता को उस पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं करना चाहिए। क्योंकि, उनका हर वादा जुमला ही निकलता है। इसके बाद संजय सिंह ने कहा कि बाकी डिटेल सामने आने के बाद आपको सब पता चल जाएगा। दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए 'महिला समृद्धि योजना' को मंजूरी दिए जाने पर दिल्ली की विपक्ष की नेता और आप नेता आतिशी ने कहा, "पीएम मोदी ने अपनी एक रैली में वादा किया था कि 8 मार्च को महिलाओं के खाते में 2500 रुपये जमा किए जाएंगे। उन्होंने कहा, "आज वह दिन था, और दिल्ली की महिलाएं इंतजार कर रही थीं।

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैः विजेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित बिजनेस कॉनक्लेव में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हम आज एक ऐसे भारत की बात करने के लिए एकत्र हुए हैं जो अवसरों की धरती होने के साथ-साथ सेंटर ऑफ इन्वेंशन है और विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तत्पर है। भारत सिर्फ एक देश नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है। गुप्ता ने कहा कि बिजनेस कॉन्क्लेव श्रीराम कॉलेज का प्रतिष्ठित वार्षिक प्रबंधन उत्सव है। यह एशिया के सबसे बड़े स्नातक प्रबंधन उत्सवों में से एक माना जाता है' विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में हर क्षेत्र में अरबों डॉलर के अवसर मौजूद हैं। हमारे पास 1.4 अरब लोगों की विशाल जनसंख्या है। हर व्यापार के लिए ग्राहक पहले से मौजूद हैं। यही कारण है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। भारत आज एआई अपनाने में अग्रणी है, जहां 80 प्रतिशत कंपनियां इसे अपनी प्राथमिक रणनीति के रूप में देख रही हैं।



**इन्वेंशन**
▶▶ भारत में हर क्षेत्र में अरबों डॉलर के अवसर मौजूद हैं। 1.4 अरब लोगों की विशाल जनसंख्या है

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हर दिन 50 स्टार्टअप्स भारत में पंजीकृत हुए हैं। हर महीने एक नया यूनिकॉर्न स्टार्टअप जन्म ले रहा है। विकास में महिलाओं के योगदान की चर्चा करते हुए गुप्ता ने कहा कि भारत की प्रगति केवल आर्थिक और तकनीकी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। बल्कि महिला सशक्तीकरण में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत अब महिला विकास से महिला-नेतृत्व में विकास की ओर बढ़ रहा है। विजेंद्र गुप्ता ने भारत की एआई क्रांति की बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पहली बार एआई इकोसिस्टम को प्रत्यक्ष रूप से समर्थन दे रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने जीपीयू मार्केटप्लेस खोलकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह दुनिया का पहला ऐसा सरकारी प्रयास है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और विद्यार्थी उच्च स्तरीय एआई संसाधनों तक आसानी से पहुंच बना सकते हैं। जबकि अन्य देशों में एआई का बाजार केवल बड़ी टेक कंपनियों तक सीमित है, भारत में इसे सभी के लिए सुलभ बनाया जा रहा है। गुप्ता ने कहा कि पूंजी बाजार की बढ़ती

# विकास लगरपुरिया गिरोह का सदस्य गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने विकास लगरपुरिया गिरोह के कुख्यात सदस्य रोहित गहलोत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसको दो देसी पिस्तौल और 3 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित पहले से पांच मामलों में शामिल है। वह हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने शनिवार को बताया कि रोहति गहलोत को गोलीबारी और हत्या के प्रयास के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। 31 अक्टूबर, 2024 को छावला थाना पुलिस को शिकायतकर्ता हिमांशु ने तहरीर दी थी कि 30 अक्टूबर की रात वह अपने चचेरे भाई रोहित का जन्मदिन खाटू श्याम चौक (श्याम विहार) पर मना रहे थे। तभी आरोपित रोहित अपने 4 साथियों के साथ आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने गोली चलाई। गोली पीड़ित के भाई रोहित

**सफलता**
▶▶ पुलिस ने उसको दो देसी पिस्तौल और 3 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है

भारद्वाज के कमर में लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल के भाई के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। डीसीपी के अनुसार आरोपित को पकड़ने के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच को जिम्मा सौंपा गया। इस बीच पता चल कि रोहित पर पहले से ही पांच मामले दर्ज हैं।
पुलिस टीम आरोपितों की तलाश कर रही थी। इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि आरोपित रोहित मुरथल (हरियाणा) के पास है।

# दिल्ली के विधायकों के लिए 18-19 मार्च को ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम को अब 18 एवं 19 मार्च को पुनर्निर्धारित किया गया है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। यह कार्यक्रम नवनिर्वाचित विधायकों के लिए एक महत्वपूर्ण सीखने का अवसर होगा। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर उन्हें इस कार्यक्रम के उद्घाटन के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया था। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का

**उद्घाटन**
▶▶ अब 18 एवं 19 मार्च को पुनर्निर्धारित किया गया है। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष करेंगे

उद्देश्य विधायकों को विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय आचरण और शासन प्रणाली की जानकारी देना है। इंटरैक्टिव सत्रों, विशेषज्ञ चचाओं और ज्ञान-विनिमय मंचों के माध्यम से यह कार्यक्रम विधायकों को उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों की बेहतर समझ प्रदान करेगा, जिससे वे विधानसभा में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इस पहल के बारे में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधायकों को उनकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करने के महत्व पर जोर दिया।
उन्होंने कहा कि यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम नवनिर्वाचित विधायकों को आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जिससे वे विधानसभा में प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। यह उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं, विधायी मसौदे और सार्थक बहसों के महत्व को समझने में मदद करेगा।

# महिला दिवस पर केंद्रीय खेल मंत्री ने विशेष साइकिल रैली में लिया हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** तेलंगाना के कान्हा शांति वनम में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, विभिन्न राज्यों के खेल मंत्री, खिलाड़ी और खेल प्रशासक शामिल हुए। रैली को हरी झंडी दिखाते हुए डॉ. मांडविया ने कहा, "यह साइकिल रैली हमारी नारी शक्ति को समर्पित है, जो खेल और अन्य क्षेत्रों में अपने संकल्प, नेतृत्व और उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर रही हैं।"

**खेल विकास और ओलंपिक की तैयारियों पर हुआ मंथन**
चिंतन शिविर के मौके पर आयोजित राज्य मंत्रियों और प्रमुख हितधारकों की एक राष्ट्रीय बैठक में 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भारत की तैयारी और 2036 ग्रीष्मकालीन खेलों की मेजबानी की बोली पर चर्चा की गई। इस अवसर पर हुई साइकिल रैली में एक कल्याण और आध्यात्मिक केंद्र कान्हा शांति वनम के सदस्यों की तरफ से गहरी दिलचस्पी देखने को मिली।

**अस्मिता न्यूजलेटर का हुआ शुभारंभ**
महिला दिवस के खास मौके पर डॉ. मांडविया, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी और पूर्व ओलंपियन एवं बैडमिंटन स्टार पुलेला गोपीचंद ने अन्य प्रमुख खिलाड़ियों के साथ मिलकर 'अस्मिता' न्यूजलेटर



लॉन्च किया। यह न्यूजलेटर 2021 में शुरू किए गए ह्यस्पोर्ट्स फॉर विमेनह्ल मिशन की उपलब्धियों को दशार्ता है। न्यूजलेटर अस्मिता लीग की अद्भुत पहुंच पर भी प्रकाश डालता है और यह बताता है कि वे कैसे उन युवा महिलाओं के जीवन को बदल रहे हैं जो खेल को करियर के रूप में अपनाने की आकांक्षा रखती हैं। पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन और कोच पुलेला गोपीचंद, जिन्होंने साइना नेहवाल और पीवी सिंधु जैसी ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है, ने कहा, "यह सच है कि भारत के लिए महिलाओं ने ज्यादा ओलंपिक पदक जीते हैं, इसलिए उन्हें और

**प्रेरित**
▶▶ लोकप्रिय हो रहा है और लोगों को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है

अधिक प्रोत्साहन मिलना चाहिए। अस्मिता एक शानदार मंच है। जब डॉ. मांडविया के साथ 15 खेल मंत्री खेल के भविष्य और ओलंपिक सपने पर चर्चा करने के लिए एकत्र होते हैं, तो यह एक बड़ी पहल बन जाती है। बस जरूरत है कि सही नीतियां बनाई जाएं और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।"

**साइकिलिंग को फैशन बनाना चाहिए- खेल मंत्री**
साइकिल रैली की अगुवाई असम की खेल मंत्री नंदिता गोरलोसा, गोपिचंद बैडमिंटन अकादमी की महिला प्रशिक्षुओं और 2024 पेरिस पैरालंपिक में कांस्य पदक विजेता दीप्ति जीवनजी ने की। डॉ. मनसुख मांडविया ने भी इस साइकिल रैली में हिस्सा लिया और स्वस्थ जीवनशैली के लिए साइकिलिंग को नियमित आदत बनाने की जरूरत पर जोर दिया। संडे ऑन साइकिल अभियान, जिसे केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मांडविया बढ़ावा दे रहे हैं, पूरे देश में लोकप्रिय हो रहा है और लोगों को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# एबी-पीएमजेएवाई लाभों तक पहुंचने के लिए ई-श्रम पोर्टल से जुड़ें प्लेटफॉर्म श्रमिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय ने शनिवार को प्लेटफॉर्म श्रमिकों से ई-श्रम पोर्टल पर स्वयं पंजीकरण कराने का आग्रह किया है, ताकि उन्हें जल्द से जल्द औपचारिक मान्यता और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत लाभ देने पर विचार किया जा सके। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है, जिससे राइडशेयरिंग, डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और पेशेवर सेवाओं जैसे क्षेत्रों में नई नौकरियां पैदा हो रही हैं। नीति आयोग का अनुमान है कि भारत में गिग अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 1 करोड़ से ज्यादा




कर्मचारियों को रोजगार देगी, जो 2029-30 तक 2.35 करोड़ तक पहुंच जाएगी। देश की अर्थव्यवस्था में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के योगदान को स्वीकार करते हुए केंद्रीय बजट 2025-26 की घोषणा में (१) ई-श्रम पोर्टल पर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म श्रमिकों का पंजीकरण, (२) पहचान पत्र जारी करना, और (३) आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य देखभाल कवरेज के प्रावधान हैं।

**कवर प्रदान**
▶▶ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के तहत लाभ देने पर विचार किया जा सके

श्रम मंत्रालय के मुताबिक एबी-पीएमजेएवाई स्वास्थ्य योजना भारत में 31,000 से अधिक सार्वजनिक और निजी पैनलबद्ध अस्पतालों में द्वितीयक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का कवर प्रदान करती है।
इन बजट प्रावधानों के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय शीघ्र ही योजना शुरू करने जा रहा है। पहले कदम के रूप में मंत्रालय प्लेटफॉर्म श्रमिकों से अनुरोध करता है कि वे ई-श्रम पोर्टल पर स्वयं पंजीकरण कराएं, ताकि उन्हें जल्द से जल्द योजना के अंतर्गत लाभ दिए जाने पर विचार किया जा सके। मंत्रालय ने कहा कि प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर्स को अपने साथ जुड़े प्लेटफॉर्म श्रमिकों के बीच भी इस जानकारी का प्रचार करना है और उनको ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराने में सहायता प्रदान करना है। प्लेटफॉर्म श्रमिक इस मंत्रालय के ई-श्रम पोर्टल पर जाकर प्राथमिकता के आधार पर अपना पंजीकरण पूरा कर सकते हैं। ई-श्रम पोर्टल का लिंक नीचे दिया गया है, जो है।

# ड्रग्स तस्करी में एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बरेली ड्रग सिंडिकेट से जुड़े एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान गांव मनोना बरेली निवासी निजामुद्दीन उर्फ निजाम (35) के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्व गुप्ता ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने ड्रग तस्करी पर कार्रवाई करते हुए ड्रग सिंडिकेट के एक प्रमुख सदस्य निजामुद्दीन को गिरफ्तार किया है। डीसीपी के अनुसार पांच मार्च को क्राइम ब्रांच की टीम ने जीटीबी अस्पताल के पास से लल्ला बाबू को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने लल्ला बाबू के कब्जे से 502 ग्राम हेरोइन



बरामद की थी। जांच में पता चला था कि लल्ला बाबू हेरोइन को निजामुद्दीन से लेकर आता था और दिल्ली के नंद नगरी निवासी विजय और जितेश उर्फ जीतू को देता था। आरोपित लल्ला बाबू की निशानदेही पर पुलिस ने जितेश को 125 ग्राम हेरोइन के साथ दबोचा, जबकि विजय मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी कार से 99 ग्राम हेरोइन जब्त किया था। पकड़े गए लल्ला बाबू से पूछताछ करने पर पता चला कि बरामद प्रतिबंधित पदार्थ निजामुद्दीन उर्फ निजाम उन्हें देता था। इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि आरोपित निजामुद्दीन श्याम लाल कॉलेज शाहदरा के पास किसी से मिलने के लिए आने वाला है।

# ऐसा रक्तदान शिविर पहली बार देखा जहां केवल महिलाएं ही रक्तदाता: सैनी

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं द्वारा अधिकारों के लिए किए गए संघर्षों और उपलब्धियों की दिलाता है याद

**रक्तदान महादान**

**महिलाएं अपने घर-परिवार के साथ दूसरों के जीवन को भी बचाने का कर रही है काम रक्तदान ही मानवता की सच्ची सेवा: सीएम सैनी**





**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का दिन महिलाओं द्वारा अपने अधिकारों के लिए किए संघर्षों और उपलब्धियों की याद दिलाता है। रक्तदान महादान है और मानवता की सच्ची सेवा है। इस रक्तदान शिविर का संदेश पूरे देश में जाएगा और अन्य महिलाओं को भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महिला पी.जी. महाविद्यालय पंचकूला में आयोजित नारी शक्ति रक्तदान शिविर में रक्तदातों और उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रक्तदान करने वाली महिलाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। रक्तदान शिविर में 138 से अधिक महिलाओं ने रक्तदान किया।

**मानव सेवा के लिए महिलाओं की गहरी भावना**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं कई बार अनेक रक्तदान शिविरों में गया हूँ। लेकिन ऐसा रक्तदान शिविर पहली बार देखा है, जिसमें केवल महिलाएं ही रक्तदान कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने का इससे अच्छा और कोई तरीका नहीं हो सकता। इस रक्तदान शिविर में केवल महिलाएं ही रक्तदाता हैं। इसमें विभिन्न वर्गों की महिलाएं रक्तदान कर रही हैं। इनमें आई.टी.बी.पी. की महिला जवान, अधिकारी, डॉक्टर्स, शिक्षक, स्वच्छता नायक आदि शामिल हैं। इन सबकी भागीदारी यह दशार्ती है कि मानव सेवा के लिए इनकी गहरी भावना है। उन्होंने कहा कि यह शिविर प्रमाणित करता है कि महिलाएं केवल अपने घर-परिवार को ही संवारने का काम नहीं करती, बल्कि दूसरों के जीवन को भी बचाने का काम कर रही हैं। इस रक्तदान शिविर में महिलाएं, बेटियां रक्तदान कर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं।

### रक्तदान सिर्फ खून ही नहीं, उम्मीद व नया जीवन - आरती

**हरियाणा** की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि आज यहा पर जो रक्तदान शिविर लगाया गया है इसमें सिर्फ महिलाओं ने ही रक्तदान किया है। यह हरियाणा का ही नहीं, देश में पहली बार ऐसा रक्तदान शिविर लगाया गया है जहां पर महिलाओं ने रक्तदान किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बहुत बड़ी बात है। हरियाणा सरकार द्वारा पीसी-पीएनडीटी कार्यक्रम के अंतर्गत हर जिले में हर वर्ष श्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया जाता है। जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों के जन्म को बढ़ाना और लिंगानुपात में सुधार लाना है। श्रेष्ठ ग्राम की बेटियां जिन्होनें उस वर्ष दसवीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ स्कोर प्राप्त किया है, उन्हें पुरस्कार प्रदान किए जाते है। इसी के तहत सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बरवाला, जिला पंचकूला की तीन बेटियों को श्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि इन श्रेष्ठ बेटियों की उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित करना ये बालिकाएं केवल अपने पूरे परिवार की ही नहीं,बल्कि पूरे समुदाय के लिए नई राह दिखाने का कार्य कर रही है। यह रक्तदान शिविर रक्तदान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एक संदेश है नारी शक्ति के योगदान को सम्मान देता है हर महिला जो आज रक्तदान कर रही है वें सिर्फ खून ही नहीं उम्मीद व नया जीवन दे रही है। इस अवसर पर कालका की विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, पंचकूला मेयर सहित स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

**पंचकूला जिले के श्रेष्ठ ग्राम बरवाला की तीन सर्वाधिक प्रतिभाशाली बेटियों को किया सम्मानित**

नायब सिंह सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंचकूला जिले के श्रेष्ठ ग्राम बरवाला की तीन सर्वाधिकप्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री ने इन्हें श्रेष्ठ ग्राम की श्रेष्ठ बेटियां कहा।

उन्होंने बताया कि श्रेष्ठ ग्राम की उपाधि उस गांव को देते हैं, जिसमें लिंगानुपात श्रेष्ठ है। बरवाला गांव के निवासियों की बेटियों के प्रति अच्छी सोच के चलते बरवाला में एक हजार बेटों के पीछे 1059 बेटियां हैं। मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ ग्राम की श्रेष्ठ बेटियां, जिनमें महक को 75 हजार रुपये, आरजू को 45 हजार रुपये और लतिका भटी को 30 हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया है।

### सरकार महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम पर दे रही है विशेष ध्यान

**नायब सिंह** सैनी ने कहा कि सरकार महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम पर विशेष ध्यान दे रही हैं। गर्भवती महिलाओं में गंभीर एनीमिया के उपचार के लिए आयरन सुक्रोज इंजेक्शन नि:शुल्क दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम में हरियाणा को देश में प्रथम स्थान मिला है। गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना चलाई हुई है। इसमें उन्हें पोषाहार के लिए 5 हजार रुपये वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। अब तक 9 लाख 13 हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए मुफ्त एम्बुलेंस वैन चलाई जा रही हैं।

आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना चलाई जा रही है। इस योजना में 6 वर्ष तक के लगभग 10 लाख बच्चों तथा लगभग 3 लाख गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं को फोर्टिफाइड दूध उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा, मिशन इन्द्रधनुष अभियान के तहत कई तरह की बीमारियों से बचाव के लिए 3 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं तथा 11 लाख से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया गया है।

# सैनी ने विधिवत रूप से 37वें बसंत उत्सव का किया शुभारंभ

**उत्सव**

**इस बार पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा किया गया है बसंत उत्सव का आयोजन**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला के सेक्टर पांच स्थित टाउन पार्क में आज विधिवत रूप से 37वें बसंत उत्सव का शुभारंभ किया। इस दो दिवसीय बसंत उत्सव का आयोजन पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थितजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत दुनिया का ऐसा देश है जिसमें अनेक ऋतुओं का संगम है और हर ऋतु का अपना महत्व है। यहाँ प्रत्येक ऋतु के आगमन पर कोई ना कोई पर्व मनाया जाता है। इसी कड़ी में बसंत के आगमन पर आज यहाँ 37वें बसंत उत्सव का आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचकूला शिवालिक की तलहटी और माता मनसा देवी के चरणों में बसा आधुनिक शहर है। प्राकृतिक सुंदरता और सुव्यवस्थित विकास के लिए पंचकूला शहर जाना जाता है। यहां पर आधुनिकता और परंपरा का अंगूठा संगम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार बसंत उत्सव में प्रकृति की अनुपम छटा हर तरफ दिखाई दे रही है। यहाँ पर फूलों को देखकर लगता है कि प्रकृति खुशी से झूम रही है और बसंत उत्सव में नव ऊर्जा का संचार महसूस हो रहा है। आज का यह आयोजन सभी के जीवन में नई उमंग लेकर आया है। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने विशेषतौर पर पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी लगातार मेहनत से इस बसंत उत्सव का सफल आयोजन संभव हुआ है। नायब सिंह सैनी ने फेस्टिवल में फूलों की विभिन्न किस्मों का अवलोकन करने के साथ-साथ पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि इस फेस्टिवल में स्कूली बच्चों द्वारा पेंटिंग, फैंसी ड्रेस, रंगोली, चित्रकला, लोक नृत्य, लोक कलाकारों की प्रस्तुति सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहे नागरिकों को सम्मानित भी किया। राउंड अबाउट के रखरखाव केटेगरी में चंडीमंदिर कैंट स्थित वेस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर्स के वेलनेस सेंटर को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार, गार्डन इन स्कूल कैंपस प्राइमरी (जूनियर विंग) में सतलुज पब्लिक स्कूल सेक्टर - 2 पंचकूला और गार्डन इन स्कूल कैंपस सेकेंडरी विंग केटेगरी में सेक्टर 20 स्थित द गुरुकुल को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में नगर एवं ग्राम योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए बसंत उत्सव के आयोजन बारे जानकारी दी। पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. मकरंद पांडुरंग ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले बसंत उत्सव में पुष्प सज्जा, फेस पेंटिंग और टैटू प्रतियोगिता, एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# हरियाणा अकाली दल प्रदेश अध्यक्ष ने दिया पद से इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल। शिरोमणि** अकाली दल के प्रदेश अध्यक्ष सरदार शरणजीत सिंह सौंथा ने अपनी समस्त टीम के साथ शिरोमणि अकाली दल प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया ' शनिशार को स्थानीय नीम साहिब गुरुद्वारे में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि अकाल तख्त की कमेटी ने तीन जत्थेदार साथियों को बेवजह बर्खास्त कर दिया है ' जिससे खिन्न होकर उन्होंने अपनी टीम के साथ इस्तीफा देने का निर्णय लिया है।

# समानता थीम पर मैराथन दौड़ का आयोजन

**उत्साहपूर्वक**

**वकीलों, शहर के डॉक्टरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार। अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के उपलक्ष्य में शहर में तीन किलोमीटर की मैराथन दौड़ आयोजित की गई। लेमन ट्री होटल एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा आयोजित इस बार की इस दौड़ की थीम शक्ति और समानता रखी गई। इस दौड़ में पुरुषों के साथ विशेष रूप से हिसार बार की महिला वकीलों, शहर के डॉक्टरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के तहत शनिवार सुबह छह बजे शुरू हुई इस मैराथन दौड़ का यह आयोजन लेमन ट्री होटल, जिला बार एसोसिएशन और पॉश फिटनेस जिम के संयुक्त प्रयास से हुआ। इस मैराथन दौड़ को एएसपी राजेश मोहन, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा और एडवोकेट मोहित अरोड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट मोहित अरोड़ा ने बताया कि इस मैराथन दौड़ का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और समाज में समानता का संदेश देना है। उन्होंने कहा हिसार में महिलाओं की न्यायपालिका, चिकित्सा, मीडिया और सामाजिक कार्यों सहित विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। यह मैराथन न केवल उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने का माध्यम है बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देती है।

# लाखों के चूरापोस्त समेत तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा। पुलिस** ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए ऐलनाबाद के बेहरवाला रोड तलवाड़ा खुर्द क्षेत्र से कार सवार एक युवक को गिरफ्तार कर 120 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि पुलिस को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि एक व्यक्ति राजस्थान से भारी मात्रा में चूरापोस्त लेकर ऐलनाबाद की तरफ आ रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बेहरवाला रोड तलवाड़ा खुर्द क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक कार आई जिसे पुलिस ने रोक लिया और तलाशी ली तो उसमें चूरापोस्त भरा हुआ था।

# हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस को नए संशोधन के साथ किया सशक्त

**सतत**

**लागू हो गया है और इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों तक पहुंच को सरल और व्यापक बनाना है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़: हरियाणा विद्युत विनियामक** आयोग (ऌएफ्ळ) ने राज्य में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस विनियम, 2023 में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया है। यह संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों तक पहुंच को सरल और व्यापक बनाना है, जिससे एक अधिक सतत और कुशल विद्युत आपूर्ति प्रणाली सुनिश्चित की जा सके। संशोधन के तहत, अब 100 किलोवाट या उससे अधिक स्वीकृत भार वाले उपभोक्ता, चाहे वे एकल कनेक्शन या एक ही विद्युत प्रभाग में स्थित बहु-कनेक्शनों के माध्यम से हों, हरित ऊर्जा ओपन एक्सेस के लिए पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त, कैप्टिव उपभोक्ताओं, जो अपनी आवश्यकताओं के लिए स्वयं नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करते हैं, को अब ऊर्जा आपूर्ति पर किसी भी प्रकार की सीमा का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह संशोधन उद्योगों और व्यवसायों को हरित ऊर्जा को अपनाने में अधिक स्वतंत्रता और सुविधा प्रदान करेगा। संशोधित विनियमों में गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित कचरे से ऊर्जा संयंत्रों से उत्पादित बिजली को भी अंतर्राज्यीय पारेषण और वितरण प्रणाली से जोड़ने का प्रावधान किया गया है। यह कदम सतत कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के साथ-साथ हरियाणा के विद्युत ग्रिड में योगदान को भी सुनिश्चित करेगा। प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के लिए, अब उपभोक्ता कनेक्टिविटी और ओपन एक्सेस के लिए एक साथ आवेदन कर सकते हैं, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने की प्रक्रिया में देरी कम होगी और उद्योगों व व्यवसायों के लिए इसे अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण संशोधन उन उपभोक्ताओं के लिए है जो स्वतंत्र फीडर से नहीं जुड़े हैं। अब ऐसे उपभोक्ता भी ओपन एनर्जी मार्केट का लाभ उठा सकते हैं।

# पैसों के लेनदेन में तीन युवकों ने अपने ही साथी को मौत के घाट उतारा

**रेफर किया**

**जिसे तुरंत निजी अस्पताल में लाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर। रादौर** के गांव टोपराकलां मे पैसे के लेनदेन को लेकर हुए आपसी झगड़े मे तीन दोस्तों ने चौथे दोस्त के सिर पर ईंटों से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने परिजन के बयान के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान रमन निवासी टोपराकलां के रूप में हुई। मृतक के भाई अजय ने बताया कि रात को रमन खाना खाने के बाद घर से निकला था।

गांव के अशोक ने देखा कि सैनी धर्मशाला के सामने आंगनवाड़ी केंद्र के बाहर खुले मैदान में कोई गिरा पड़ा है। जब जाकर देखा तो रमन खून से लथपथ पड़ा था। जिसे तुरंत निजी अस्पताल में लाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया।

# अवैध खनन रोकने के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध

**अनुपालना**

**खनन विभाग के महानिदेशक के.एम.पांडुरंग के आदेशों की हो रही है अनुपालना**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में आधारभूत ढांचागत विकास कराने के साथ ही सरकारी नियमों की अनुपालना प्रभावी ढंग से सुनिश्चित हो, इस पर विशेष फोकस कर रहे हैं। सरकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करने के साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी हरियाणा सरकार विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। हरियाणा सरकार खनन विभाग के माध्यम से राज्य में खनिज संसाधनों के अंवेषण, विकास और प्रबंधन को कवर कर रही है। खनन विभाग के महानिदेशक के.एम.पांडुरंग का कहना है कि अवैध खनन को रोकने के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध है और संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के आदेश दिए गए हैं। अवैध खनन को रोकने व बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों के संचालन पर हरियाणा सरकार की पारखी नजर है और नियमों की अवहेलना करने वालों पर तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने बताया कि विभाग के महानिदेशक के.एम.पांडुरंग के आदेशानुसार व डीसी विक्रम सिंह की देखरेख में जनवरी माह से अवैध खनन को रोकने व बिना ई रवाना बिल के खनिज वाहनों के संचालन पर सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि वे स्वयं विभागीय आदेशों की अनुपालना करते हुए यमुना नदी क्षेत्र सहित जिला से निकल रहे नेशनल व स्टेट हाईवे पर खनिज वाहनों की चेकिंग कर रही हैं।

साथ ही दिन रात अवैध खनन रोकने के लिए उनकी पूरी टीम सक्रियता से जिला में मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जहां कहीं भी नियमों की अवहेलना पाई जाती है तो उनकी टीम निर्धारित नियमों की अनुपालना करते हुए कार्रवाई कर रही है।

# यमुनानगर में जनसंगठनों ने महिला दिवस पर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**मांग पत्र**

**विधानसभा में महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का भाजपा का वायदा तुरंत पूरा किया जाए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर। अं**तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू), सर्व कर्मचारी संघ, अखिल भारतीय किसान सभा ने शनिवार को हरियाणा की महिलाओं का एक संयुक्त मांगपत्र उप मंडल अधिकारी सोनूराम के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम सौंपा। इस मौके पर शनिवार को जन संगठनों के प्रतिनिधियों ने बताया कि हमारी मांगे हैं कि हरियाणा विधानसभा में महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का भाजपा का वायदा तुरंत पूरा किया जाए। सभी कार्यस्थलों और शैक्षणिक संस्थानों में महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए। महिलाओं के लिए नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए। आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील, स्क्रैच मदर ग्रुप आदि के तौर पर काम कर रही सभी महिलाओं का रोजगार पक्का किया जाए। मनरेगा का बजट बढ़ाया जाए। प्रतिदिन 600 रुपए मजदूरी व 200 दिन का काम सुनिश्चित किया जाए और घरेलू काम को भी मान्यता दी जाए। महिलाओं का भूमि व संपत्ति का अधिकार सुनिश्चित किया जाए। एमएसपी लागू करने की कानूनी गारंटी दी जाए। चारों लेबर कोड व बिजली संशोधन बिल वापस लिया जाए। परिवार पहचान पत्र कार्ड व अन्य शर्तों को हटाकर सभी जरूरतमंद परिवारों को दो रुपए प्रति किलो के हिसाब से 35 किलो अनाज हर महीने दिया जाए।

# पानीपत: चुनाव के दौरान पूरी सतर्कता बरते : धनपत सिंह

**दिशा-निर्देश**

**राज्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि किसी भी तरह से बोगस मतदान नहीं होना चाहिए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: राज्य चुनाव आयुक्त** धनपत सिंह ने शनिवार को निगम के चुनाव की तैयारी का जायजा लिया व अधिकारियों के साथ निगम पार्षद व मेयर के चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि किसी भी तरह से बोगस मतदान नहीं होना चाहिए। उन्होंने ईवीएम व चुनावी की तैयारी को लेकर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र पर प्रत्याशी का अर्जेंट हो यह सुनिश्चित करें। विकर सेक्शन के बूथ पर और चौकसी बरते। कही भी भीड़ भाड़ की स्थिति ना हो इस पर ध्यान दें। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने राज्य चुनाव आयुक्त को आश्वासन दिया कि चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से कटिबंध है । हर प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 26 वार्डों के पार्षदों व मेयर के लिए चुनाव होना है। 365 पोलिंग बूथ बनाए गए है। जो आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। हर बूथ पर बिजली ,पानी व शौचालय की विशेष व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निगम के चुनाव के लिए 40 बूथ सेंसिटिव है व 14 हाइपर सेंसेटिव है। हर बूथ पर कानून व्यवस्था की मजबूती को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है। सेंसिटिव व हाइपर सेंसिटिव बूट पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। 465 पोलिंग पार्टियों को चुनावी कीट देकर रवानगी कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निगम व पार्षद के चुनाव मे 4 लाख 11038 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 92164 महिला मतदाता व 2 लाख 18861 पुरुष मतदाता व 13 ट्रांसजेंडर मतदाता भी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 26 वार्डों में होने वाले चुनाव के लिए 365 बूथ बनाए गए हैं । 119 लोकेशन हैं। 14 बूथ पानीपत शहरी विधानसभा क्षेत्र व 12 बूथ पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। सभी बूथों पर हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराई गई है। शुद्ध जल, शौचालय व साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है।

# नारी शक्ति की मिसाल कृष्णा दीदी अपनी सूरत से भगवान की मूर्त दिखाई- विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अंतर्राष्ट्रीय महिला** दिवस पर नारी सशक्तिकरण की प्रत्यक्ष उदाहरण स्वरूप राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी जी के प्रथम पुण्यतिथि पर शांतिधाम 36-37, दयाल बाग, द्वारा खुखरैन भवन, अंबाला कैंट में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा जो परमात्मा के गुण है वह गुण आदरणीय राजयोगिनी कृष्णा दीदी जी में झलकते थे। उन्होंने कहा मुझे भी कृष्णा दीदी जी से मिलकर उनके गुणों की तेज में नहाने का मौका मिला है। मुझे ठंडी हवा का झोंका उनके सानिध्य में मिलता था। दीदी के चेहरे पर हमेशा खुशी होती थी, जिसने लोक परलोक का अर्थ जान लिया है ऐसी खुशी उसी के



चेहरे पर आ सकती है। मन को साधने वाली ऐसी महान हस्ती थी आदरणीय कृष्णा दीदी। कृष्णा दीदी जैसे ज्ञान के स्त्रोत को आज इस पुण्यदिवस पर हम याद करते हैं। दीदी नारी शक्ति की मिसाल है। मैं अपने दिल की गहराइयों से उन्हें सलाम करता हूं। उन्होंने अपनी सूरत से भगवान की मूर्त दिखाई। जिस प्रकार से चंद्रमा शांति की किरणें सारी धरती पर फैलाता है, उसी प्रकार से यह सभी ब्रह्माकुमारी बहनें भी शांति की शक्ति सब पर फैलाते हैं। संसार से सभी कुरीतियों को भगाने का काम करते हैं। सारी दुनिया को शांत बनाने के लिए यह बहनें जो प्रयास कर रहे हैं, उससे बहुत जल्द ही शांति का संसार आएगा। जिससे जन-जन का कल्याण होगा।

उन्होंने कहा जो मैं सबसे बड़ा दान समझता हूं वह है ज्ञान दान, जो ज्ञान दान यह बहनें कर रही है, सबके जीवन को मीठा बनाने के लिए। उन्होंने कहा मैंने माउंट आबू के तेज और वहां की शांति की तरंगों का भी एहसास किया है वहां की तरंगे बहुत ही सकारात्मक और शक्तिशाली है। फरीदकोट से पधारे ब्रहमाकुमारीज पंजाब जोन डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी जी एवं चंडीगढ़ से पधारे ब्रहमाकुमारीज पंजाब जोन डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उतरा दीदी जी ने अपनी शुभ प्रेरणाय देते हुए कहा अपने प्रारंभिक

दिनों में समाज तथा लौकिक परिवार से दीदी ने बहुत संघर्ष सहन किया। परमात्मा के प्रति दृढ़ निश्चय के कारण उन्होंने अपनी छोटी आयु में ही परमात्मा की बताई हुई युक्तियों को अपनाते स्वयं को बंधन मुक्त किया। जो कोई भी उनसे पहली बार मिलता उसे उनसे अपनेपन की भावना महसूस होती। मन को बहुत सुकून महसूस होता जैसे मन एकदम शांत बुद्धि स्थिर हो गई हो। उनकी सेवाओं ने कई आत्माओं को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के वारिस-गुणवत्ता वाले, अच्छे, सेवा योग्य ब्राह्मण बच्चे बनने के लिए पोषित किया है। उनके जीवन में दूसरों के लिए सिर्फ देना ही देना का भाव रहा।

# शिवा चौधरी के साथ नाच उठे, झूमकर बोले- मैं तन्नै सूं प्यारी, तू प्यारा मेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**मशहूर हरियाणवी गायिका शिवा चौधरी** ने जब गीत गाया- मैं तन्ने सूं प्यारी, तू प्यारा मेरा, उनके साथ हजारों युवा नाच उठे। मैं तेरी गिरी, तू छुआरा मेरा...की आगे की लाइनें युवाओं ने पूरी कीं। जी तो मेरा इसा करे, हाय जनू काच्चे ने खा लू तन्ने। गीत दर गीत सभी निशा चौधरी के साथ झूमते गए। नंगड़ा के ब्याह दी, सोने की तागड़, पंजे नीचे सवा लाख जैसे उत्सवी गानों ने शाम को और मधुर बना दिया। अवसर था पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में नेशनल मेस्ट्रोज उत्सव का। नौ मार्च को बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर शलमली खोलगड़े के स्टार नाइट होगी। इसके साथ ही मशहूर गायक दानिश अल्फाज भी हजारों युवाओं को अपने गीतों के साथ बांधेंगे। समारोह में पानीपत के एसडीएम ब्रह्म प्रकाश मुख्य अतिथि रहे। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि गीतों की शाम से पूर्व मेस्ट्रोज



में विभिन्न प्रतिस्पधाएं हुईं। दिल्ली यूनिवर्सिटी, आइपी यूनिवर्सिटी, डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी एवं हरियाणा के विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, डीन डॉ.बीबी शर्मा, एप्लाइड साइंड एवं ह्यूमैनिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ.विनय खत्री ने विजेताओं को सम्मानित किया। एकल गायन में जीवीएम की कृति प्रथम, पाइट की इशिका द्वितीय और नेकीराम कॉलेज के गौरव तीसरे स्थान पर रहे। युगल गायन में पाइट के गर्व और जीवीएम की वंशिका प्रथम रहीं। पोएट्री में एमडीयू से कीर्ति प्रथम, जेवीएम कॉलेज से काजल द्वितीय और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से जगमीत तीसरे स्थान पर रहे। बैटल ऑफ बैंड में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का रॉग बैंड विजेता रहा। पाइट का बैंड दूसरे स्थान पर रहा।

ग्रुप डांस में स्पर्धा टीम जीती। रामजस कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। फॉक डांस में एसडी कॉलेज के सागर और अक्षित प्रथम रहे। डीक्रस्ट मुरथल के देवेंद्र और श्रुति दूसरे स्थान पर रहे। एकल डांस में एसडी कॉलेज के सागर प्रथम, आइबी कॉलेज के अक्षित द्वितीय व पाइट की अक्षिता तीसरे स्थान पर रहीं। मोनो एक्ट में रोहतक के वैश्य कॉलेज के लक्ष्य प्रथम व ऑल इंडिया जाट कॉलेज रोहतक के सोनू दूसरे स्थान पर रहे।

# जैन गर्ल्स की एन.एस.एस युनिट के रक्तदान शिविर में 116 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। जैन गर्ल्स कॉलेज** गनौर की एन एस एस यूनिट शिविर के पाँचवें दिन गनौर फ्लाईऑवर के नीचे रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान व जैन कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने किया। शिवर में 116 ने शुभेच्छा से रक्तदान किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने शिविर के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन करने पर सराहना की। कादियान ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। रक्तदान कर हम जिन्दगी बचा सकते हैं। जब हमारे रक्त से किसी का जीवन बचता है तो हमें जो सुकून व संतुष्टि मिलती है वह अकल्पनीय है। रक्तदान के समय हमें यह अनुभूति होती है कि हम स्वयं अपने लिये नहीं वरन अन्य के



लिये भी जी रहे हैं। मनुष्य को रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता वह मनुष्य के शरीर में ही बनता है और रक्तदान कर किसी का जीवन बचाया जा सकता है। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर मनोज ने कहा कि रक्तदान शिविर में लोगों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति यह दशार्ती है कि गन्नौर के लोग भी इस पुनीत कार्य में भी पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि गन्नौर चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अधिक से अधिक रक्तदान कर लोग अकाल मृत्यु को रोकने में अपनी सहभागिता कर अनुकरणीय संदेश दे रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों, युवाओं अन्य प्रबुद्धजनों का रक्तदान जैसे पुनीत कार्य करने के लिये धन्यवाद दिया। एनएसएस इंचार्ज डॉ रेनु शर्मा ने बताया कि 50 छात्राओं का कैम्प गढ़ीकलां गाँव में लगा हुआ है जिसका आरंभ 4 मार्च से हुआ था। छात्रायें

# विकास के हर क्षेत्र में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान: डा. दीक्षा सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: सतयुग दर्शन** चैरिटेबल डिस्पेंसरी शीला नगर में महिला चिकित्सकों एवं स्टॉफ सदस्यों ने केक काटकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मनाया। दंत चिकित्सक डा. दीक्षा सैनी ने कहा कि वर्तमान में विकास के हर क्षेत्र में महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही हैं। सबसे अहम आत्म विश्वास है, जिसके लिए उन्होंने महिलाओं को उनमें आत्मविश्वास बनाए रखने को कहा। कहा कि महिलाओं का जीवन कठिन व चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने सभी महिलाओं से एक-दूसरे का हाथ थामने व साथ देने का प्रण लेने को कहा। इस अवसर पर डा. खुशबू, डा. काजल, सुमन, स्वीटी, निशा, अंजू, भावना व काजल मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर से नीचे लटकते तार व फ्यूज दे रहे हादसों को न्यौता




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** नगरपालिका रोड स्थित तारा मैरेज हाल के कोने पर लगे ट्रांसफार्मर से लटकते तार हादसे को न्यौता दे रही हैं। बिजली निगम के अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम के अधिकारी शायद किसी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। श्रीराम मार्केट के प्रधान संदीप सिंघल ने बताया कि सड़क किनारे कोने पर लगे ट्रांसफार्मर बिजली की तारों से चिंगारी निकलती रहती हैं, जबकि फ्यूज भी काफी नीचे लगे हैं जो दुर्घटना की आशंका को जन्म दे रही है। ट्रांसफार्मर के पास से प्रतिदिन काफी संख्या में लोग गुजरते हैं। जिस कारण से दुर्घटना का डर बना रहता है। मैरेज हाल में भी शादी समारोह में आने वाले लोगों को डर के साथ गुजरना पड़ता है। चिंगारी निकलने से वहां से गुजरने वाले जानवरों के लिए भी खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम मार्केट के सभी दुकानदार सोमवार को बिजली निगम के एसडीओ को इस संबंध में शिकायत भी देंगे, ताकि जल्द से जल्द तारों व फ्यूज को ऊंचे स्थान पर शिफ्ट करवाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा जिन्दा मेला 11 व 12 अप्रैल को, तैयारी में जुटी मेला प्रबंधक कमेटी



**गन्नौर । श्री श्री** 108 मठ जिन्दा बाबा मोई माजरी में बाबा जिन्दा मेला 11 व 12 अप्रैल चैत्र शुद्धी चोद्श शुक्रवार को लगेगा मेले की तैयारी को लेकर बाबा जिन्दा नाथ मठ के मठाधीष महन्त बाबा बालक नाथ ने बताया कि मेले में भीड़ को देखते हुए मेला प्रबंधक कमेटी द्वारा अभी से तैयारी शुरू कर दी है । मेले में हरियाणा के अलावा विभिन्न प्रदेशों के श्रद्धालु पहुंचकर माता टेक मन्नत मांगेंगे । पशुओं को बढ़ने के लिए धागे बनाने व अन्य व्यवस्था को लेकर रूपरेखा तैयार की गई है ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो ।

### आमलकी एकादशी व्रत 10 को, ब्रह्म मुहूर्त के शोभन योग में विष्णु जी की पूजा करना शुभ : ज्योतिषाचार्य दीपक शास्त्री

**गन्नौर । भगवान विष्णु** व मां महालक्ष्मी जी को अतिप्रिय आमलिका एकादशी 10 मार्च (सोमवार) को है। सनातन धर्म में एकादशी व्रत को जीवन के पापों से छुटकारा पाने के लिए शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विधान है। धार्मिक मान्यता है कि लक्ष्मी चालीसा का पाठ करने से आर्थिक तंगी दूर होती है और मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित दीपक शास्त्री ने बताया कि फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को आमलकी एकादशी या आंवला एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और आंवले का भोग अर्पित किया जाता है। इस वर्ष आमलकी एकादशी पर 3 शुभ योग बन रहे हैं और 68 मिनट की भद्रा भी लगेगी। उन्होंने बताया कि फाल्गुन शुक्ल एकादशी तिथि का आरंभ 9 मार्च को सुबह 7:45 बजे होगा और इसका समापन 10 मार्च को सुबह 7:44 बजे होगा।

### उप सिविल सर्जन ने उपमंडल नागरिक अस्पताल गन्नौर का किया निरीक्षण

गन्नौर। उप सिविल सर्जन, परिवार कल्याण व मलेरिया डा. आशा सहरावत ने शनिवार को उपमंडल नागरिक अस्पताल गन्नौर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रसूति विभाग में गर्भवती महिलाओं को प्रसव के तुरंत बाद कापर टी लगाने की काउंसलिंग नहीं करवाई जा रही थी। इस पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



अस्पताल में कार्यरत स्टाफ नर्सों की ट्रेनिंग में कमी पाई गई, जिसके लिए उन्हें जल्द से जल्द प्रशिक्षण लेने के आदेश दिए। उन्होंने पाया कि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक अस्पताल में कुल 726 डिलीवरी हुईं, लेकिन केवल 90 महिलाओं को गर्भनिरोधक उपकरण लगाया गया, जो असंतोषजनक पाया गया। उन्होंने इसे बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, अस्पताल में सेल्फ केयर किट और फैमिली प्लानिंग कार्नर बनाने के भी निर्देश दिए। डा. सहरावत ने परिवार कल्याण से संबंधित सामग्री की उपलब्धता का भी निरीक्षण किया और उनकी समय पर डिमांड सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान डेंगू और मलेरिया की रोकथाम को लेकर एमपीएचडब्लू को निर्देश दिया गया कि वे अपने कार्यों की अलग-अलग रिपोर्ट तैयार करें और आशा वर्कर्स को घर-घर जाकर लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित करें।

# 17 से होगी बाल वाटिका से 8वीं तक के स्कूलों में पढ़ने वालों की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। बाल वाटिका से** आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों की परीक्षाओं के लिए डेटशीट जारी कर दी है। हरियाणा शिक्षा निदेशालय के आदेश के बाद खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी स्कूलों में परीक्षा को लेकर तैयारी के आदेश दे दिए हैं । इसके बाद शिक्षकों ने सिलेबस को रिवाइज करवाना शुरू कर दिया है ।।बाल वाटिका से 5वीं कक्षा के छात्रों की परीक्षा 17 मार्च को शुरू होकर 22 मार्च तक चलेंगी। इसके साथ ही कक्षा छठी से आठवीं तक की परीक्षाएं 10 मार्च से शुरू हो रही हैं और 24 मार्च तक चलेंगी। खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि बाल वाटिका से 5वीं कक्षा की परीक्षाएं लगातार होनी हैं। साथ ही छठी से आठवीं कक्षा की परीक्षाओं के बीच एक से 3 दिन तक की छुट्टियां दी गई हैं। परीक्षाओं को लेकर शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी किया है। निर्देश दिए हैं कि वे वार्षिक परीक्षाओं को लेकर स्कूल स्तर पर तैयारियां पूरी कर लें। समय से सभी प्रबंध किए जाएं, ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्वक कराई जा सकें। इन मूल्यांकन परीक्षाओं का पूरा रिकॉर्ड भी बनाए रखना होगा। 17 मार्च को बाल वाटिका के विद्यार्थियों की इंग्लिश ओरल, पहली कक्षा इंग्लिश, दूसरी कक्षामैथ, तीसरी कक्षा मैथ, चौथी इंग्लिश, पांचवीं के विद्यार्थियों का मैथ का पेपर होगा। 18 मार्च को बालवाटिका छुट्टी, पहली कक्षा मैथ, दूसरी हिंदी, तीसरी इंग्लिश, चौथी मैथ, पांचवीं इंग्लिश, 19 मार्च को बाल वाटिका हिंदी ओरल, पहली कक्षा छुट्टी, दूसरी हिंदी ओरल, तीसरी हिंदी, चौथी की छुट्टी, 5वीं की हिंदी, 20 मार्च बाल वाटिका छुट्टी, पहली की छुट्टी, दूसरी हिंदी ओरल, तीसरी हिंदी ओरल, चौथी ईवीएस, पांचवीं की छुट्टी रहेगी।

# युवा महोत्सव में आर्य पीजी कॉलेज ने मचाई धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**आर्य पीजी कॉलेज के होनहार कलाकारों ने ऑल इंडिया इंटर**-यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में धूम मचा दी है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में 3 से 7 मार्च को आयोजित युवा महोत्सव में आर्य पीजी कॉलेज विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए हरियाणवी फॉक ऑर्केस्ट्रा, स्किट व मिमिक्री में प्रथम स्थान, हरियाणवी समूह नृत्य व वन-ऐक्ट प्ले में दूसरा स्थान व थिएटर में भी ओवरऑल दूसरा स्थान हासिल किया इसके साथ ही महाविद्यालय की टीम ने सांस्कृतिक प्रोशेसन में दूसरा स्थान हासिल किया। ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में देश भर से लगभग 130 विश्वविद्यालयों ने हिस्सा लिया जिसमे की आर्य पीजी कॉलेज ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए ओवरऑल




तीसरा स्थान हासिल कर एक नया खिताब हासिल किया। शनिवार को सुबह महाविद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर विजेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने टीम के साथ गए सभी प्राध्यापकों, निर्देशकों व प्रतिभागियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया और जीत की बधाई भी दी। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर और कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य समेत सभी पदाधिकारियों ने प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को जीत की बधाई दी। डॉ. जगदीश गुप्ता ने इस जीत का श्रेय महाविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निर्देशक डॉ. रामनिवास, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इंचार्ज मीनाक्षी चौधरी, डॉ. विजय सिंह, नीलू खालसा व सभी स्टाफ सदस्यों के कुशल मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दिया। प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेलकूद के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। इन सफलताओं का श्रेय प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के कुशल नेतृत्व व स्टाफ सदस्यों की कड़ी मेहनत को जाता है। महाविद्यालय प्रबंधक समिति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है।

प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि आर्य पीजी कॉलेज की टीम ने एसडी कॉलेज पानीपत में जोनल यूथ फेस्टिवल में ओवरऑल ट्रॉफी हासिल करने के बाद इंटर-जोनल में भी ओवरऑल ट्रॉफी जीती और अब ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भी जीत का परचम लहराया। उन्होनें यह भी बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की टीम के 32 विद्यार्थियों में से 28 विद्यार्थी आर्य पीजी कॉलेज के थे और साथ ही राष्ट्रीय युवा महोत्सव में देश भर से लगभग 130 विश्वविद्यालयों ने हिस्सा लिया जिसमे की कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने ओवरऑल तीसरे स्थान पर रह कर एक नया खिताब हासिल किया।

# लोक अदालत में निपटाए 8034 मामले, मुआवजा देने के आदेश पारित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला कोर्ट** परिसर में पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी की अध्यक्षता में किया गया। इस लोक अदालत में रखे गए 9229 मामलों में से 8034 मामलों का मौके पर निपटारा किया गया। इन मामलों में 9 करोड़ 71 लाख 41 हजार 188 रूपए के मुआवजा देने के आदेश पारित किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी की अध्यक्षता में



पहली लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निपटारा करने के उद्देश्य से प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, हरलीन ए.शर्मा,अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जतिन गर्ग, न्यायाधीश डॉ. मोहिनी, न्यायाधीश सरवप्रीत कौर,न्यायाधीश गिर्राज सिंह, न्यायाधीश रजत वर्मा, न्यायाधीश भरत, एलडी. अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएं),प्रवीण गुप्ता की अध्यक्षता में बेंच का गठन किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 8034 मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि इन बैंचों के पास प्री-लिटिगेशन के 169 मामलों में से 113 का निपटारा किया गया और इन केसों में 33 लाख 69 हजार 177 रुपए की सेटेलाइट के आदेश पारित हुए। अदालतों में लंबित मामलों में 9060 मामलों में से 7921 मामलों का निपटारा मौके पर किया गया। इन मामलों में 9 करोड़ 37 लाख 72 हजार 011 रुपए की राशि की सैटेलमेंट के आदेश पारित हुए। इस लोक अदालत में कुल 9229 मामलों में से 8034 मामलों का निपटारा किया गया। इन मामलों में 9 करोड़ 71 लाख 41 हजार 188 रुपए की राशि की सेटलमेंट करने के आदेश पारित हुए।

# राष्ट्रीय महिला दिवस पर 151 महिलाओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। जीटी रोड स्थित** प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. ज्योतिराज और विशिष्ट अतिथि डा. प्रियंका सिंह, मोनिका ठकराल तथा दिल्ली यूनिवर्सिटी की टापर डा. वैशाली ने शिरकत की। इस अवसर पर 151 प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित किया गया। प्रोफेसर ज्योतिराज ने महिलाओं को हर परिस्थिति में सशक्त बने रहने की प्रेरणा दी। डा. वैशाली ने महिला सशक्तिकरण पर विचार रखे। स्कूल निदेशक अमित बत्रा ने



कहा कि महिलाओं का योगदान समाज की प्रगति के लिए अनिवार्य है।

प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल निदेशिका डा. सुनीरा जैन, रुचिका बत्रा, उप प्रधानाचार्या दीपमाला, अजय जैन व स्कूल ट्रस्टी कृतिका जैन भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# जनसंख्या के बोझ तले दबे संसाधन

**भारत की** वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से लगभग बराबर हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्त्रोत उपलब्ध हैं।

# मोटापे को निमंत्रण देती बदलती जीवनशैली

-डॉ सत्यवान सौरभ

> "पैकेज्ड सामानों पर स्पष्ट खाद्य लेबलिंग भी उपभोक्ताओं को सूचित आहार सम्बंधी निर्णय लेने में मदद करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। उच्च चीनी और उच्च वसा वाले खाद्य पदार्थों पर चिली के फ्रंट-ऑफ-पैक चेतावनी लेबल ने बच्चों के बीच जंक फूड की खपत को सफलतापूर्वक कम किया है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और कम चीनी सेवन को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रीय अभियान उपभोक्ता व्यवहार को बदलने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। फिट इंडिया मूवमेंट और ईट राइट इंडिया अभियान जैसी पहलों का उद्देश्य आबादी के बीच स्वस्थ जीवनशैली विकल्पों को बढ़ावा देना है। एक स्वस्थ राष्ट्र वास्तव में एक समृद्ध राष्ट्र होता है। मोटापे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, हमें एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों को मजबूत करे, पौष्टिक भोजन को प्रोत्साहित करे"

**अस्वास्थ्यकर** खाने की आदतें, अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, परिष्कृत शर्करा और चिकना फास्ट फूड का बढ़ता सेवन मोटापे की बढ़ती दरों का एक प्रमुख कारक है। भारतीय शहरों में फास्ट-फूड के चलन ने विशेष रूप से शहरी मध्यम वर्ग की आबादी को प्रभावित किया है, जिसके परिणामस्वरूप मोटापे के स्तर में वृद्धि हुई है। प्रोटीन, डेयरी और फलों की उच्च कीमतों के कारण कई कम आय वाले परिवार चावल और गेहूँ जैसे सस्ते, उच्च कार्बोहाइड्रेट वाले आहार की ओर रुख करते हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) मुख्य रूप से मुख्य अनाज की आपूर्ति करती है, जिसमें संतुलित आहार के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों की कमी होती है। डिजिटल मनोरंजन और लंबे समय तक काम करने के साथ-साथ बैठे-बैठे ऑफिस की नौकरी, शारीरिक गतिविधि के लिए बहुत कम समय देती है, जिससे वजन बढ़ता है। भारत में मोटापे में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, रिपोर्ट में बताया गया है कि 24% पुरुष और 25% महिलाएँ अब अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। चिंताजनक रूप से, पिछले एक दशक में 5-9 वर्ष की आयु के बच्चों में मोटापा दोगुना हो गया है। शहरीकरण, आहार में बदलाव, गतिहीन आदतें और पर्यावरणीय प्रभाव जैसे कारक इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं। इस मुद्दे से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त महिलाओं का प्रतिशत 20.6% से बढ़कर 24% हो गया, जबकि पुरुषों के लिए यह 18.9% से बढ़कर 22.9% हो गया है। इसके अलावा, 5 साल से कम उम्र के बच्चों में मोटापे की दर 2.1% से बढ़कर 3.4% हो गई है और बड़े बच्चों में यह रुझान और भी खराब है। वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2022 का अनुमान है कि 2030 तक 5-9 वर्ष की आयु के 10.81% बच्चे और 10-19 वर्ष की आयु के 6.23% बच्चे मोटे होंगे। द लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया के एक अध्ययन से पता चलता है कि भारत में लगभग 40% महिलाएँ और 12% पुरुष उदर मोटापे से पीड़ित हैं। आनुवंशिक कारक उदर क्षेत्र में वसा जमा होने की प्रवृत्ति में योगदान करते हैं, जिससे चयापचय सम्बंधी विकारों का खतरा बढ़ जाता है। जबकि मोटापा मुख्य रूप से शहरी समस्या है, लेकिन जीवनशैली में बदलाव और आहार सम्बंधी आदतों के कारण यह ग्रामीण आबादी को तेजी से प्रभावित कर रहा है। वर्तमान में, भारत में 60% मौतें गैर-संचारी रोगों के कारण होती हैं, जो मोटापे और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण और भी गंभीर हो जाती हैं। अस्वास्थ्यकर खाने की आदतें, अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, परिष्कृत शर्करा और चिकना फास्ट फूड का बढ़ता सेवन मोटापे की बढ़ती दरों का एक प्रमुख कारक है। भारतीय शहरों में फास्ट-फूड के चलन ने विशेष रूप से शहरी मध्यम वर्ग की आबादी को प्रभावित किया है, जिसके परिणामस्वरूप मोटापे के स्तर में वृद्धि हुई है। प्रोटीन, डेयरी और फलों की उच्च कीमतों के कारण कई कम आय वाले परिवार चावल और गेहूँ जैसे सस्ते, उच्च कार्बोहाइड्रेट वाले आहार की ओर रुख करते हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) मुख्य रूप से मुख्य अनाज की आपूर्ति करती है, जिसमें संतुलित आहार के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों की कमी होती है। डिजिटल मनोरंजन और लंबे समय तक काम करने के साथ-साथ बैठे-बैठे ऑफिस की नौकरी, शारीरिक गतिविधि के लिए बहुत कम समय देती है, जिससे वजन बढ़ता है। लैंसेट ग्लोबल हेल्थ के एक अध्ययन के अनुसार, 50% भारतीय पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं करते हैं, जो मोटापे की महामारी का एक महत्त्वपूर्ण कारक है। पोषण और व्यायाम के बारे में जागरूकता की कमी के कारण जीवनशैली के गलत विकल्प चुने जाते हैं, खास तौर पर निम्न आय वर्ग और ग्रामीण क्षेत्रों में।



कई भारतीय परिवार गलती से अधिक वजन को अच्छे स्वास्थ्य का संकेत मान लेते हैं, जिससे मोटापे के लिए आवश्यक हस्तक्षेप में देरी होती है। खास तौर पर बच्चों के बीच प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, शर्करा युक्त पेय पदार्थों और फास्ट फूड का आक्रामक विपणन आहार विकल्पों को बहुत प्रभावित करता है। सोशल मीडिया प्रचार और सेलिब्रिटी समर्थन युवाओं में जंक फूड की खपत को और बढ़ावा देते हैं। शहरी क्षेत्रों के विस्तार के साथ-साथ डिजिटल मनोरंजन और दूर से काम करने के प्रचलन ने समग्र शारीरिक गतिविधि के स्तर को कम कर दिया है। यातायात की भीड़ और प्रदूषण बाहरी व्यायाम को रोकते हैं, जिससे गतिहीन इनडोर गतिविधियों पर अधिक निर्भरता होती है। पार्क, खेल के मैदान और पैदल चलने वालों के अनुकूल क्षेत्रों की कमी से पैदल चलना और साइकिल चलाना जैसी शारीरिक गतिविधियों में शामिल होना मुश्किल हो जाता है। खराब शहरी नियोजन और साइकिल चलाने के बुनियादी ढांचे की कमी सक्रिय आवागमन को जटिल बनाती है, जिससे मोटापे की दर बढ़ती है। इसके अतिरिक्त, प्रदूषण से सम्बंधित सूजन चयापचय सम्बंधी विकारों के जोखिम को बढ़ाती है, जिससे वजन बढ़ सकता है। शोध से पता चला है कि भारतीय शहरों में उच्च प्रदूषण स्तर और आंत की चर्बी के संचय और मोटापे में वृद्धि के बीच सम्बंध है। फास्ट-फूड श्रृंखलाओं और प्रसंस्कृत खाद्य बाजारों के अनियंत्रित विस्तार के कारण, विशेष रूप से शहरी केंद्रों में, ताजे उत्पादों की तुलना में अस्वास्थ्यकर विकल्प अधिक सुलभ हो गए हैं।

मोटापे को दूर करना एक तत्काल प्राथमिकता है। हमें स्वस्थ भोजन विकल्पों के लिए सब्सिडी प्रदान करते हुए शर्करा युक्त पेय पदार्थों और अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर उच्च कर लागू करने पर विचार करना चाहिए। उदाहरण के लिए, मेक्सिको के चीनी कर के परिणामस्वरूप शीतल पेय की खपत में 12% की कमी आई, जो मोटापे से निपटने में इसकी प्रभावशीलता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, स्कूलों और कार्यस्थलों में अनिवार्य शारीरिक शिक्षा और पोषण शिक्षा कार्यक्रम शुरू करना आवश्यक है। जापान की 'शोकुइकु' पहल ने संतुलित आहार पर जोर देकर बचपन के मोटापे की दर को सफलतापूर्वक कम किया है। पैदल यात्री-अनुकूल सड़कें, साइकिल पथ और सुरक्षित सार्वजनिक पार्क बनाना दैनिक शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित कर सकता है। नीदरलैंड के शहरी साइकिल चालन दृष्टिकोण ने सक्रिय आवागमन के माध्यम से मोटापे की दर में कमी दिखाई है।

पैकेज्ड सामानों पर स्पष्ट खाद्य लेबलिंग भी उपभोक्ताओं को सूचित आहार सम्बंधी निर्णय लेने में मदद करने के लिए महत्त्वपूर्ण है। उच्च चीनी और उच्च वसा वाले खाद्य पदार्थों पर चिली के फ्रंट-ऑफ-पैक चेतावनी लेबल ने बच्चों के बीच जंक फूड की खपत को सफलतापूर्वक कम किया है।

संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और कम चीनी सेवन को बढ़ावा देने वाले राष्ट्रीय अभियान उपभोक्ता व्यवहार को बदलने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। फिट इंडिया मूवमेंट और ईट राइट इंडिया अभियान जैसी पहलों का उद्देश्य आबादी के बीच स्वस्थ जीवनशैली विकल्पों को बढ़ावा देना है।

एक स्वस्थ राष्ट्र वास्तव में एक समृद्ध राष्ट्र होता है। मोटापे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, हमें एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों को मजबूत करे, पौष्टिक भोजन को प्रोत्साहित करे, शारीरिक शिक्षा को एकीकृत करे और सुनिश्चित करे कि शहरी नियोजन सक्रिय जीवन का समर्थन करे। पोषण अभियान और ईट राइट इंडिया जैसी पहलों को समुदाय-संचालित, प्रौद्योगिकी-सक्षम समाधानों के साथ विस्तारित करने से स्थायी परिवर्तन होगा।

## कविता

### तुझमें सब दिखता है।

तुझमें सब दिखता है
क्या अजीब रिश्ता है
मां बहन मामी मौसी
जैसे तमाम उपमानों से
तुम सुशोभित होती हो
सुंदर मन सुंदर काया
तुमसे जीवन की अभिलाषा
तुम ममता की खान हो
तुमसे जीवन महान हो
त्याग तपस्या बलिदान
तुम सब अर्पण करती हो
नारी तुम ईश्वर की
प्रतिमूर्ति हो
मान करूं सम्मान करूं
सदा तेरा गुणगान करूं।

मनोज कौशल.

## नाचते महाराज और किराये पर उठते किले

राकेश अचल

**ये खबर** आपके लिए रोचक भी हो सकती है और तकलीफदेह भी ,लेकिन है ये आपसे बाबस्ता। आपके शहर में यदि कोई छोटा-बड़ा किला है तो आप खुशनसीब हैं ,क्योंकि आपके पास कोई न कोई छोटा-बड़ा इतिहास है। विरासत है। लेकिन यदि आपकी विरासत से जुड़े किलेदार या खुद को महाराज कहने वाले लोग शादियों में ठुमके लगते दिखाई दे तो समझ जाइये कि देश में लोकशाही आ गयी है ,और यदि आपके शहर में कोई किला किराये पर उठाया जाने लगे तो समझ लीजिये कि आपके सोबे का दीवाला पिटने वाला है या पिट चुका है। भारत किलों का देश है। किले का लघु संस्करण गढ़ी होतीं है। भारत में कुल कितने किले हैं ,मै नहीं जानता। लेकिन मुझे पता है कि आज के जमाने में भले ही आप ' ट्रम्प टावर ' बना लें लेकिन कोई नया किला नहीं बना सकते ,क्योंकि किले बनाने की न तकनीक रही और न किले बनाने वाले। अब जमाना बदल गया है ,जो देश अपने किलों की देखरेख विरासत समझकर नहीं कर पाते वे या तो किलों को अनाथ छोड़ देते हैं या फिर उन्हें किराये पर उठा देते हैं। भारत में किलों का रखरखाव सफेद हाथी पालने जैसा है लेकिन बहुत से पुराने राजे-महाराजे ऐसे हैं जो अपने किलों को बचाये हुए हैं भले ही वे अब न राजा है न महाराजा और न किलेदार।ज्यादातर किले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सम्पत्ति है। बाकी किले राज्यों के पुरातत्व या संस्कृति विभाग की सम्पत्ति है। ज्यादातर किले अपनी दुर्दशा पर रो रहे हैं लेकिन जो नहीं रो रहे और आज भी समय के साथ संघर्ष कर रहे हैं उन्हें हमारी सरकारों ने अब किराये पर उठाना शुरू कर दिया है। सबसे पहले देश की राजधानी दिल्ली का लाल किला डालमियां को किराये पर दिया गया और अब मध्यप्रदेश का सबसे दुर्गम और अजेय माने जाना वाला ग्वालियर का किला इंडिगो एयरलाइंस को किराये पर देने की तैयारी चल रही है। हालाँकि अभी ग्वालियर किले का एक हिस्सा ही किराये पर दिया जा रहा है। दुनिया में जिन देशों के पास भारत जैसे विशाल किले नहीं हैं वे अपने छोटे-छोटे किलों की देखरेख भी ऐसे करते हैं जैसे कोई अपने परिवार के बच्चे या बुजुर्ग की करता है।

मैंने दुनिया के अनेक देशों में किले देखे हैं। यूएई में एक किला है फुजौरा का किला। आप उसे देख कर हंस पड़ेंगे क्योंकि वो किला हमारे यहां की किसी भी गढ़ी से भीछोटा है लेकिन यूएई की सरकार और जनता उस किले पर गर्व करती है। अमेरिका में छोटे-छोटे समुद्री किले हैं। जो गुजरे जमाने में सुरक्षा की दृष्टि से बनाये गए थे ,लेकिन उन्हें ऐसे बचाकर और संवारकर रखा गया है जैसे वे कल ही बने हों। अमेरिका वाले अपने किलों से हर दिन डालर छापते हैं। लेकिन हमारे यहां अपवादों को छोड़ किले दुर्दशा के शिकार हो रहे हैं और लोगों ने किला परिसरों को या तो झुग्गियों में बदल दिया है या उन्हें सार्वजनिक शौचालय में तब्दील कर दिया है।

## विचार

# अपनी मंज़िल के लिए अपनी राहें चुनती महिलाएँ

-प्रियंका सौरभ

**आज, लड़कियाँ** उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धियाँ हासिल कर रही हैं, 50% से अधिक युवतियाँ कक्षा 12 तक की पढ़ाई पूरी कर रही हैं और 26% कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। युवा महिलाएँ विभिन्न प्रकार के करियर विकल्पों और डिजिटल कौशल प्लेटफॉर्म की उपलब्धता से प्रेरित होकर पेशेवर योग्यता पर अधिक जोर दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) फॉर गर्ल्स इंडिया जैसी पहलों ने तकनीकी विषयों में युवा महिलाओं की भागीदारी को काफी हद तक बढ़ा दिया है। आज महिलाओं को पहले की तुलना में कहीं ज्यादा आजादी मिली हुई है। सामाजिक बंधनों से मुक्त होकर वे अपने भविष्य की ज़िम्मेदारी खुद उठा रही हैं। कई तरह के संघर्षों और चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, महिलाएँ उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रही हैं। पिछले दस वर्षों में, युवा भारतीय महिलाओं के लक्ष्यों और महत्त्वाकांक्षाओं में उल्लेखनीय बदलाव आया है, जो उनकी बढ़ती स्वतंत्रता, शैक्षिक उपलब्धियों और कार्यबल में भागीदारी को दर्शाता है। यह बदलाव भारत के सामाजिक ताने-बाने को महत्त्वपूर्ण रूप से बदल रहा है।

आज, लड़कियाँ उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कों के बराबर शैक्षिक स्तर प्राप्त कर रही हैं, जिसमें 50% से अधिक कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26% ने कॉलेज की डिग्री हासिल की है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण उच्च शिक्षा में महिलाओं के नामांकन की बढ़ती प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3% तक बढ़ गया है। युवा महिलाएँ अब अपने पेशेवर लक्ष्यों पर अधिक जोर दे रही हैं, जो विभिन्न कैरियर अवसरों और डिजिटल कौशल प्रशिक्षण तक पहुँच से प्रेरित है। स्किल इंडिया मिशन और एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) फॉर गर्ल्स इंडिया जैसी पहलों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है। विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें कई युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुन रही हैं। एक रिपोर्ट बताती है कि अब 52% महिलाओं को अपने साथी चुनने का अधिकार है, जो 2012 में 42% से अधिक है। कई महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता भी प्राप्त कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, जो महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए सरकारी पहलों द्वारा समर्थित है। उदाहरण के लिए, नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10, 000 से अधिक महिला उद्यमियों का एक नेटवर्क बनाया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में अधिक भागीदारी के साथ, राजनीति में अधिक सक्रिय हो रही हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूहों की सदस्यता 2012 में 10% से बढ़कर 2022 में 18% होने की उम्मीद है। ये उभरती हुई आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक मानदंडों और संरचनाओं को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ कार्यबल में प्रवेश कर रही हैं, घरों में पारंपरिक लिंग भूमिकाएँ बदल रही हैं। मनरेगा कार्यक्रम पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन सुनिश्चित करता है, जो ग्रामीण परिवार की गतिशीलता को प्रभावित करता है। शिक्षा और आय में वृद्धि के साथ, युवा महिलाएँ अपने परिवारों के भीतर वित्तीय और सामाजिक निर्णयों पर अधिक प्रभाव प्राप्त कर रही हैं। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को घरेलू वित्त का सामूहिक रूप से प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा, दूरदर्शिता, जीवंतता और चुनौतियों पर विजय पाने की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। जैसा कि भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने खूबसूरती से व्यक्त किया है, महिलाएँ सिर्फ. घर की रोशनी ही नहीं हैं, बल्कि उस रोशनी को जलाने वाली लौ भी हैं। पूरे इतिहास में, महिलाओं ने मानवता को प्रेरित किया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# दिल के दरिंदों की दास्तान

डॉ. सुरेश कुमार

**इस अद्भुत कथा** की शुरूआत एक ऐसे शहर से होती है, जहाँ हकीकत और फसाना मिलकर एक रंगीन तमाशा रचते हैं। यहाँ के लोग खुद को हीरो समझते हैं, पर असल में वे उसी कथानक के किरदार हैं जिन्हें वक्त ने बेकार समझा है। क्या बात है, ये ज़िंदगी!—कहते हैं हर मोड़ पर जैसे कोई फिल्मी संवाद, पंच लाइनों की गड़गड़ाहट में। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, दर्शक हँसते-हँसते आँसू भी बहा लेते हैं। यहाँ पर हर व्यक्ति अपनी विडंबनापूर्ण दुर्दशा में उलझा हुआ है, जो नयी पीढ़ी के लिए एक मार्मिक दस्तूर बन गई है। समाज के इन अनदेखे पहलुओं पर कटाक्ष करना मानो हर एक सांस के साथ एक नई पंचलाइन लिखना हो। लोगों के सपनों में अब ठोकरें और फुसफुसाहटें गूँजती हैं, जहाँ हंसी के साथ दर्द का भी मेला लगता है। अब कौन बनेगा राजा?—इस तरह के संवाद सुनकर लगता है कि हर एक लम्हा हंसी और आंसुओं का संगम है, एक ऐसी साजिश जो खुद वक्त ने लिखी है। इस साजिश में नायक भी, खलनायक भी, सब एक ही चेहरे के दो पहलू प्रतीत होते हैं, और उनकी विडंबना में छिपा कटाक्ष हर दिल को छू जाता है। वक्त के उस कठोर पंच लाइन की तरह जो बिना बिन बोले सब कुछ कह जाती है, इस कथा में भी हर घटना में एक नया मोड़ है, हर वातार्लाप में एक नई सच्चाई। मंच पर जैसे रंगमंचीय नाटकों के दृश्य जीवंत हो उठते हैं, वैसे ही इस कहानी के हर मोड़ पर जीवन के स्याह और रोशन पहलुओं की झलक मिलती है। हर बात का सूक्ष्म वर्णन, हर हंसी के पीछे छुपे दर्द का भव्य चित्रण, इस कहानी को एक ऐसा व्यंग्य बना देता है जो दिल पर गहरा आघात करता है और सोचने पर मजबूर कर देता है। पंच लाइनों की बौछार में यह कथा अपने पाठकों को मार्मिक व्यंग्य की दुनिया में ले जाती है, जहाँ फिल्मी संवादों का तड़का और वास्तविकता का तीखा कटाक्ष हर शब्द में समाया होता है। यहां पर समाज के उन अदृश्य दिवारों का चित्रण किया गया है, जिन्हें हर कोई बनाना चाहता है पर उनकी असलियत से अनजान रहता है। जैसे ही पर्दा उठता है, सामने आते हैं वे हास्य-व्यंग्य के नायाब संवाद, जो दिल की गहराइयों में छिपे दर्द को उभारने का काम करते हैं।

## स्त्री सशक्तिकरण का दुरुपयोग करती महिलाएं

मनोज कौशल

**यत्र नारयस्तु पूज्यं**ते रमंते तत्र देवता यानि जहां पर स्त्रियों की पूजा होती, वहां देवता निवास करते हैं। परिवार और समाज के प्रगति में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्त्री सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं को समान अधिकार, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता प्रदान करना था, जिससे वे समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। यह एक सकारात्मक बदलाव था, जिसने महिलाओं को नई ऊँचाइयाँ छूने में मदद की। लेकिन हर अच्छे पहलू के कुछ नकारात्मक पहलू भी होते हैं। कुछ महिलाएं अपने स्त्री होने का दुरुपयोग कर समाज, कानून और व्यक्तिगत लाभ के लिए इसका गलत इस्तेमाल करने लगी हैं।

**स्त्री सशक्तिकरण का दुरुपयोग कैसे हो रहा है ?**

बेवजह उत्पीड़न के आरोप झ कुछ महिलाएं व्यक्तिगत बदले या आर्थिक लाभ के लिए झूठे उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या कार्यस्थल पर शोषण के आरोप लगाती हैं, जिससे निर्दोष पुरुषों का जीवन बर्बाद हो सकता है।दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों का दुरुपयोग झ भारतीय कानूनों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए दहेज निषेध कानून और घरेलू हिंसा कानूनों का कुछ महिलाएं गलत फायदा उठाकर निर्दोष परिवारों को कानूनी संकट में डाल देती हैं। कार्यस्थल पर विशेषाधिकारों का गलत फायदा कई बार महिलाएं महिला कार्ड खेलकर अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करती हैं, जैसे कम मेहनत में ज्यादा अधिकार की मांग, गलत व्यवहार के बावजूद कोई कार्यवाही न होने की अपेक्षा आदि। फर्जी बलात्कार के आरोपझ कुछ मामलों में बदले की भावना से या ब्लैकमेलिंग के इरादे से झूठे बलात्कार के आरोप लगाए जाते हैं, जिससे पीड़ित पुरुष को सामाजिक और कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

गलतफहमी फैलाकर समाज में भेदभाव झ कुछ महिलाएं स्त्रीवाद (फेमिनिज्म) की आड़ में पुरुषों के प्रति नफरत फैलाने का काम करती हैं, जिससे समाज में असंतुलन पैदा होता है।

## न्यूज फ्लैश

### सत्यम स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अध्यापिकाओं को किया सम्मानित

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) जलालपुर** प्रथम गांव के सत्यम पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और भाषणों के माध्यम से महिला की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्कूल निर्देशिका पूजा शर्मा ने स्कूल की महिला अध्यापिका रेखा भाटिया,रेनू बाला,अन्नू भाटिया,प्रियंका लाकड़ा,बीना रावल,सोनिया शर्मा,स्वीटी रावल,काजल,तमन्ना शर्मा,क्षमा रावल,शालू रावल,काजल आदि को सम्मानित किया। स्कूल निर्देशिका पूजा शर्मा ने कहा कि महिला अध्यापिका बच्चों को अच्छे संस्कार देकर देश का भविष्य तैयार कर रही है। उन्होने कहा कि समानता एक सुरक्षित समाज की नींव है। उन्होंने बताया कि लैंगिक समानता के बिना समाज की उन्नति संभव नहीं है। समाज की मानसिकता में अब धीरे-धीरे बदलाव आ रहा है। स्कूल निर्देशिका पूजा शर्मा ने कहा कि हर सफल व्यक्ति के पीछे किसी महिला का योगदान होता है। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। चाहे वह शिक्षा हो राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का क्षेत्र हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं किसी भी तरह की पहचान की मोहताज नहीं है। सरकार महिलाओं को उनके बुनियादी अधिकार दे रही है। इस मौके पर छात्र व छात्राएं मौजूद रही।

### आपातकालीन परिस्थितियों में रैडक्रास मानव सेवा में सबसे आगे रहती है: डा मुकेश

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र** कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन में संचालित की जा रही रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आर्य पीजी कॉलेज में पांच दिवसीय यूथ रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर के समापन सामारोह में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय रैडकास सोसाईटी के महासचिव डॉक्टर मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रैडक्रास जनसेवा में विश्व की सबसे अग्रणी संस्था है। आपदा से लेकर आपातकालीन परिस्थितियों में रैडक्रास मानव सेवा में सबसे आगे रहती है। गौरतलब है कि हरियाणा राज्य के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में की यूथ रैडक्रास विंग स्थापित है, जिसके माध्यम से मानवीय सेवाओं में योगदान प्रदान कर रही है।
इस मौके पर दिनेश कुमार को बेस्ट मेल कांउसलर व अंजू शर्मा को बैस्ट महिला काउंसलर को चुना गया।
रेडक्रॉस सचिव गौरव राम करण ने बताया कि संस्था की गतिविधियों से प्रभावित होकर 14 प्रतिभागियों जिसमें पूनम देवी, अंजू शर्मा, अमित कुमार, किरण देवी, उषा, खुशबू, डा पंकज चैधरी, खुशी वर्मा, रेणू, सोनिया शर्मा, सुदेश ने रैडक्रास की आजीवन सदस्यता प्राप्त की। समापन समारोह में संगीत, डांस व भाषण प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कालेजों के छात्र-छात्राओं, आजीव न सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्राचार्या डा.जगदीश गुप्ता, समाज सेवी राजेश कुमार, सचिव गौरव रामकरण, शिविर निदेशक हरमेश चन्द, डा. पूजा सिंघल सहित अन्य महाविद्यलयों के यूथ रैडक्रास काउंसलर वा रैडक्रास स्टॉफ व विद्यार्थिगण उपस्थित रहे।

### महिलाओं का सशक्तिकरण, समाज का उज्जवल भविष्य: शशी लूथरा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) महिला दिवस** के अवसर पर शशि लूथरा ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, महिला समाज के हर पहलू में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, चाहे वह घर की गृहिणी हो या समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिला। महिलाओं को सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि उन्हें अपनी पहचान और आत्मविश्वास भी चाहिए।
वह झाँसी की रानी और पीटी उषा और मैरी क्यूरी जैसी प्रेरणादायक महिलाओं का उदाहरण देते हुए कहते हैं, ये महिलाएं न सिर्फ अपने परिवार के लिए प्रेरणा हैं, बल्कि समाज में बदलाव लाने में भी महत्त्वपूर्ण योगदान देती हैं। शशि लूथरा ने घर की गृहिणियों को भी सम्मानित किया, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज किया जाता है।
ह्लमहिला को घर में भी उतनी ही मान्यता मिलनी चाहिए जितनी किसी ऑफिस में काम करने वाली महिला को। इस तरह के विचार समाज को जागरूक करते हैं और महिला के सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

# जयराम कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : देश के विभिन्न राज्यों** संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्या को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का समापन हुआ। समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद कुरुक्षेत्र की अध्यक्षा कंवल जीत कौर ने शिरकत की। इस अवसर पर श्री जयराम शिक्षण संस्थान के निदेशक एस.एन. गुप्ता, जयराम सैनिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी सुरेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने



मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। खेलकूद महोत्सव में 100 मीटर, 200 मीटर, रिले रेस 4 गुणा 100 मीटर, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, थ्री लेग रेस, बोरी रेस, लांग जम्प और लेमन रेस आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में मीनाक्षी, अंजलि, काजल, मानसी प्रथम, तान्या, आरजू, सलोनी, प्रज्ञा द्वितीय तथा तमन्ना, नंदिनी, पोमिता व कविता तृतीय स्थान पर रही।100 मीटर रेस में प्रज्ञा प्रथम स्थान पर, खुशी द्वितीय स्थान पर, काजल तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर रेस में कविता प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय, आरजू तृतीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में काजल प्रथम, कविता द्वितीय, प्रज्ञा तृतीय स्थान पर रही। बोरी रेस में अंजलि प्रथम, सुखविंदर द्वितीय, आकांक्षा तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट में अमृता प्रथम, कविता द्वितीय, सलोनी तृतीय स्थान पर रही। थ्री लेग रेस में आरजू प्रज्ञा प्रथम, काजल कीर्ति द्वितीय, पोमिता तमन्ना तृतीय स्थान पर रही। लॉन्ग जंप में काजल प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय, कविता तीसरे स्थान पर रही। पी.जी. योगा की छात्रा कुमारी काजल को बेस्ट एथलीट चुना गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों की भी रेस कराई गई। कंवल जीत ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया एवं खेलकूद के क्षेत्र में सशक्त भागीदारी दिखाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि श्री जयराम संस्थाएं छात्राओं को खेलकूद संबंधी सारी सुविधाएं मुहैया कराती है ताकि छात्राएं इस क्षेत्र में आगे बढ़ सके।

## भारतीय संस्कृति में नारियों का विशेष स्थान: डॉ वीरेंद्र पाल सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ वीरेंद्र पाल सिंह ने स्कूल की शिक्षिकाओं व गैर शिक्षक कर्मचारी को सम्मानित किया। स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रो सुनीता दलाल व स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ वीरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि जिस घर में नारी की पूजा की जाती है और उसका मान सम्मान किया जाता है। वहां पर माँ लक्ष्मी व सरस्वती का वास होता है। भारतीय संस्कृति में नारी को विशेष स्थान दिया गया है। हम नवरात्रों में देवी के विभिन्न रुपों की पूजा करते हैं। हमे हमारी संस्कृति व संस्कार आरम्भ से ही सीखाते है कि हमें महिलाओं का मान सम्मान करना चाहिए। उनकी पूजा करनी चाहिए।

## सडक दुर्घटना में अज्ञात व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कुंजपुरा गांव** में चमड़ा फैक्ट्री के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा बीती देर रात हुआ। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे गंभीर हालत में कुंजपुरा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि वह अपने काम से लौट रहा था, तभी रास्ते में तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका काफी व्यस्त है।

# ड्यूटी कर्मचारी मानसिक रूप से तैयार होकर दे ड्यूटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने निगम पार्षद व मेयर के 9 मार्च (रविवार ) को होने वाले चुनाव की तैयारी को लेकर शनिवार को आर्य पी जी कॉलेज के मैदान में सेक्टर ऑफिसर, जोनल मजिस्ट्रेट, प्रीजाईडिंग ऑफिसर,अल्टरनेट प्रीजाई डिंग ऑफिसर व पोलिंग पार्टी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम व मेयर के चुनाव में सभी ने जज्बे व मानसिक रूप से तैयार होकर ड्यूटी निभानी है। चुनाव को शांतिपूर्ण, पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाना है। अधिकारियों को चुनाव में किसी भी तरह की



परेशानी ना इसको लेकर मुकम्मल इंतजाम किए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों के लिए हर प्रकार की सुविधा का ध्यान रखा गया है। सभी अधिकारी समन्वय स्थापित कर अच्छी प्रकार से कार्य करेंगे। सभी को ड्यूटी का ममानदेय भी दिया जाएगा। रात्रिठहराव की भी अच्छी व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग पार्टी मतदान से 1 घंटे पूर्व बूथ पर मौजूद होंगे। मॉक पोल में प्रत्याशियों के एजेंट की उपस्थिति अनिवार्य है।उनको ईवीएम से संबंधित जिम्मेदारी भी मॉक पोल के दौरान देनी होगी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि हर बूथ पर पुलिस कर्मचारी मौजूद रहेंगे। सभी को अपनी ड्यूटी को लेकर किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतनी है।चुनाव को शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से करना है। उन्होंने 26 के 26 वार्डों पर होने वाले निगम व मेयर के चुनाव को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। निर्वाचन अधिकारी ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी चुनाव में लगी है। उन्हें शिद्दतपूर्वक कार्य करना है। सभी अधिकारियों को जो उनकी ड्यूटी निर्धारित है इस पर फोकस करना है।

## डेयरी के कारण पड़ोसियों के बीच विवाद गहराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। शहर के** शास्त्री नगर की गली नंबर चार में डेयरी के कारण पड़ोसियों के बीच विवाद गहरा गया है। पड़ोसियों का आरोप है कि डेयरी संचालक अपने ट्रैक्टर-ट्राली को गली में दोनों छोर पर खड़ा कर देता है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। पड़ोसियों ने इसको लेकर पहले भी पुलिस में शिकायत दी थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। मामला इतना बढ़ गया कि गुस्साए लोगों ने डायल-112 को बुलाया।
पड़ोसी विकास, प्रमोद व अन्य लोगों ने बताया कि डेयरी संचालक के गली के दोनों ओर मकान हैं और वह अपने ट्रैक्टर-ट्राली वहीं खड़ा कर देता है। इससे गली में रास्ता जाम हो जाता है और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब इसको लेकर आपत्ति जताई गई तो डेयरी संचालक ने पड़ोसियों को उकसाने का काम किया और कहा कि यहां से तूड़ी की ट्राली भी निकलती है, तुम लोगों ने क्या बिगाड़ लिया। पड़ोसियों ने आरोप लगाया कि डेयरी संचालक के परिवार की एक महिला पुलिस में तैनात है और वह भी धमकी देती है। इसके अलावा डेयरी संचालक का बेटा फौज में है और उसने भी धमकाने का काम किया। आरोप लगाया गया कि जब उनसे रास्ता साफ करने या गंदगी न फैलाने को कहा जाता है तो वे गालियां देते हैं और झगड़ा करने पर उतर आते हैं।

# खाटू में दरबार लगा, बैठा है सरकार वहां....... ...पर झूमे श्यामप्रेमी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :खाटूश्याम जी के** प्रचार प्रसार को समर्पित नगर की विख्यात संस्था समस्त श्यामप्रेमी परिवार,कुरुक्षेत्र द्वारा शुक्रवार रात्रि विष्णु कॉलोनी में 542वां भव्य श्री श्याम संकीर्तन व भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि फाल्गुन के उपलक्ष्य में हुए इस संकीर्तन में आयोजक महेंद्र पाल मित्तल,विमला देवी, रीटा देवी परिवार सहित समस्त विष्णु कॉलोनी महिला मंडल की सदस्याओं ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम



दरबार के दर्शन किए। इस दौरान भक्तों को अबीर गुलाल लगाया गया और फूलों की होली खेली गई। कैथल के गायक बहादुर सैनी और पिहोवा से जतिन जिंदल ने भजनों के माध्यम से खाटू श्याम जी की गाथा सुनाई, कि किस तरह उन्होंने श्री कृष्ण के आह्वान पर महाभारत युद्ध भूमि में अपने शीश का दान दिया था। श्री कृष्ण एवं माता अहिल्यावती के आशीर्वाद स्वरुप वे आज जगत में हारे के सहारे के नाम से विख्यात हैं। खाटू में दरबार लगा, बैठा है सरकार वहां......., काली कमली वाला मेरा यार है...., झुक गई बड़ी-बड़ी सरकार तेरी मोरझड़ी के आगे... और मेला लगा है खाटू की गलियों में....इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए सभी श्याम प्रेमी झूम उठे। श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प श्रृंगार भक्तों को प्रदान किया गया,मान्यता है कि पुष्प श्रृंगार से सभी बाधाएँ दूर होती हैं। भंडारे में सभी भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्याम आरती में पंडित महेश भारद्वाज,राजेश सिंगला,संजीव सीकरी,अरुण गोयल,अनुज सिंगला,अनिल मित्तल,संजय चौधरी,गौरव गुप्ता,मोहित तायल,गिरीश गर्ग,शुभम अरोड़ा,श्याम बंसल,सतीश मेहता, राकेश मंगल,पंकज सिंगला,विपिन गर्ग,योगेंद्र अग्रवाल,कविता गोयल,एकता गोयल सीकरी,अंजली गौड़,स्वीटी मित्तल,मीनू गोयल,सोनिया गुप्ता,ऋतु मंगल,रेणु सिंगला,अनु गर्ग,अनिता शर्मा,सुषमा और वंशिका सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

# पुलिस लाईन में हुआ एक दिवसीय सेमिनार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस** द्वारा शनिवार को पुलिस लाईन में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में जिला पुलिस के सभी डीएसपी, सभी थाना प्रभारी, सभी चौकी इंचार्ज व जिला के ज्यादातर अनुसंधानकर्ता हाजिर रहे। अधिकारियों और अनुसंधानकताओं को पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने नए कानून के मुताबिक अनुसन्धान करने तथा साक्ष्य एकत्रित करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के आदेशानुसार शनिवार को पुलिस लाईन में एक



सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में पुलिस अधीक्षक ने खुद जिला के अनुसंधानकताओं को नए कानून के मुताबिक अनुसन्धान करने तथा साक्ष्य एकत्रित करने के बारे में विस्तार से समझाया। पुलिस अधीक्षक ने सीन ऑफ क्राइम की एसओपी के अनुसार कारवाई करने के प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक ने ई-साक्ष्य एप का प्रयोग करने, मौका से मिले साक्ष्यों को सही तरीके से पैक करने तथा नए कानून के अनुसार विडियो बनाने के लिए भी प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि हमें नए कानून के अनुसर सर्च एंड सीजर के फामूर्ले को अपनाकर उस पर अमल करने चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि न्यायलय मे चालान देने से पहले अच्छे से चैक करवाकर ही दें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अदालत में चालान देते समय आरोपी के खिलाफ कितने और कहां- कहां मामले दर्ज हैं यह जानकारी जरूर दर्ज करनी चाहिए। एक दिवसीय कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ट्रेनिंग नौकरी का महत्वपूर्ण हिस्सा है यदि ट्रेनिंग अच्छी और लगातार तौर पर हो तो काम अच्छे से किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अच्छा अनुसंधान अधिकारी बनने के लिए कानून की जानकारी होना जरूरी है।

# किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा बोगस मतदान: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) राज्य चुनाव आयुक्त** धनपत सिंह ने शनिवार को निगम के चुनाव की तैयारी का जायजा लिया व अधिकारियों के साथ निगम पार्षद व मेयर के चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि किसी भी तरह से बोगस मतदान नहीं होना चाहिए। उन्होंने ईवीएम व चुनावी की तैयारी को लेकर भी बातचीत की । उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र पर प्रत्याशी का अर्जेंट हो यह सुनिश्चित करें। विकर सेक्शन के बूथ पर और चौकसी बरते। कही भी भीड़ भाड़ की स्थिति ना हो इस पर ध्यान दें। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ विरेंदर



कुमार दहिया व पुलिस अधिकारी लोकेंद्र सिंह से चुनाव को लेकर उनकी रणनीति भी जानी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने राज्य चुनाव आयुक्त को आश्वासन दिया कि चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से कटिबंध है । हर प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 26 वार्डों के पार्षदों व मेयर के लिए चुनाव होना है। 365 पोलिंग बूथ बनाए गए है। जो आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। हर बूथ पर बिजली ,पानी व शौचालय की विशेष व्यवस्था की गई है।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निगम के चुनाव के लिए 40 बूथ सेंसिटिव है व 14 हाइपर सेंसेटिव है। हर बूथ पर कानून व्यवस्था की मजबूती को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है। सेंसिटिव व हाइपर सेंसिटिव बूट पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। 465 पोलिंग पार्टियों को चुनावी कीट देकर रवानगी कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निगम व पार्षद के चुनाव मे 4 लाख 11038 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 92164 महिला मतदाता व 2 लाख 18861 पुरुष मतदाता व 13 ट्रांसजेंडर मतदाता भी है।

# चुनाव को लेकर पुलिस की और से किये गए है पुख्ता इंतजाम

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह** आईपीएस ने नगर निगम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए शनिवार को आर्य स्कूल व कॉलेज परिसर से जिला पुलिस व होमगार्ड के जवानों को उचित दिशा निर्देश देकर पोलिग पार्टी के साथ रवाना किया। एसपी लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने इस दौरान पुलिस व होमगार्ड के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। स्ट्रान्ग रूम से पोलिंग पार्टी के साथ उपलब्ध करवाए गए वाहनों में इवीएम मशीनों को सुरक्षित बूथ



तक लेकर जाएं। जब तक ईवीएम मशीने वापिस स्ट्रोग रूम ने सुरक्षित रूप से जमा नही हो जाती अपनी ड्यूटी को सर्तक्ता से करें। ड्यूटी के दौरान सभी पुलिसकर्मी सरकारी वाहन का ही प्रयोग करेंगे। बूथ पर अति सुझबूझ के साथ कर्तव्य पालना दौरान नम्र व्यवहार करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष मतदान संपन्न करवाएं। कोई भी कर्मचारी रात के समय बूथ नहीं छोड़ेगा। इस दौरान उनकी समय-समय पर अधिकारियों द्वारा चेकिंग की जाएगी। गश्त पार्टी को निर्देश दिए कि बूथ परिसर और आसपास के क्षेत्र में पैनी नजर बनाए रखे व बूथ परिसर के आसपास अनावश्यक रुप से कोई वाहन खड़ा ना होने दे और पोलिंग स्टेशन गेट के अंदर तथा बाहर अनावश्यक भीड इकट्ठी ना होने दे। लापरवाही को किसी भी रूप में सहन नही किया जाएगा और कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि शहर में 119 लोकेशन स्थित 365 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों पर प्रयाप्त सख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके साथ 17 स्थानों पर 40 संवेदनशील 14 अति संवेदनशील बूथ चिन्हित किये गए है। यहा पर अतिरिक्त संख्या में पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। नगर निगम चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न कराने के लिए 1530 पुलिस व होमगार्ड के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान 32 सेक्टर ऑफिसर, 16 फ्लाइंग स्क्वायड टीम व 23 पेट्रोलिग पार्टी तैनात की है। सभी पेट्रोलिंग पार्टी वाकी टॉकी सेट से लैस है और निरंतर गश्त कर पोलिग स्टेशन परिसर व बाहर की व्यस्था को संभालेगी। सूचना मिलने पर पेट्रोलिग पार्टी 5 मिनट के दौरान ही पोलिग स्टेशन पर सहायता के लिए पहुंचेगी। पुलिस जवानों की 7 रिजर्व बनाकर तैनात किया गया है। पोलिग स्टेशन परिसर में नीजी कोई भी वाहन अंदर नही जाएगा। शरारती तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर है।

# 'बेटा-बेटी एक समान-एक पौधा बेटी के नाम' अभियान की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन** प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में बनाए जा रहे "ऑक्सीजन बाग" में 'बेटा-बेटी एक समान झ एक पौधा बेटी के नाम' अभियान की शुरूआत करते हुए 81 लड़कियों व महिलाओं ने आडू, नाशपाती, बबुगोसा, निम्बू, माल्टा, मौसमी, किन्नू, अमरूद, अंजीर के पौधे रोपित किए। इस अभियान का उद्देश्य समाज में बेटियों को समान अवसर देना और पर्यावरण बचाने के प्रति जागरूकता फैलाना है। आज बेटियों के हाथों से लगाए गए ये पौधे भविष्य में जीवनदायिनी बनेंगे।
वृक्ष मित्र समूह हरियाणा के अध्यक्ष ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत ने आगे बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कॉलेज की उन छह छात्राओं मीना, शिखा, रेणु, शिवानी, खुशबू, प्रिया को "माता रोशनी गौरव पुरस्कार-2025" से सम्मानित किया गया, जिन्होंने पढ़ाई और पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह पुरस्कार हर वर्ष महिला दिवस पर भविष्य में भी प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही, एम.ए. इतिहास में विश्वविद्यालय टॉप करने वाली छात्राओं मीना और शिवानी को इतिहास विषय के लिए नेट परीक्षा की तैयारी के लिए पुस्तकें* उपहार स्वरूप प्रदान की गईं, ताकि वे उच्च शिक्षा में आगे बढ़ सकें। कॉलेज की उप-प्राचार्या डॉ रितु नेहरा ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं।
इस तरह के कार्यक्रम न केवल उन्हें प्रोत्साहित करते हैं बल्कि समाज में समानता का संदेश भी देते हैं। डॉ रितु ने ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की एक पौधा बेटी के नाम अभियान की।

## न्यूज फ्लैश

### शादी समारोह में रुपये इकट्ठा करते समय किशोर छत पर चढ़ा, करंट लगने से मौत

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र के गांव ताजपुर स्थित एक एक फार्म हाउस में आई बारात के चल रहे नाच गाने के दौरान रुपये इकट्ठा कर रहे किशोर को करंट लग गया। करंट लगने से किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। शादी समारोह में बारातियों द्वारा फेंके रुपये लेने के लिए किशोर छत पर चढ़ा। बिजली की लाइन से करंट लगने से झुलस गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नागरिक अस्पताल में शव लेने पहुंचे संजीव ने बताया कि गांव ताजपुर में स्थित फार्म हाउस में बारात आई हुई थी। बाराती नाचते हुए फार्म हाउस पर पहुंचे। जहां कक्षा आठवीं में पढ़ने वाले हिमांशु (14) बारातियों द्वारा खुशी में फेंके जा रहे रुपयों को इक्ट?ठा कर रहा था। उसी दौरान रुपये छत पर गिर गए। उन्हें इकट्ठा करने के लिए छत पर चढ़ा। छत के पास से गुजर रही बिजली लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसके शरीर में आग लग गई। उसका एक पैर जलकर अलग हो गया। उसके बाद लाइन ने उसे दूर फेंक दिया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मुरथल थाना पुलिस ने शव का कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### घर से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने घर से सामान चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सागर निवासी फाजिलपुर व अक्षय निवासी प्रतापगढ़ यूपी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव फाजिलपुर निवासी शीला ने 27 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह गत दो फरवरी को नेपाल गई थी। इसके बाद अब वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की तो घर में रखी इन्वर्टर बैटरी गायब मिली। वहीं, गुल्लक भी टूटा हुआ था। चोर उसे रखे रुपये भी गायब मिले। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी अजीत की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी किया एक सिलेंडर, व एक हजार रुपये की राशि को बरामद किया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला को चपेट में ले लिया। घायल महिला को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गढ़ी घसीटा निवासी भारत ने बताया कि उसकी नानी नारायणी देवी (78) शुक्रवार सुबह घर से गन्नौर बैंक जाने के लिए निकली थी।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में नारी शक्ति का किया अभिनंदन

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में नारी गरिमा के उत्सव का आयोजन

**प्रशिक्षण**

**दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के ग्लिटर डेन में महिला दिवस मनाया गया। शुभारंभ केक काट कर किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के ग्लिटर डेन में महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काट कर किया गया। इस मौके पर चेयरपर्सन हिमांशी ने कहा कि यह दिन हर वर्ष आठ मार्च को महिलाओं के सम्मान में मनाया जाता है क्योंकि बहुत सारी महिलाएँ ऐसी भी है जो घर की ज़िम्मेवारी के साथ-साथ और कई क्षेत्रों में भी देश की तरक्की में बहुमूल्य योगदान करती है। उन्होंने इस विशेष दिन की सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह विशेष दिन अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं का सम्मान करने व उनकी उपलब्धियों का उत्सव मनाने का दिन है। समाज में महिलाओं का दर्जा बहुत ऊँचा है। अगर एक लड़का पढ़ाया जाता है तो एक परिवार ही पढ़ता है लेकिन अगर एक लड़की को पढ़ाया जाता है तो उसकी दो परिवार को पढ़ाया जाता है । नारी शक्ति तो त्याग और ममता की मूर्ति होती है। स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर अजीत भारद्वाज ने अपने प्रेरक विचारों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने नारी शक्ति के सम्मान करना सभी का कर्त्तव्य बताया और महिलाओं को सामान अवसर देने की आवश्यकता पर जोर दिया क्योंकि वर्तमान समय में जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं ने शिक्षा, खेल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नई ऊँचाइयाँ छू रही हैं। नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार भी है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते सँवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का स्वरूप माना गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है-
**'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:'** अर्थात जहाँ पर नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवताओं का वास होता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि बहुत लंबे समय से नारी के महत्त्व को रेखांकित किया जाता रहा है। इस प्रकार के आयोजन यह सिद्ध करते है कि नारी शक्ति का सम्मान केवल एक दिन का जश्न नहीं बल्कि पूरे समाज की ज़िम्मेदारी है। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक समिति ने सभी को महिला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ दी और भविष्य में विद्यालय में इसी तरह के प्रेरणादायक, सामाजिक और शैक्षिक जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन करवाने का आश्वासन देते हुए सूचना दी कि हमारा स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इसी के तहत आगामी 23 मार्च, (रविवार) को स्कॉलरशिप टेस्ट (छात्रवृत्ति परीक्षा) का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने और उनकी शैक्षणिक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में भाग लेने के इच्छुक छात्र निर्धारित तिथि तक अपना पंजीकरण करावा सकते हैं।

## निगम उपचुनाव में सरकार व प्रशासन की मिलीभगत हुई उजागर: आप



**आरोप**

**नगर निगम उपचुनाव में हुई वोटिंग के तहत बैयांपुर गाँव के पाँच बूथों पर हुई वोटिंग की काउंटिंग पर रोक लगा दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** चुनाव आयुक्त हरियाणा द्वारा सोनीपत नगर निगम उपचुनाव में हुई वोटिंग के तहत बैयांपुर गाँव के पाँच बूथों पर हुई वोटिंग की काउंटिंग पर रोक लगा दी है। रोक लग जाने के बाद उपचुनाव में बड़े स्तर पर हुई धांधली का पदार्फाश हुआ है। यह बात "आप" हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र गौतम ने अपना ब्यान जारी करते हुवे कही। देवेन्द्र गौतम ने कहा की उपचुनाव में हुई गड़बड़ी की निष्पक्ष तौर पर सही व पुरी जाँच होनी चाहिए। क्षेत्र नगर निगम से बाहर और 2022 में हुवे पंचायत चुनाव में सरपंच चुने जाने के बाद बैयांपुर गाँव के पाँच बूथों पर नगर निगम मेयर उपचुनाव में वोटिंग करवाना मेयर उपचुनाव में हुई बड़ी धांधली और सरकार व प्रशासन की मिलीभगत की तरफ इशारा करता है। देवेन्द्र गौतम ने जिला निर्वाचन अधिकारी पर आरोप लगाते हुवे कहा की वोटिंग से पहले भी उनको इस बारे में बताया गया लेकिन लोकतान्त्रिक प्रणाली के नियमों को ताक पर रख अधिकारी द्वारा अपने ब्यानो में स्थानीय लोगों को गुमराह करने की मंशा से लीपापोती की गई। कांग्रेस के जागरूक प्रत्याशी अगर ये शिकायत चुनाव आयुक्त को नहीं करते तो शायद मामला यही खत्म हो जाता।

## नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह ) :** श्री कृष्ण आदर्श गऊशाला चुलकाना रोड पर मंगलम्‌ आरोग्यम्‌ द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता वैध राजेश मंगलम्‌ के द्वारा की गई, जिसमें 100 से अधिक लोगों चैक करवाया व अपनी व्याद्धियों के बारे में जाना।कैंप में वैध जतिन मंगलम्‌ द्वारा नाडी परिक्षण किया गया, जिसमें लोगों की व्याद्धियों के उपचार किया। मुख्य रूप से महिलाओं में खुन की कमी व लुकोरिया की की समास्या ज्यादा सामने आई, वहीं पुरुषों में कमर दर्द, शुगर, डिप्रेशन, शरीर में कैल्शियम की कमी सामने आई।

## गाँव कांवला में स्कूल के बच्चों को साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

**जागरूक किया**

**छात्र/छात्राओं को नशा, साइबर अपराध व ट्रिप मोनिटरिंग/डायल-112 एप्प बारे जागरूक किया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के दौरान थाना सैक्टर-9 पुलिस, साइबर थाना अम्बाला पुलिस व दुर्गाशक्ति टीम अम्बाला शहर ने पुलिस की पाठशाला द्वारा गाँव कांवला में एनएसएस कैम्प के छात्र/छात्राओं को नशा, साइबर अपराध व ट्रिप मोनिटरिंग/डायल-112 एप्प बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं/शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव, नशे के दुष्परिणाम व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया। दुर्गाशक्ति टीम अम्बाला शहर ने महिला सुरक्षा से सम्बन्धित विशेष जानकारी दी। साईबर विशेषज्ञ बबित कौशल व सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार व महिला मुख्य सिपाही रेणू ने साइबर अपराध से बचने बारे विशेष उपाय बतलाए व थाना सैक्टर-9 से सहायक उप निरीक्षक सोमदत ने नशे के दुष्परिणामों तथा यातायात के नियमों की पालना करने बारे उपस्थितगणों को जागरूक किया। दुर्गाशक्ति टीम अम्बाला शहर सहायक उप निरीक्षक बबली व मुख्य सिपाही कुसुम ने डायल-112 एप्प बारे छात्र/छात्राओं/ शिक्षकों को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल-112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया। हरियाणा उदय कार्यक्रम ह्यह्यपुलिस की पाठशाला के माध्यम से महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने व नशों के दुष्परिणों बारे जागरूक किया
जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह ''हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला'' के माध्यम से छात्राओं/शिक्षकों/कामकाजी महिलाओं/आमजन को डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें।

## गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया



**प्रदर्शनी**

**परिसर में छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )** गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के परिसर में शनिवार को छात्र- छात्राओं के द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान स्कूल में अध्यनरत बच्चों ने शिक्षकों के द्वारा दिए गए विषयों पर विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान और कला सहित कई विषयों पर माडल बनाकर शिक्षा में सहायक सामग्री की प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में सोलर स्मार्ट सिटी, चंद्रयान व रोवर, रॉकेट लांचर, रेनवाटर हार्वेस्टिंग,बीजीय व्यंजक व ड्रिप सिंचाई प्रणाली के वर्किंग के मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में लगभग 60 मॉडल प्रदर्शित किए गए व वेस्ट मटेरियल से विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बनाई गई। इस अवसर पर प्रबंधक राधे श्याम जागडा ने बच्चों के इस रचनात्मक कार्य की सहराना की व उनके उज्वल भविष्य की कामना की । प्रधानाचार्या डॉक्टर अभिलाषा कादियान ने कहा कि छात्र जीवन में हुनरमंद होने से ही बड़े होकर बड़े बड़े आविष्कार करते हैं। जिन छात्रों ने प्रदर्शनी में भाग लिया, हो सकता है इनमें से ही कोई वैज्ञानिक बनकर अपने परिवार, स्कूल और शहर का नाम रोशन करे।विज्ञान प्रदर्शनी से छात्रों में वैज्ञानिक प्रतिभा विकसित होती है। छात्रों में वैज्ञानिक सोच व वैश्विक दृष्टिकोण मुहैया कराने में यह प्रदर्शनी अहम साबित होती हैं।

## लायंस क्लब रॉयल किंग की मासिक बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** लायंस क्लब रॉयल किंग अंबाला ने अपनी मासिक मीटिंग चेयरपर्सन लॉयन कुलविंदर बावा के नेतृत्व में की। जिसमें प्रधान लॉयन अनिल साहनी ने लायंस दीपक पोपली (डीसीएस प्रोजेक्ट) चीफ गेस्ट का स्वागत किया और पोपली ने 6 न्यू लायंस मेंबर्स को पिन लगा कर ज्वाइन कराया और सभी लॉयन मेंबर्स का धन्यवाद किया और ज्यादा से ज्यादा सामाजिक कार्य करने को प्रेरित किया और 2024 - 25 में किए गए कार्यों की प्रशंसा की इसी उपरांत सभी लायंस मेंबर्स ने लायंस दीपक पोपली का मीटिंग में पधारने पर धन्यवाद किया।लायंस क्लब के सदस्य जगदेव संधू ने बताया कि हमारी संस्था के सभी सदस्य जोकि तन मन धन से गरीब व असहायक लोगो की सेवा करते हैं समाजसेवी धीरज पाठक ने समाजिक कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया और क्लब के सभी सदस्यों को अपने परिवार का सदस्य बताया संस्था द्वारा की गई सेवा ही नर सेवा नारायण सेवा है ।

## बार प्रधान पर रिकार्ड चोरी का आरोप

**सोनीपत: जिला** बार एसोसिएशन में चुनाव के बाद नवनियुक्त प्रधान व अन्य पर रिकार्ड चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। मामले को लेकर कोर्ट चौकी पुलिस में शिकायत दी है। वहीं शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने बैठक करके प्रधान को डी-बार करने की बात कही। मामले को लेकर हाल में चुने गए प्रधान अनिल ढूल ने दूसरे पक्ष पर चुनाव में हार के चलते गलत आरोप लगाने की बात कही है। साथ ही बार की नई कार्यकारिणी द्वारा ठोस कार्यवाही करने की बात कही है। मिली जानकारी के अनुसार अधिवक्ता जयभगवान शर्मा ने सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया। कमेटी के सदस्यों द्वारा बार परिसर हाल में बैठक की गई।

## महिला सशक्तिकरण की जिम्मेदारी महिलाओं को होगी उठानी: कविता



**आह्वान**

**खुद आगे बढकर अपने तथा दूसरी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए: कविता जैन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस की बधाई देते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने आवश्यकता जताई कि महिला सशक्तिकरण की जिम्मेदारी महिलाओं को स्वयं उठानी होगी। इसके लिए महिलाओं को एकजुटता के साथ प्रयास करने होंगे। हालांकि आज महिलाएं सशक्त हैं और लगातार मजबूती के साथ आगे बढ़ रही हैं, किंतु कुछ क्षेत्रों में इसकी जरूरत है जिसकी पूर्ति के लिए महिलाओं को ही आगे आना होगा। कविता जैन शनिवार को जटवाड़ा सिथत स्वास्तिक कान्वेंट स्कूल में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित कर रही थी, उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल में कुछ सीमा तक लोगों की मानसिकता को परिवर्तित करने की आवश्यकता महसूस होती है। जहां महिला-पुरुष में भेदभाव किया जाता है और लड़कियों को लडकों की भांति समान अवसर प्रदान नहीं किये जाते। इस भेदभाव को जड़ से खत्म करने की जरूरत है। पूर्व मंत्री ने कहा कि आज महिलाओं ने हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है। महिलाओं को सिर्फ अवसरों की जरूरत है, जिसे उपलब्धियों में तब्दील करना उनको आता है। यदि उचित अवसर मिले तो महिलाएं आसमान की ऊंचाइयों को छूने की क्षमता रखती हैं। इसके उदाहरण भी हमारे समक्ष मौजूद हैं। इसलिए लोगों को अब अपनी पुरानी संकीर्ण मानसिकता का त्याग कर बेटा-बेटी को एक समान अवसर देने चाहिए।
महिलाओं को भी अपने अधिकारों की लड़ाई लडनी चाहिए। उन्हें खुद आगे बढकर अपने तथा दूसरी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए।

## महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में छोड़ी है अपनी छाप: सुधीर



**भूमिका**

**अहिल्याबाई होल्कर और जीजाबाई जैसी विभूतियों से प्रेरणा लेते हुए महिलाओं की असाधारण भूमिका पर जोर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उल्लासपूर्वक मनाया गया । स्कूल में महिला सशक्तिकरण विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया गया, जिसमें स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की प्रभावी भूमिका की सराहना की गई। इससे पहले विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन ,डायरेक्टर ध्रुव जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की । चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमें यह सोचने पर भी मजबूर करता है कि हमें महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाने की जरूरत है। महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान।
सुधीर जैन ने कहा कि यह दिन लोगों को महिलाओं के प्रति आदर सम्मान, उनके अधिकारों, उनकी उपलब्धियों को बताने के साथ ही लैंगिग समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। महिलाएं जीवन के सभी क्षेत्रों में अनुकरणीय योगदान दे रही हैं। आज आवश्यकता है कि हम उनकी सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने और उनमें से प्रत्येक को अपने सपनों और आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करने के लिए खुद को फिर से प्रतिबद्ध करें। डायरेक्टर ध्रुव जैन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की इस वर्ष की वैश्विक थीम 'एक्सीलरेट एक्शन' के बारे में जानकारी दी।उन्होंने कहा कि इस खास थीम का उद्देश्य महिलाओं के समान अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देने में तेजी लाना है। इससे जल्द से जल्द महिलाओं को समाज में सम्मान और अधिकार प्राप्त होंगे। यह महिलाओं के खिलाफ भेदभाव और असमानता को समाप्त कर उन्हें समाज में समान अवसर दिलाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए समेकित प्रयास किए हैं।
प्राचार्या गीता चोपड़ा ने अहिल्याबाई होल्कर और जीजाबाई जैसी विभूतियों से प्रेरणा लेते हुए भारतीय संदर्भ में महिलाओं की असाधारण भूमिका पर जोर दिया।

## 5 वर्षीय दिव्यम ने एनुअल स्पोर्ट्स मीट में दूसरा स्थान प्राप्त किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनी:** अंबाला कैंट एयरफोर्स स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान प्री प्राइमरी विंग के बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा दिखाई। खेल प्रतियोगिता के दौरान मैदान पर काफी रोमांच रहा। एक तरफ खिलाड़ी लगातार वाहवाही बटोरते रहे, वहीं हर पल बदलते खेल ने सभी के बीच एक्साइटमेंट को बनाए रखा। स्कूल के टीचर्स के लिए भी कई तरह की फन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। अंबाला शहर मोहिंद्र नगर के रहने वाले दिव्यम अंसवाल ने टोरटोयज रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया और वाहवाही लूटी। पिछले साल हुई प्रतियोगिताओं में भी दिव्यम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सोलो डांस, कैलीग्राफी, दोहा-श्लोक व रेस में भी कई ईनाम जीते थे। दिव्यम की इस उपलब्धि पर माता रीटा व पिता मनीष ने काफी सराहना की।
उन्होंने कहा कि बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं में जरूर हिस्सा लेना चाहिए ताकि उनका शरीर भी स्वस्थ रहे।

# नारी शक्ति सेवा सम्मान से सम्मानित हुई हरियाणा के विभिन्न शहरों से आई प्रतिभाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस पर सेक्टर 3 स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट मुख्यातिथि के रूप में पधारे जबकि विधि संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सुशीला चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समाजसेवी नरेश सैनी अति विशिष्ट अतिथि के रूप



में उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों का सम्मान तुलसी के पौधे से किया। मुख्यातिथि पधारे अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने अपने कर कमलों से नारी शक्ति को सम्मानित किया और कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। यद्यपि नारी परिवार, समाज के लिए धुरी का कार्य करती है लेकिन आज समय की मांग है कि पुरुष वर्ग में भी नारी के समान ही भाव उत्पन हो ताकि बीच की खाई समाप्त हो। उन्होंने कहा कि आज समरसता और सामंजस्य की भावना विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने सम्मानित होने वाली नारी शक्ति को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रोफेसर सुशीला चौहान ने कहा कि आज नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है लेकिन संस्कारों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि भारत तो सदा से ही नारी प्रधान देश रहा है। प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी ने कहा कि नारी का स्थान पूज्य है। मंच का संचालन भारतेन्दु हरीश ने किया। कार्यक्रम के संचालन में डॉ. अरुण धीमान, कुलदीप सिंह, हितेश और ऋषि पाल ने योगदान दिया।

नारी शक्ति से ओत प्रोत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रोफेसर सुशीला चौहान, राजकुमारी पंवार, ज्योति रोहिल्ला, डॉ. नीतू बाला, अंजलि शर्मा, कंचन बाला, डॉ. कान्ता वर्मा, पिंकी श्योराण, सुषमा चौधरी, राजवंत कौर, मोनिका भाटिया, आरती, रजनी बाला, नवीन, हिमशिखा, एकजोत कौर, किरण चड्ढा, मिनाक्षी शर्मा और सुरेखा, वंदना, डॉ. रमा और गुरजिंद्र कौर को नारी शक्ति सेवा सम्मान से विभूषित किया गया।

# नशे से दूर रहकर खेलों में भविष्य बनाएं युवा : सांसद नवीन जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र/पिहोवाः सांसद** नवीन जिंदल ने कहा कि युवाओं के लिए खेलों में भविष्य बनाने की अपार संभावनाएं हैं। खेल बहुत कम उम्र में दौलत शोहरत वो सब चीज देता है। जिससे एक अलग पहचान बनती है। इसलिए युवा वर्ग नशे से दूर रहकर खेलों में अपना भविष्य तलाश करें। सांसद नवीन जिंदल गांव झींवरहेडी में संत बाबा जगीर सिंह एनआरआई सभा की ओर से करवाए जा रहे दूसरे कबड्डी कप में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उनके द्वारा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जिम स्थापित किया जा रहे हैं और युवाओं को खेलों का सामान दिया जा रहा है। 9 मार्च को भी 9 गांवों में उनकी तरफ से नए जिम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विदेश में बसे इन लोगों का यह प्रयास बेहद सराहनीय है कि वो अपने वतन में प्रत्येक साल खेल प्रतियोगिताएं करवाने के लिए यहां आते हैं। इससे गांव का नाम विदेश में तो चमकता ही है। साथ ही युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि जल्द ही वे कुरुक्षेत्र में पोलो का मैचकरवाने जा रहे हैं जिसमें सभी क्षेत्रवासियों कोआमंत्रित किया जाएगाइसके अलावा वेशूटिंग कंपटीशनभी प्लान कर रहे हैंताकि निशानेबाजी में यहां का युवाअपना टैलेंट आजमा सकें। कबड्डी कप में पूरे प्रदेश से टीमों ने हिस्सा लिया।

## न्यूज फ्लैश

### जेतपुर धाम के लिए आठ मार्च को रवाना होगी बाबा की निशान यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हर वर्ष की** भांति इस वर्ष भी श्री श्याम सेवक मंडल की ओर से जेतपुर धाम के लिए ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी। शनिवार को प्रातः आठ बजे श्री रामलीला परिषद् से चलकर जेतपुर धाम के लिए रवाना होगी । श्याम भक्त सुनील कुमार गर्ग ने बताया कि जो भी भक्त जेतपुर जाना चाहते हैं, वह शनिवार को 7:30 बजे श्री रामलीला परिषद् में पहुंचे।

### किसान की अचानक हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव कुरहावटा** निवासी एक किसान की खेत में काम करते समय अचानक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक किसान का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के पुत्र रविंद्र ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव कुरहावटा का निवासी हैं। उसके पिता सूबेसिंह को शाम लगभग 9:30 बजे हार्ट अटैक आया था। इसके बाद हम पिता को अस्पताल में लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने बताया कि आपके पिता की मृत्यु हार्ट अटैक आने से हुई है। उन्होंने बताया कि 9:30 बजे उसके पिता खेत में काम करते समय हार्ट में दर्द हुआ था।

### कैंप लगाकर सीनियर सिटीजन एक्ट के बारे में नागरिकों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के निर्देश अनुसार गांव बेरी में न्याय रक्षक अधिवक्ता शमशेर सिद्ध और ने सीनियर सिटीजन एक्ट-2016 के बारे में कैंप लगाकर नागरिकों को जागरूक किया। अधिवक्ता ने नागरिकों को बताया कि अगर कोई देखरेख, रोटी-कपडा, रहने के लिए घर की व्यवस्था, बेटा, बेटी व बहू की जिम्मेदारी है। बेटा, बेटी को पुस्तेनी घर पर कोई हक नहीं है। अगर वह सेवा, रहन, काम नहीं करता है तो माता-पिता को हक है कि वह अपनी औलाद को घर से निकाल सकता है तथा अपने पुस्तैनी मकान में रहने का किराया ले सकता है। इस मौके पर गांव के सरपंच सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अवैध खनन का कार्य करने वालों पर अब प्रशासन कसेगा शिकंजा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) खनन** एवं भू भाग हरियाणा के महानिदेशक एम.के. पांडू रंग के निर्देश व जिला उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन में अवैध खनन को रोकने के लिए विभाग ने अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया है। जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि शनिवार के दिन समालखा बापौली व जीटी रोड पर वाहनों की चेकिंग का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध खनन का कार्य करने वालों को किसी भी तरह से बक्सा नहीं जाएगा उनके चालान किए जाएंगे।

### होली मिलन महोत्सव 11 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। हरियाणा पत्रकार** संघ द्वारा आगामी 11 मार्च को सुबह 10: 30 बजे आरके वाटिका, बवानिया रोड पर होली मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संघ के प्रदेश अध्यक्ष केबी पंडित मुख्य अतिथि होंगे। संघ जिला संयोजक आनंद शर्मा व जिला प्रधान प्रदीप बालरोडिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़ी धूमधाम से होली मिलन महोत्सव मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में फूलों से होली खेली जाएगी। यह अपनी तरह का अनूठा कार्यक्रम होता है, जिसमें सभी राजनीतिक पार्टियों के नेता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षाविद्, वकील, पत्रकार व प्रबुद्ध जन संयुक्त रूप से शामिल होते हैं।

# 34079 मुकदमों का सहमति से किया निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**माननीय न्यायमूर्ति श्रीमती** लिसा गिल , न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार और श्री सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत के कुशल मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन, पानीपत में आज अधिनिर्णय की पूरी प्रक्रिया न्यायाधीशों, वकीलों, वादियों, बीमा कंपनियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच न्यायालय में निजी रूप से आकर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया ।लंबित मामलों के साथ-साथ पूर्व



मुकदमेबाजी के मामलों से निपटने के लिए लोक उपयोगिता सेवाओं की खंडपीठ का भी गठन किया गया जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं, उपभोगता कमीशन के केस भी शामिल हैं और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले भी शामिल है। श्रीमती मीनू , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत ने आगे खुलासा किया कि लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है। लोक अदालतों में विवादों का सौहार्दपूर्वक निपटारा किया जाता है। "सभी के लिए न्याय तक पहुंच" के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र का संवर्धन काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे खुलासा किया है । कि पानीपत में कुल 35735 मुकदमों को लिया गया था जिनमें से 31563 मुकदमों को केवल पानीपत में लोक अदालत में पारंपरिक रूप से निपटाया गया। लोक अदालत में निपटान की राशि 9,25,52,335/- रुपए थी। इसके अलावा समालखा सब डिवीजन में 2516 मुकदमो का निपटारा किया गया। मिलाकर पानीपत जिले में 34079 मुकदमों का निपटारा किया गया।

# एनएसएस स्वयंसेवक प्रतियोगिताओं में दिखा रहे प्रतिभा




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना यूटीडी इकाई के स्वयंसेवक विश्वविद्यालय स्तर पर सात दिवसीय एनएसएस शिविर में शामिल होकर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरे अवसर में बढ़ चढ़कर ले रहे भाग ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि माथुर ने बताया कि यह शिविर 6 मार्च से 12 मार्च तक कुरुक्षेत्र दयानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित किया गया है जिसमें एनएसएस यूटीडी के विभिन्न विभागों से आठ स्वयं सेवक भाग ले रहे हैं।

# दुष्कर्म करने के आरोप में झिंझोली का रविन्द्र गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**जिले के थाना** खरखौदा की पुलिस टीम ने महिला के साथ दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रविन्द्र निवासी झिंझोली जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस पीआरओ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को जिला सोनीपत निवासी एक महिला नें थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि आरोपी रविन्द्र निवासी झिंझोली जिला सोनीपत ने उसके साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया है।

# महिला दिवस पर कन्या भ्रूण हत्या विरोधी शपथ -पत्र बांटे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : समाज कल्याण** और जन उत्थान के लिए समर्पित नगर की प्रसिद्ध उत्थान सामाजिक संस्था द्वारा महिला दिवस के अवसर पर सुंदरपुर स्थित एस.डी.गर्ल्स.वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कन्या भ्रूण हत्याविरोधी शपथ - पत्र वितरित किए गए।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि मासूम कन्याओं का जीवन बचाने से ही समाज में महिला दिवस मनाने का अवसर मिलेगा क्योंकि आज की कन्या ही कल बड़ी होकर महिला की भूमिका निभाएगी। अनिल वर्मा ने कहा कि भारतीय शास्त्रों में महिला के




पराक्रमों की अनेकों गाथाएं प्रचलित हैं जिनसे समाज को प्रेरणा लेने और बालिका के महत्व को स्वीकार करने की आवश्यकता है।अनिल वर्मा ने कहा कि नारी के महत्व को एक श्लोक से ही समझा जा सकता है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते,रमंते तत्र देवता अर्थात जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं इसलिए कन्याओं को मारने की जगह उनको जीवन जीने और अपने आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए।समाज सेविका वंदना गौरी ने कहा कि आज नारी ने हर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित की है और कुछ क्षेत्रों में तो पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन कर अपने महत्व को सिद्ध किया है। एस डी स्कूल स्कूल के प्रबंध निदेशक विकास शर्मा ने उत्थान सामाजिक संस्था के कन्या भ्रूण हत्याविरोधी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयास से हजारों अजन्मी कन्याओं का अकाल मृत्यु से बचाव हो रहा है और बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान को बल भी मिल रहा है।विकास शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रयासों से ही महिला दिवस के आयोजन का महत्व कई गुणा बढ़ जाता है।इस अवसर पर समाजसेविका वंदना गौरी, एस डी स्कूल प्रबंधन सदस्या मंजू शर्मा,अध्यापिका गगनप्रीत,प्रवीण चावला,रेणु,सुमन वर्मा,उर्मिला,आरती,सुमन धीमान,रीना,गीता,दिव्य,सोनिया,गुरविंदर,पूजा,रेखा,दीपिका,पूजा,दीपिका,इशु,शिल्पा,कल्पना,राज,सरिता,रिम्पी,कीर्ति,पूनम,नविता,रचना,सीमा वधवा,प्रवेश,रीमा,निशा,ज्योति,रुचि ,नीलम,साहिल सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# जरूरमंद एवं हुनरमंद महिला को प्रदान की सिलाई मशीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

महिला दिवस पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए जाते है । ज्यादातर मामलों केवल भाषण बाजी होती है धरातल पर नारी सशक्तिकरण के लिया कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते है। परन्तु कुछ संस्थाएं गंभीरता पूर्वक नारी सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जाते है। इन्हीं में से एक डा अर्चना गुप्ता की अगुवाई वाली संस्था अग्र नारी शक्ति ।जो वास्तव में नारियों का सशक्तिकरण कर रही है ।उर्वशी गोयल ने जरूरतमंद महिला को ढूंढने में अपनी भूमिका निभाई ।जिसको अग्र नारी शक्ति की तरफ से डा अर्चना गुप्ता ने



आज अपने हुडा स्थित कार्यालय पर विकास नगर की निवासी महिला वंदना को सिलाई मशीन भेंट ।ताकि ये बहन वंदन सिलाई का काम करके अपने पैरों पर खड़ी हो सके। गीता बंसल कहा एक कदम नारी को स्वाभिलंबन का एक उत्तम प्रयास है। सिलाई मशीन मिलने पर वन्दना काफी खुश नाजर आई ।चुकी उसकों पता है कि वो अब अपने परिवार सहारा बनेगी अपने पैरों पर खड़ी होगी। इस अवसर पर डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि बिना स्वाभिलंबन के नारी सशक्तिकरण नहीं हों सकता ।उन्होंने कहा कि हम अपने छोटे छोटे प्रयासों से नारियों को स्वाभिलंबी बना सकते बस एक पहल करने की जरूरत है ।सुनीता गोयल ने कहा कि जब महिला अपने पैरों पर खड़ी होती है वो अपने परिवार का सहारा तो बनती ही है साथ ही घर और समाज में सम्मान भी पाती है। शिवा गोयल ने कहा कि आगे भी अग्र नारी शक्ति संस्था महिलाओं के स्वाभिलंबन के कार्य करती रहेगी। डा अर्चना गुप्ता इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभ कामनाएं भी दी ।इस मौके पर उनके साथ सुनीता गोयल, उर्वशी गोयल,सरिता गोयल, कविता गोयल, शिवा गोयल, राजबाला गुप्ता तथा गीता बंसल मौजूद रही।

# सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने अवैध हथियार के साथ एक पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । पुलिस अधीक्षक** पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिनके तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने थाना सदर नारनौल क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित पंकज वासी लहरोदा नारनौल को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया है। मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने आरोपित से पूछताछ में अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले का पता लगाकर उसे भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान हरकेश वासी मेई के रूप में हुई। आरोपितों को आज न्यायालय में पेश किया गया। सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम गस्त के दौरान फैजाबाद चौकी पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि पंकज वासी लहरोदा नारनौल अवैध हथियार लिए हुए लहरोदा की तरफ पैदल पैदल आ रहा है। अगर तुरंत रैड कि जाए तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। टीम ने सूचना के आधार पर बतलाए हुए स्थान एक युवक को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पंकज उपरोक बतलाया।

# कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को 2030 तक विकसित बनाया जाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सांसद** नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के विकास का जो सपना संजोया है। उसके लिए उन्होंने सांसद चुने जाने के पहले ही दिन से प्रयास शुरू कर दिए थे। कुरुक्षेत्र को वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक और धार्मिक पहचान दिलाने के लिए 'कुरुक्षेत्र तीर्थ कॉरिडोर' विकसित करने की योजना सांसद जिंदल के जहन में है, जिससे धार्मिक पर्यटन, रोजगार और स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। युवाओं के उनके हुनर के आधार पर रोजगार मिल सके इसके लिए



सांसद ने अपने घोषणा पत्र में कुरुक्षेत्र और कैथल में विश्व स्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का वादा किया है। इनमें हर वर्ष 10,000 जरूरतमंद युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करवाने का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं को उनके गांव में ही आधुनिक जिम और खेलों का सामान सांसद नवीन जिंदल की ओर से निशुल्क दिया जा रहा है। कई बड़े गांवों में ये जिम स्थापित हो चुके हैं। नवीन जिंदल की सोच है कि युवा नशे से दूर रहकर स्वस्थ शरीर बनाएं और अपनी इस ताकत को देश के विकास में लगाएं। इसी मकसद से उन्होंने जिम और खेलों का सामान युवाओं को देने की पहल शुरू की है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मेधावी छात्राओं के लिए 'नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना' शुरू की गई है।

# शिक्षित और स्वस्थ महिला ही देश के विकास में दे सकती है योगदानः कंवलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला परिषद की** चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि शिक्षित और स्वस्थ महिला ही देश के विकास में अपना योगदान दे सकती है। इस विषय को फोकस रखते हुए प्रदेश सरकार ने हर 20 किलोमीटर के दायरे में महिला राजकीय कॉलेज खोलने का काम किया। इसके साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से गांव स्तर पर शिविर लगाए जा रहे है। जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर शनिवार को जिला परिषद की तरफ से गांव दयालपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम



में बोल रही थी। इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर, विशिष्ट अतिथि एवं भाजपा नेत्री सुंगधा सुधा, जिप की पूर्व उपाध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप, सरपंच सीमा देवी, भाजपा नेत्री अन्नु माल्यान ने दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद जिप चेयरमैन और सभी मेहमानों ने स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लगाए गए शिविर का अवलोकन किया। इसके उपरांत जिप चेयरमैन ने समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। जिप चेयरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पानीपत की पावन धरा से ही बेटी पढाओ बेटी बचाओ के राष्ट्र व्यापी अभियान का शुभारंभ किया था और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार ने बेटियों को शिक्षित करने के लिए जगह-जगह राजकीय कॉलेज खोलने का काम किया। इसके अलावा बेटियों और महिलाओं के मान सम्मान के लिए लखपति दीदी, उज्ज्वला योजना, सुकन्या स्मृद्धि योजना जैसी अनेकों योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मान-सम्मान देने के साथ-साथ उत्साहवर्धन के लिए सरकार और प्रशासन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ-साथ महिलाओं को शिक्षित होने का संदेश भी दिया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री सुंगधा सुधा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, चाहे खेल का मैदान हो या फिर देश की सीमाओं की रखा करने का विषय हो, महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी होकर कार्य कर रही है। जिप की पूर्व उपाध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को पूरे प्रदेश और देश में मनाया जा रहा है।

# लाल बाग: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निकाली जागरूकता रैली








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: जनहित सोसायटी** फॉर सोशल वेलफेयर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान किया और क्षेत्र में जागरूकता रैली भी निकाली। इस मौके पर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा, केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व निगम पार्षद सुशील जोंटी के अलावा आईएएस सिम्मी चौधरी, संस्था के अध्यक्ष डॉ. बी. सागर, सीईओ आनंद आजाद, राजेश कुमार, जागलाल यादव, प्रिया शर्मा, गुड्डी, प्रीति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये हुए लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक अशोक गोयल देवराहा ने महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराया, तो वहीं निगम पार्षद व डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी ने संस्था के कार्यों की सराहना की।

## महिला दिवस पर बेटी बचाओ अभियान संस्था ने अर्चना त्यागी को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को बेटी बचाओ अभियान संस्था द्वारा फरीदाबाद में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से महिलाओं को चुना गया। गंतव्य संस्थान की डायरेक्टर अर्चना त्यागी को धरती, जल एवं बेटी संरक्षण में पिछले 35 वर्षों से कार्य करने के लिए सम्मान के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर गंतव्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार त्यागी व सम्मनकर्ता डॉ हरीश शर्मा आजाद व प्रख्यात जोतिषी डॉ रेखा वोहरा ने भी कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि जेम माइन्स के डायरेक्टर अमित गुप्ता के द्वारा सभी को उपहार दिए गए।

## निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने किया क्षेत्र का दौरा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर वार्ड** की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी स्थित के ब्लॉक में निगम कर्मचारियों के साथ दौरा किया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने लोगों की समस्याओं को भी सुना और समस्या के समाधान का आश्वासन भी दिया।
इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैंने कर्मचारियों को विशेष निर्देश दे रखे है कि वह अपने कार्यों को जिम्मेदारी से करें, ताकि मुझे शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने क्षेत्र की जनता से कहा कि अगर कोई भी क्षेत्र का व्यक्ति परेशान है तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आजादी के पहले से आज तक कांग्रेस सदैव महिला उत्थान में अग्रणीय रही है: भारद्वाज







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस के मौके पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने एक "महिला सम्मान कार्यक्रम" आयोजित कर सैंकड़ों की संख्या में असहाय और जरूरतमंद महिलाओं को शॉल और राशन देकर सम्मान किया। इस मौके पर कादीपुर ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, रेखा रानी, महासचिव सुखबीर, कविता, सविता चौधरी, पी एस रावत, योगेंद्र यादव, ओपी सूद, बलजीत शर्मा, राज ठाकुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोलते हुए आदेश भारद्वाज ने कहा कि हमारे शास्त्रों में लिखा है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता", अर्थात, जहां नारी की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है।
पुराणों से लेकर आज तक हमारे देश में नारी सम्मान होता आया है। हम नारी के रूप में माता लक्ष्मी, आदिशक्ति मां दुर्गा के रूप में कंजकों की पूजा करते आए हैं। यह देश महिला शक्ति के रूप में अहम योगदान देने वाली महिलाओं को कभी नहीं भुला सकता। फिर वो चाहे देश की आजादी के लिए योगदान देने वाली महारानी लक्ष्मीबाई हो या आजाद हिंद फौज में सर्वोच्च योगदान देने वाली लक्ष्मी सहगल जी हों, या फिर सावित्री बाई फुले जिन्होंने महिला शिक्षा के लिए अहम योगदान दिया और वहीं अगर आधुनिक भारत की बात करूं तो महिलाओं के हक के लिए जो कार्य कांग्रेस सरकार ने किया हैं वह कोई नहीं कर पाया है। वो चाहे सरोजनी नायडू को पहली महिला अध्यक्ष बनाना हो, चाही श्रीमति इंदिरा गांधी के पहली महिला प्रधानमंत्री बनाना हो या फिर शीला दीक्षित को दिल्ली पहली महिला मुख्यमंत्री बनाना हो। आदेश भारद्वाज ने आगे कहा कि हमारी कांग्रेस सरकार ने दिल्ली में महिला सम्मान के चलते कॉलेज जाने वाली लड़कियों और अन्य महिलाओं के लिए लेडीज स्पेशल बसों को चलाकर उनको सुरक्षा का अहसास करवाया। कन्या भ्रूण हत्याओं पर लगाम लगाने का काम किया। बच्चियां स्कूली पढ़ाई सुचारू रूप से कर सकें इसलिए लिए लाडली योजना चलाकर उनको शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।
1961 में कांग्रेस की केंद्र सरकार ने दहेज उत्पीड़न से बचने के लिए दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाया, कांग्रेस ने ही 1982 में एक योजना के तहत महिलाओ के लिए रोजगार, प्रशिक्षण ऋण उपलब्ध करवाए। 1992 में पंचायत से लेकर लोकसभा और विधानसभाओ तक में महिलाओं के लिए 33.3 प्रतिशत भागीदारी को सुनिशिचत किया।
1993 महिला समृद्धि योजना, 2005 में जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए उत्तम पौष्टिक भोजन के लिए नकद सहायता योजना, 2010 में इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना के तहत स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए नकद हस्तांतरण, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 लागू किया।

## एबीवीपी की छात्र संसद रविवार से दिल्ली में होगी शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की तीन दिवसीय छात्र संसद नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) कन्वेंशन सेंटर में होगी। नौ से 11 मार्च तक चलनी वाली छात्र संसद में देशभर के छात्र प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, नीति-निमार्ताओं और समाजसेवी शामिल होंगे। इसमें केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके और सबानंद सोनोवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने शनिवार को कहा कि यह तीन दिवसीय छात्र संसद केवल चर्चा का मंच नहीं, बल्कि युवाओं की आवाज को नीति-निर्माण तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। यह आयोजन छात्रों को सामाजिक समस्याओं को समझने, समाधान सुझाने और राष्ट्रनिर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर देगा। उन्होंने बताया कि नौ मार्च को छात्र संसद में देशभर के वनवासी क्षेत्रों के छात्र भाग लेंगे। इस संसद में जनजातीय समुदायों की शिक्षा, उनके सांस्कृतिक संरक्षण, सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता और रोजगार के अवसरों पर गहन मंथन किया।

## 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने पर कोई चर्चा नहीं करना, महिलाओं के साथ धोखा है: देवेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी बनाकर बराबर की हिस्सेदारी और देश की तरक्की में महिलाओं भागीदारी सुनिश्चित करना कांग्रेस का संकल्प है, जिसका प्रमाण देश को महिला प्रधानमंत्री और महिला राष्ट्रपति देकर महिलाओं के सम्मान और समृद्धि की एक मिसाल पूरे विश्व में कायम की। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायती राज में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर देश में सबसे निचले ग्रामीण स्तर पंचायती प्रशासन में महिलाओं को हिस्सेदार बनाकर देश के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की थी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की आधी आबादी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का इंतजार था कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उनके लिए 2500 रुपये मासिक देने की घोषणा करेंगी लेकिन दिल्ली की मुख्यमंत्री द्वारा ऐसा कोई बयान नहीं दिया। भाजपा कार्यकर्ता सिर्फ औपचारिकता पूरी करने के लिए महिलाओं के फार्म भर रहे है जिससे सामने आया है कि 2.5 लाख से अधिक आय वाली महिला, पहले से पेंशन लेने वाली, सरकारी योजना का फायदा लेने वाली महिलाओं को 2500 रुपये की आर्थिक सहायता नहीं मिलेगी। पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड और बैंक स्टेटमेंट भी मांग रहे है।

## हर्ष विहार थाना पुलिस ने दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: हर्ष विहार** थाना पुलिस ने पांच दर्जन आपराधिक मामलों में शामिल दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नंद नगरी निवासी प्रवीण उर्फ नागिन व नवीन उर्फ गोल्डी के रूप में हुई है।
उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने शनिवार को बताया कि पकड़े गये दोनों आरोपित नंद नगरी थाने के घोषित अपराधी हैं। प्रवीण पर लूट व आर्म्स एक्ट समेत कुल 34 मामले और नवीन पर कुल 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनके पास से सोने की एक चेन व वारदात में इस्तेमाल एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस इन दोनों से पूछताछ कर अन्य मामलों की भी छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गत दो मार्च को हर्ष विहार थाने में मंडोली एक्सटेंशन निवासी 30 वर्षीय संगीता ने सोने की चेन झपटने की शिकायत दी थी।
उन्होंने बताया कि वारदात को बाइक सवार दो बदमाशों ने तब अंजाम दिया जब वह बैंक कॉलोनी स्टैंड की ओर पैदल जा रही थीं।
इसी बीच बदमाशों ने उनके गले चेन झपट लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व सर्विलांस की टीम की मदद से आरोपितों की पहचान की और दोनों को सबोली इलाके से झपटे गए सोने की चेन व वारदात में इस्तेमाल बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया।

# नरेला: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन, पहुंचे विधायक राजकरण खत्री








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था नरेला विकास संगठन ने सिंधु बॉर्डर रोड स्थित अपने कार्यालय पर महिला दिवस समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक राजकरण खत्री मौजूद रहे। इस दौरान नरेला विकास संगठन द्वारा संचालित सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र में अपना कोर्स पूरा कर चुकी महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए, वही नारी सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली संस्थाओं, महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजकरण खत्री, विशिष्ट अतिथि बी.के गीता बहन का संस्था के पदाधिकारीयों द्वारा प्रतीक चिन्ह, पुष्प गुच्छ व शाल ओढाकर स्वागत सामान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार रखें।
संस्था के प्रधान हेमराज बंसल ने इस अवसर पर कहा कि नरेला विकास संगठन सदैव से ही महिला सशक्तिकरण हेतु अग्रणी रह कर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। चाहे वो महिलाओं के लिए सिलाई कढ़ाई केंद्र हो या चाहे ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना हो या अन्य कोई माध्यम नरेला विकास संगठन हमेशा महिला शक्ति के विकास, कल्याण, उत्थान हेतु प्रयासरत है।
संस्था के चेयरमैन चौधरी हाजी अब्बास अली ने इस अवसर पर सभी मुख्य अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा नरेला विकास संगठन न केवल महिला सशक्तिकरण अपितु क्षेत्र की प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु हमेशा प्रयासरत रहता है और इसके लिए हमें राजनीतिक, प्रशासनिक और सर्व समाज से सहयोग प्राप्त होता रहता है। वही मुख्य अतिथि नरेला विधायक राजकरण खत्री ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि गत अनेक वर्षों से नरेला विकास संगठन क्षेत्र में सभी समस्याओं के समाधान हेतु निस्वार्थ भाव से प्रयासरत है। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों के समर्पित भाव से समाज सेवा की तारीफ करते हुए आश्वासन दिया कि संस्था को नरेला विधायक से हर तरह का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्रम मे संस्था चेयरमैन अब्बास अली, प्रधान हेमराज बंसल, महासचिव नौतन दास अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, उप प्रधान अनिल आर्य, इंद्र सिंह, सुरेंद्र वर्मा, डॉ रजनीश, सचिव डॉ राजेंद्र राठधानिया, कार्यकारिणी सदस्य सतबीर राणा उत्तरी विभाग सहमंत्री विश्व हिंदू परिषद मनोज बंसल, हमारी मेहनत फाउंडेशन अध्यक्षा सुषमा गौतम, केसरी क्लब अध्यक्षा कमलेश तुशीर, संगीता दिवाकर, सतवंती गौड़, बी.के ओमप्रकाश, रामकिशोर गर्ग कई लोग मौजूद रहे।

# धर्म व आस्था के साथ-साथ सामाजिक सारोकार में महत्वपूर्ण है देवीपाटन शक्तिपीठ

**टीम एक्शन इंडिया**

**बलरामपुर।** इक्यावन शक्तिपीठों में शामिल देवीपाटन शक्तिपीठ न केवल धर्म और आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह सामाजिक सरोकारों में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। देवीपाटन शक्तिपीठ में मां सती का पट सहित वाम स्कंध गिरा था। यह स्थान शक्ति के आराधना का केंद्र तो है ही, यहां महायोगी गुरु गोरखनाथ जी भी काफी समय तक ध्यानरत रहे। जिसके कारण युगों-युगों से यह पीठ लोगों के आस्था का केंद्र है। देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस पीठ से जुड़े हुए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ, गोरक्ष पीठाधीश्वर होने के नाते, इस पीठ की व्यवस्थाओं की देखरेख भी स्वयं करते हैं। इस कारण राजनीतिक दृष्टिकोण से भी यह पीठ अत्यंत महत्वपूर्ण है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। इस अवसर पर यहां एक माह तक विशाल मेला आयोजित किया जाता है। मंदिर की व्यवस्थाओं, धार्मिक महत्व और अन्य विषयों पर देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी महाराज से हिन्दुस्थान समाचार के बलरामपुर प्रतिनिधि प्रभाकर कसौधन ने बातचीत की ।प्रस्तुत है उनसे बातचीत के संक्षिप्त अंश।

**प्रश्नः देवीपाटन शक्तिपीठ में नवरात्रि को लेकर क्या तैयारियाँ चल रही हैं?**

**उत्तरः** चैत्र नवरात्रि और एक माह तक चलने वाले मेले की तैयारियाँ हर वर्ष की तरह इस बार भी व्यापक स्तर पर की जा रही हैं। स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों की बैठक पहले ही हो चुकी है। मेला शुरू होने से एक सप्ताह पूर्व पुनः समीक्षा बैठक की जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे मंदिर परिसर में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, वहीं मेला क्षेत्र में भी अतिरिक्त कैमरे लगाए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा मंदिर से जुड़े सभी सड़क मार्गों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

कुल मिलाकर, सभी तैयारियाँ युद्ध स्तर पर जारी हैं। मंदिर परिसर में चैत्र वा शारदीय नवरात्रि में हर वर्ष सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना से वैदिक ब्राह्मणों द्वारा विशेष 9 दिन तक पूजन चलता है। उसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शामिल होते हैं।

मेरी दिनचर्या नियमित रूप से अनुशासित रहती है। मैं प्रातः 4:00 बजे उठकर नित्यकर्म और योग करता हूँ। सुबह 5:00 से 8:00 बजे तक दर्शन-पूजन, मंदिर भ्रमण और गौशाला में गौसेवा करता हूँ।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगीः असीम अरु

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शनिवार को जिले के थाना भगतपुर क्षेत्र निवासी सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। राज्यमंत्री ने कहा कि पीड़ित परिजनों की हर संभव मदद की होगी और आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सामूहिक दुष्कर्म पीड़ित के परिजनों से मिलने के बाद समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि दलितों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। युवती के साथ जिन लोगों ने हैवानियत की है, उन्हें सरकार ने सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया है।

**मुलाकात**

**पीड़ित परिजनों की हर संभव मदद की होगी और आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी**

भाजपा सरकार दलितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। असीम अरुण ने कहा कि इसी जिले में मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर आतंकवादियों का हिसाब-किताब हुआ है, ये गुंडे किस खेत की मूली हैं। प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। बच्ची और उसके भाई को आर्थिक सहायता मिलेगी। साथ ही साथ विकास की दृष्टि से परिवार को मजबूत बनाने के लिए सरकार की ऐसी योजनाओं जिसके वे पात्र हैं ,उनका लाभ दिया जायेगा। बच्ची के माता-पिता नहीं है, ऐसी स्थिति में बच्ची और उसके भाई को बाल सेवा योजना के अंतर्गत 2500-2500 रुपये प्रति माह सरकार प्रदान करेगी। असीम अरुण ने बच्ची को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में रखने का प्रस्ताव परिजनों को दिया है। उल्लेखनीय है कि थाना क्षेत्र के एक गांव से अनुसूचित जाति की किशोरी को अगवा कर दो माह तक बंधक बना सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों राशिद और आरिफ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुख्य आरोपित सलमान को पहले ही जेल भेज चुकी है। आरोपितों ने पीड़िता के हाथ पर लिखे ओम को तेजाब से जला दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### एनीमिया के दूसरे प्रकारों से कैसे अलग है एप्लास्टिक एनीमिया

**गुरुग्राम।** एप्लास्टिक एनीमिया एक दुर्लभ रक्त रोग है। इसमें बोन मैरो असामान्य स्टेम कोशिकाएं बनाता है यह रोग अक्सर पैतृक आधार पर चलता है और आमतौर पर इसका पता बचपन या किशोरवय में लगता है। एनीमिया में शरीर लाल रक्त कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में नहीं बना पाता जबकि एप्लास्टिक एनीमिया केवल एनीमिया नहीं है बल्कि इसे पैंसीटोपेनिया कहा जाता है यह एक मेडिकल स्थिति है जिसमें सभी प्रकार की रक्त कोशिकाओं की संख्या में महत्वपूर्ण कमी हो जाती है। इसमें ल्यूकोपेनिया में सफेद रक्त कोशिकाओं की कमी होती है। एनीमिया में लाल रक्त कोशिकाएं कम हो जाती हैं और थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया में प्लेटलेट्स की कमी होती है। यह सभी समस्याएं बोनमैरो के पूरी तरह से काम बंद करने के कारण होती हैं। हरयाणा में लगभग 7 फीसदी लोगों को एप्लास्टिक एनीमिया है और दिल्ली/एनसीआर में यह 20 फीसदी लोगों को है। डॉ मीत कुमार, क्लिनिकल डायरेक्टर व एचओडी-हेमैटो-ऑन्कोलॉजी व ब्रेन मैरा ट्रांसप्लांट, मैरेन्गो एशिया हॉस्पिटल्स, गुरूग्राम कहते हैं एप्लास्टिक एनीमिया व्यक्ति के जीवन को काफी प्रभावित करता है। इसमें थकान महसूस होती है चक्कर आते हैं और रोजमर्रा के काम सामान्य रूप से करने में व्यक्ति थकावट महसूस करता है। इससे मरीज को गंभीर रक्तस्राव या बार-बार संक्रमण हो सकते हैं, जिससे मरीजों को बार-बार अस्पताल में भर्ती होने और खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है इससे उनका रोजाना का जीवन प्रभावित होता है और वे सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ सकते हैं। डॉ राहुल भार्गव, प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं चीफ- हेमैटोलॉजी,हेमैटो ऑन्कोलॉजी व ब्रेन मैरो ट्रांसप्लांट, फोर्टिस गुड़गांव कहते हैं एप्लास्टिक एनीमिया के मरीजों की उत्तरजीविता दर लगभग 75 प्रतिशत है लेकिन इस बीमारी का जल्दी से जल्दी इलाज कराना बहुत जरूरी है। कुछ गंभीर मामलों में पूरे बोनमैरो के ट्रांसप्लांट की जरूरत हो सकती है। इससे व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना बढ़ सकती है।

### लीवा मिस दीवा 2024 ने अपने विजेताओं की घोषणा की



**नई दिल्ली ।** लीवा मिस 2024 का ग्रैंड फिनाले फैशन, ग्लैमर, टैलेंट और एम्पॉवरमेंट की एक अविस्मरणीय रात थी, जिसमें ब्यूटी, फैशन डिजाइन और कंटेंट क्रिएशन में भारत के सबसे होनहार सितारों को शामिल किया गया। हाउस ऑफ बिरला सेल्यूलोज से 100% नेचुरल ओरिजन के फैब्रिक ब्रांड लीवा, जो अपनी बेजोड़ फ्लूडिटी, सॉफ्टनेस और ब्रीथेबिलिटी क्षमता के लिए प्रसिद्ध है, लगातार पांचवें साल टाइटल स्पांसर के रूप में मिस दीवा में शामिल हुआ। इस शोपीस में आयुश्री मलिक को लीवा मिस दीवा सुपरनैशनल 2024 और विप्रा मेहता को लीवा मिस दीवा कॉस्मो 2024 का ताज पहनाया गया। ये असाधारण महिलाएं मिस सुपरनैशनल 2025 और मिस कॉस्मो 2025 में ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी और इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट्स में देश की शानदार विरासत को आगे बढ़ाएंगी। इस शाम ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की, जिसमें दो बिल्कुल नई कैटेगरीज में पहली बार विजेताओं का भी ऐलान किया गया। ओडिशा की सुध्रुति पाधियारी को लीवा मिस दीवा फैशन डिजाइनर 2024 घोषित किया गया, जबकि बिहार की अनन्या प्रवीण ने लीवा मिस दीवा कंटेंट क्रिएटर 2024 का खिताब जीता। प्रत्येक कैटेगरी से टॉप 8 में शामिल 24 फाइनलिस्ट ने स्टाइल, आत्मविश्वास और सरलता के शानदार प्रदर्शन के साथ मुख्य मंच संभाला। शो की शुरूआत एक फैशन राउंड से हुई, जिसमें फाइनलिस्ट मशहूर डिजाइनर मंदिरा विर्क के एक्सक्लूसिव कलेक्शन में रैंप पर उतरीं। आत्मविश्वास, शान और सहज लग्जरी के मिक्स से बने इस शोकेस ने एक बेमिसाल लग्जरी और स्टाइलिश नाइट की शुरूआत की। प्रतिष्ठित जूरी पैनल में इंडस्ट्री की दुनिया के दिग्गजों का एक समूह शामिल था, जिसमें मेंटर रितिका खटनानी (लीवा मिस दीवा ब्यूटी क्वीन 2024), सोनाक्षी राज (लीवा मिस दीवा फैशन डिजाइनर 2024) और भावना सिंह (लीवा मिस दीवा कंटेंट क्रिएटर 2024) के साथ-साथ सेलिब्रिटी डिजाइनर मंदिरा विर्क, अभिनेता फरदीन खान, मिस कॉस्मो 2024 केटुट परमाटा जूलियास्ट्रिड और मिस सुपरनैशनल 2023 एंड्रिया एगुइलेरा शामिल थे

## बाइक सवार युवक की मौत

**आजमगढ़।** जिले के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कटार गांव के पास शनिवार को ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार दीदारगंज थाना क्षेत्र के बीबीगंज गांव निवासी विपिन की शादी 6 मार्च को थी। शादी में शामिल होने के लिए विपिन के चाचा का लड़का सचिन 18 वर्ष पुत्र सूरत गुप्ता लुधियाना से घर आया था ।शनिवार को सुबह घर आए एक रिश्तेदार को छोड़ने के लिए सचिन फूलपुर रेलवे स्टेशन बाइक से गया था।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में हुआ ऐतिहासिक कार्य : केशव प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति सृजन की आधारशिला है, समाज की आत्मा है और बदलाव की सबसे बड़ी वाहक है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा समाज प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि आज हमारी मातृशक्ति देश व समाज की सेवा में अपना उत्कृष्ट



योगदान दे रही है और आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। हमारी माताएं-बहनें निरंतर आगे बढ़े और उन्नति के नए कीर्तिमान गढ़े, इसके लिए डबल इंजन की सरकार समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुआ है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनें, विद्युत सखी, लखपति दीदी व अन्य दीदियां सशक्तिकरण की मिसाल बनी हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

**उत्पादक**

**स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनें, विद्युत सखी, लखपति दीदी व अन्य दीदियां सशक्तिकरण की मिसाल बनी**

के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को लखपति दीदी योजनान्तर्गत कार्यशाला में लगभग 1200 समूहों की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में उत्पादक समूह, ड्रोन संचालन, एफपीओ, बायो फर्टिफाइड बीजों की खेती, प्राकृतिक खेती, उद्यमिता विकास इत्यादि विषयों की जानकारी दी गयी।

## संदिग्ध आतंकी को जम्मू कश्मीर से किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की सहारनपुर की टीम ने मुरादाबाद पुलिस के सहयोग से 25 हजार के इनामी संदिग्ध आतंकी उल्फत हुसैन ?को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया संदिग्ध आतंकी हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन से जुड़ा हुआ है। इससे पूर्व मुरादाबाद में उसे एके-56 के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वर्ष 2007 में जमानत मिलने के बाद फरार हो गया था। एटीएस ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संदिग्ध आतंकी उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुल इस्लाम उर्फ अफजाल उर्फ परवेज उर्फ हुसैन मलिक जम्मू-कश्मीर के पुंछ के ग्राम फजलाबाद का रहने वाला है।

# इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क चौड़ीकरण कार्य में देरी पर डीएम नाराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने शनिवार को निमार्णाधीन एलआरपी से इंदिरा मनोरंजन मार्ग तक सड़क मार्ग के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण कार्य की प्रगति देखी। इस सड़क के चौड़ीकरण से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। सड़क के चौड़ीकरण कार्य में बिजली विभाग के पोल व ट्रांसफार्मर अभी एक जटिल समस्या बने हुए हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम शैलेंद्र कुमार को इस मार्ग पर



विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए शीघ्र शिफ्टिंग के निर्देश दिए। डीएम ने अधिशासी अभियंता से शिफ्टिंग में विलंब का कारण जाना और नाराजगी जाहिर की। इस पर ईई ने अवगत कराया कि पोल शिफ्टिंग की धनराशि प्राप्त हो गई है। इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शहर की व्यस्ततम एवं लाइफ लाइन कहे जाने वाले संकटा देवी-सदर चौराहा (श्रीराम चौराहा) मार्ग पर यातायात की सुगमता के लिए पैदल भ्रमण किया।

## सीतापुर में पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**सीतापुर।** जिले के इमलिया सुलतानपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को सरेराह एक पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। महोली के रहने वाले राघवेंद्र बाजपेयी एक समाचार पत्र से जुड़े थे। शनिवार को कहीं जा रहे थे, तभी नेरी के पास ओवरब्रिज से आगे पहुंचने पर अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। पुलिस घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पत्रकार ने जमीन से जुड़ी खबरों में लेखपालों की मिलीभगत को अपने समाचारपत्र में उजागर किया था। जांच में लेखपालों पर जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई की तलवार लटक रही थी।

# गुफरान ने जयप्रकाश बनकर की हिन्दू युवती से शादी



**टीम एक्शन इंडिया**

**बलिया।** मुस्लिम युवक गुफरान ने अपनी पहचान छिपाकर हिन्दू युवती से जयप्रकाश बनकर मंदिर में शादी कर ली। बाद में दुष्कर्म का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए युवती पर दबाव बना रहा था कि वह निकाह कर ले। पीड़िता ने जब इसकी शिकायत पुलिस से की तो वह गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक के पीआरओ ने शनिवार को बताया कि उभांव थाने पर एक युवती ने प्रार्थना पत्र दिया था कि वह अपने मोबाइल पर फेसबुक व इस्ट्राग्राम चलाती है। जिस पर जयप्रकाश नामक लड़के ने इस्ट्राग्राम के जरिए युवती से संपर्क किया। युवती ने जयप्रकाश के झांसे में आकर उसकी बातों पर विश्वास कर लिया। बीते दो बीते मार्च को जयप्रकाश ने हिन्दू युवती को अपनी बातों में लेकर पास के सलेमपुर मन्दिर में ले जाकर शादी कर ली। इसके बाद उसने एक कमरे में ले जाकर शारीरिक सम्बन्ध बनाया। इसका उसने मोबाइल में वीडियो भी बना लिया। इसके बाद उसने अपने हिन्दू नहीं होने और मुस्लिम होने

**गिरफ्तार**

**दुष्कर्म का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए युवती पर दबाव बना रहा था कि वह निकाह कर ले**

की बात बताई। युवक ने अपना नाम मो. गुरफान अहमद बता दिया। साथ ही अपने पिता का नाम भी मो. इलियास बताया जो जमुआव खामपुर थाना उभांव का निवासी है। उसने युवती से कहा कि अब उसे मुस्लिम धर्म अपना कर मेरे साथ निकाह करना पड़ेगा। पुलिस के अनुसार उभांव थाने पर धारा 64/61(2) /304 (2) /318 (4) बीएनएस व 3/5 (1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। उभाँव के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने शनिवार को गुफरान अहमद उर्फ लाला पुत्र मु. इलियास को डम्बल बाबा परती के पास मन्दिर से गिरफ्तार कर लिया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बरेका में सम्मानित हुईं महिला कर्मी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, समानता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन बरेका महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारी मधु शुक्ला, चित्रा सिंह ने किया। इस अवसर पर मधु शुक्ला ने महिला कर्मचारियों के योगदान की सराहना की और कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी मेहनत और कौशल से सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं।




उन्होंने बरेका में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जताते हुए कहा कि यह संस्थान महिलाओं को समान अवसर देने और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने महिलाओं की उपलब्धियों और उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों को बताया। कार्यक्रम में समाजसेवी और सदस्य बरेका यौन उत्पीड़न समिति जागृति राही ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तब तक पूर्ण नहीं हो सकती जब तक महिलाएँ हर क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका में नहीं आएंगी। उनका मानना है कि आजादी की लड़ाई में महिलाओं का भी उतना ही योगदान है जितना की पुरुषों का।

बरेका केंद्रीय चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेक्षा पाण्डेय ने कहा कि आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वह जो ठान लेती हैं, उसे कर दिखाने की क्षमता भी रखती हैं। कार्यक्रम में बरेका से सेवानिवृत्त होने वाली महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही, विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं।

**आत्मनिर्भरता**

**समानता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं**

# ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से लूट करने वाले दो आरोपित मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के थाना दिलाई क्षेत्र में तीन दिन पहले प्रथम यूपी ग्रामीण बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से लूट करने वाले दो आरोपितों को बीती रात्रि थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपितों के पैर में गोली लगी है, उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपितों के पास से तीस हजार रुपये की नकदी, लैपटॉप, बाइक और असलहा बरामद किया गया। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले का रहने वाला तीसरा आरोपित मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि थाना डिलारी के सौदासपुर निवासी कमलकांत प्रथमा यूपी ग्रामीण के बैंक जहांगीरपुर शाखा के बैंक मित्र हैं। बीते मंगलवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे बाइक सवार तीन बदमाशों ने ग्राहक सेवा केंद्र में घुसकर मारपीट कर कमलकांत से एक लाख रुपये की नकदी, लैपटॉप और मोबाइल फोन लूट लिया था। वारदात के बाद से डिलारी पुलिस और एसओजी टीम बदमाशों की तलाश में जुटी थी। एसपी देहात ने आगे बताया कि शुक्रवार देर रात सूचना के बाद एसएचओ डिलारी योगेंद्र सिंह और एसओजी की टीम ने ढकिया के आगे सरकड़ा की पुलिस के पास चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक बुलेट मोटर साइकिल सवार तीन युवक वहां पहुंचे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की तो बुलेट सवार बदमाशों ने फायर करना शुरू कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायर किया तो दो बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जबकि उनका एक साथी फरार हो गया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान जिले के थाना भोजपुर निवासी नसीम और भगतपुर के गांव दौलपुरी निवासी नईम के रूप में हुई है। जबकि मौके से फरार हुए तीसरे आरोपी की पहचान उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के काशीपुर निवासी अनीस के रूप में हुई है। एसपी देहात ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से तीस हजार रुपये की नकदी, वारदात में प्रयुक्त बाइक, तमंचा और कारतूस के साथ ही लूटा गया लैपटॉप भी बरामद कर लिया गया है।

## हत्या के मामले में कोर्ट ने 5 दोषियों को सुनाई, 7-7 साल की सजा

**जालौन।** जालौन के जिला एवं सत्र न्यायालय ने गैर इरादतन हत्या के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जिला न्यायाधीश अचल सचदेव ने पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए सात-सात साल की सजा सुनाई है। मामला सिरसा कलार थाना क्षेत्र के जखा गांव का है। 12 मार्च 2024 को खेत के विवाद को लेकर राजू चौहान, उसके पुत्र शिवम, सत्यम, किशन और पप्पू ने परशुराम और उनकी पुत्री नेहा के साथ मारपीट की थी। परशुराम को सिर में गंभीर चोटें आईं। अगले दिन मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के पुत्र चतुर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एक साल तक चले मुकदमे में गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने सभी आरोपियों को दोषी पाया। जिला शासकीय अधिवक्ता लखनलाल निरंजन के अनुसार, कोर्ट ने सभी दोषियों पर 36-36 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना न चुकाने की स्थिति में उन्हें अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।


# राजधानी फूड्स लेकर आया है सबसे रंगीन होली सेलिब्रेशन करण जौहर और अनन्या पांडे के साथ एक धमाकेदार कैंपेन जो बढ़ाएगा त्योहार का स्वाद!

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। होली** सिर्फ.रंगों का त्योहार नहीं है, यह स्वाद, हंसी और उन परंपराओं का संगम है जो परिवारों को करीब लाती हैं। और होली का मजा तब तक अधूरा रहता है जब तक गरमा-गरम, कुरकुरे पकोड़े ना हों! स्वाद और गुणवत्ता का पर्याय बन चुका राजधानी फूड्स इस होली को और भी खास बना रहा है साल की सबसे अनोखी और स्वाद से भरपूर साझेदारी के साथ- जहां बॉलीवुड के सुपरस्टार करण जौहर और जेन-जेड की फेवरेट अनन्या पांडे मिलकर बना रहे हैं एक ऐसा कैंपेन, जो होगा उतना ही स्वादिष्ट जितना कि एक परफेक्ट पकोड़ा!

**होली है! और पकोड़े भी!**

**जरा सोचिएः** करण जौहर एक फिल्म सीन डायरेक्ट कर रहे हैं, तभी भूख लगती है। वह शूटिंग रोकने का ऐलान करते हैं-लेकिन सिर्फ.तब, जब उन्हें पकोड़े मिलें! अनन्या तुरंत चुटकी लेते हुए कहती हैं, "पर बारिश कहां है? पकोड़े का असली मजा तो बारिश में ही आता है!" और फिर करण अपने क्लासिक अंदाज में सेट पर ही नकली बारिश करवा देते हैं। नतीजा? दोनों मिलकर राजधनी बेसन से बने गरमा-गरम, कुरकुरे पकोड़ों का आनंद लेते हैं, यह साबित करते हुए कि होली हो या कोई भी त्योहार, एकदम क्रिस्पी पकोड़ों का कोई मुकाबला नहीं!

**हर घर की होली की जान - राजधनी बेसन**

जैसे-जैसे होली नजदीक आती है, हर घर का किचन रंग-बिरंगे पकवानों की खुशबू से भर जाता है। लेकिन अगर कोई एक डिश है जो हर भारतीय परिवार को जोड़ती है, तो वह है पकोड़े-गर्मागर्म, कुरकुरे और यादों से भरपूर। फिर चाहे रंगों की मस्ती के बाद ठंडाई के साथ हों या परिवार के साथ खास स्नैक के तौर पर, एकदम सही बेसन ही असली स्वाद का राज होता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 09 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### डमी कैंडिडेट प्रकरण में मिली जमानत खारिज

**जयपुर। सुप्रीम** कोर्ट ने आरपीएससी की ओर से आयोजित सिविल इंजीनियर भर्ती-2022 में डमी कैंडिडेट बैठाने के मामले में जमानत पर रिहा चल रहे आरोपित इंद्राज सिंह और सलमान खान की जमानत को रद्द कर दिया है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की खंडपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की ओर से दायर आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने मामले में हाईकोर्ट की ओर से आरोपियों को जमानत देने के आदेश को निरस्त करते हुए दोनों आरोपितों को दो सप्ताह में संबंधित निचली अदालत में सरेंडर करने को कहा है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने बताया कि सिविल इंजीनियर प्रतियोगी परीक्षा-2022 में आवेदन करने के बाद अभ्यर्थी इंद्राज सिंह ने अपनी जगह डमी कैंडिडेट गुरदीप दास को बैठाया। इसके लिए सलमान ने डील कराई थी। एएजी ने अदालत को बताया कि यह सिर्फ एक बार ही धोखाधडी का मामला नहीं है। आरोपित गुरदीप चार अन्य समान मामले में शामिल रह चुका है और वर्तमान में फरार चल रहा है। हाईकोर्ट ने आरोपितों को जमानत देते समय सामाजिक दुष्प्रभाव को अनदेखा किया है। डमी कैंडिडेट का उपयोग केवल व्यक्तिगत धोखाधडी नहीं है, बल्कि यह पूरी भर्ती प्रणाली के खिलाफ अपराध है। इससे भर्ती की विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है। जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का दोनों आरोपितों को जमानत देने का आदेश रद्द करते हुए उन्हें दो सप्ताह में सरेंडर करने को कहा है।

### मां ने कर दी बेटी की हत्या, गिरफ्तार

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने शनिवार को अपनी बेटी की हत्या कर दी। परिजन लाश को घर में ही दफनाने की तैयारी में थे, तभी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। हत्यारोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चहल ने बताया कि यह घटना बिजनौर गांव की है। यहां की रहने वाली एक लड़की का गांव के ही एक लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह उससे शादी करना चाहती थी। परिजनों ने उसे बहुत समझाया, लेकिन वो मान नहीं रही थी। इसी वजह से उसकी मां वारिसा ने बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। लाश को घर में दफनाया जा रहा था, तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

# देश में इन्वेस्टमेंट का सबसे बड़ा डेस्टिनेशन है यूपी: सीएम योगी

## सीएम योगी ने नोएडा के सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया डेवलपमेंट सेंटर का किया शिलान्यास,

**सेंटर**

▶▶ रिसर्च व डेवलपमेंट के सबसे बड़े सेंटर के तौर पर कार्य करेगा इंडिया डेवलपमेंट सेंटर: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**गौतमबुद्धनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया डेवलपमेंट सेंटर के शिलान्यास व एमएक्यू सॉफ्टवेयर के एआई इंजीनियरिंग सेंटर का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने उत्तर भारत में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ व चेयरमैन सत्य नडेला व समस्त टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट की यह ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी खास है। यह न केवल नोएडा बल्कि समस्त उत्तर भारत के लिए आईटी सेक्टर के नए युग की शुरूआत है। माइक्रोसॉफ्ट ने यह साबित किया है कि आज के दिन पर उत्तर प्रदेश इन्वेस्टमेंट का सबसे बेहतरीन डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। सीएम योगी ने कहा कि मुझे बताया गया है कि माइक्रोसॉफ्ट का इंडिया डेवलपमेंट सेंटर उनके मुख्यालय के बाहर रिसर्च एंड डेवलपमेंट का सबसे बड़ा सेंटर बनेगा। इस केंद्र की स्थापना हो जाने पर हैदराबाद के बाद अब उत्तर प्रदेश में माइक्रोसॉफ्ट का नवीन परिसर के रूप में घर बनने जा रहा है।

**15 एकड़ क्षेत्र में बनेगा सेंटर, पीएम मोदी के विजन को बढ़ाया आगे**



सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माइक्रोसॉफ्ट की उपस्थिति पहले से है। नोएडा में इनके कार्यक्रम पहले से संचालित होते रहे हैं। अब इस 15 एकड़ के भूभाग में इनका ये सेंटर उत्तर प्रदेश व उत्तर भारत में प्रभावी उपस्थिति को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के विजन को पिछले 8 वर्ष में आत्मसात किया है। सीएम योगी के अनुसार, आईडीसी नोएडा एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग के माध्यम से भारत के टेक्निकल इकोसिस्टम को न केवल सुदृढ़ता प्रदान करेगा बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को और प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर उतारने के कार्य को आगे बढ़ाएगा। यह एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सिक्योरिटी जैसे इनोवेशन के हब के रूप में कार्य करेगा। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर देश की आबादी का सबसे बड़ा स्केल है मगर स्केल को स्पीड के साथ रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने में हमने सफलता पायी है। इसे प्रभावी तौर पर प्रदेश में लागू करने के लिए 33 सेक्टोरल पॉलिसी के माध्यम से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है।

### मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में उत्तर प्रदेश के योगदान की तरफ आकृष्ट कराया ध्यान

**सीएम** योगी ने मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में उत्तर प्रदेश के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि विगत 8 वर्षों में किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि आज मोबाइल फोन की मैनुफैक्चरिंग में 65 फीसदी हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश की है। इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट्स के उत्पादन में देश में उत्तर प्रदेश का योगदान 55 फीसदी के साथ नंबर एक पर है। नोएडा व ग्रेटर नोएडा तेजी के साथ इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग के हब के तौर पर उभर रहा है।

**महाकुम्भ में एआई के इस्तेमाल का किया जिक्र**

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हम लोगों ने जो भी कदम बढ़ाए हैं, आज उसके बहुत सकारात्मक परिणाम आए हैं। महाकुम्भ-2025 प्रयागराज में दुनिया की सबसे बड़ी ह्यूमन गैदरिंग थी जिसमें हमने एआई का उपयोग किया, जोकि एआई का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। महाकुम्भ में एआई की नवीन तकनीक का भरपूर उपयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुजन प्रयागराज आए और आस्था की पावन डुबकी लगाकर सुरक्षित अपने गंतव्य को वापस गए।

### युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बनेगा

**माइक्रोसॉफ्ट** जैसे वैश्विक दिग्गज की उत्तर प्रदेश में उपस्थिति प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी। सीएम योगी ने कहा कि यहां की यूनिवर्सिटीज व इंस्टीट्यूशंस के साथ एमओयू करते हुए माइक्रोसॉफ्ट युवाओं के स्किल डेवलपमेंट की दिशा में कार्य करेगा, जो कि सराहनीय है। सीएम योगी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि माइक्रोसॉफ्ट के रिसर्च एंड डेवलपमेंट का ये सेंटर न केवल महत्वपूर्ण सेंटर के तौर पर उभरेगा बल्कि उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम भी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत माइक्रोसॉफ्ट की टीम उपस्थित रही। माइक्रोसॉफ्ट के एमओ राजीव कुमार ने सीएम योगी समेत सभी गणमान्यों का स्वागत करते हुए माइक्रोसॉफ्ट के इंडिया डेवलपमेंट सेंटर तथा देश-प्रदेश में कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी।



जन्मदिवस पर तनोट में वसुन्धरा राजे ने करवाया शत्रु विनाशक यज्ञ।

### राज्य सरकार की योजनाओं से हो रहा है नारी सशक्तिकरण: देवड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल। अंत**रराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को मंदसौर (दशपुर) की धरा पर स्थापित भगवान पशुपतिनाथ के मंदिर में महिला शक्ति ने सुबह की आरती के साथ समस्त व्यवस्थाएं संभाली। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मातृ शक्ति के साथ भगवान पशुपतिनाथ की आरती कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मातृ शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भगवान पशुपतिनाथ से प्रदेशवासियों के लिए सुख शांति समृद्धि की कामना की। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर की प्रातः कालीन आरती के साथ ही दिन की आरती, पूजन और सभी आयोजन एवं मंदिर की व्यवस्थाएं महिलाओं के द्वारा संचालित की गई। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि भारत में सदैव मातृ शक्ति का सम्मान होता रहा है। आदि शक्ति के रूप में पूजे जाने के साथ ही प्रत्येक सनातन परिवार में शुभ कार्य के पूर्व कन्या-पूजन की परंपरा चली आ रही है।

### लाड़ली बहनों के खाते में ट्रांसफर किए 1552.73 करोड़ रुपये





**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की मार्च 2025 की किस्त जारी की। उन्होंने सिंगल क्लिक के जरिए 1.27 करोड़ लाभार्थी महिलाओं के खाते में लगभग 1552.73 करोड़ रुपये की राशि भेजी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उज्जवला योजना की गैस कनेक्शनधारक महिलाओं के खाते में डीबीटी के जरिए भी राशि ट्रांसफर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धर्मांतरण कराने वालों को फांसी की सजा का प्रावधान करने जा रहे हैं।

**किस्त जारी**

▶▶ गैस कनेक्शनधारक महिलाओं के खाते में डीबीटी के जरिए भी राशि ट्रांसफर की

ऐसे दुष्कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण राशि वितरण, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयूजीकेवाय) अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त बेटियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया।

# नए भारत के निर्माण में महिलाएं अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रही है: बड़ौली

**सशक्तिकरण**

▶▶ भाजपा शासन में महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ समाज में सम्मान बढ़ा है: बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुरुग्राम में महिला मोर्चा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रदेश की महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत में सदियों से यह कहा गया है कि जहां महिलाओं को सम्मान मिलता है और पूजा जाता है, वहां देवता निवास करते हैं। उन्होंनें कहा कि बहनें और बेटियां देवी का स्वरूप है। श्री बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना है। आज नए भारत के निर्माण में महिलाएं अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। भाजपा कार्यालय गुरुकमल में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की होली खेली, अंग दान के लिए महिलाओं को प्रेरित किया।

मंच से ही महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने अपनी देह दान करने की घोषणा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने उषा प्रियदर्शी के इस साहसिक निर्णय की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी सहित अनेक नेताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और उनकी धर्मपत्नी गीता बडौली का स्वागत किया। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपनी सुरक्षा में महिला शक्ति को जिम्मेदारी देना ऐतिहासिक कदम है।

# महिलाओं का विकसित भारत-विकसित राजस्थान बनाने में अहम योगदान: मुख्यमंत्री

**घोषणा**

▶▶ मुख्यमंत्री ने की लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत सेविंग बॉन्ड की राशि को 1.50 लाख रुपये करने की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर। मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं का विकसित भारत-विकसित राजस्थान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि महिलाएं राजनीति, कला, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा सहित हर मोर्चे पर अपने उत्कृष्ट कार्यों से देश और प्रदेश को गौरवान्वित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति का आह्वान किया कि अंतिम पंक्ति पर खड़ी जरूरतमंद महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के लिए मिलकर प्रयास करें और देश-प्रदेश को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। शर्मा शनिवार को बिड़ला सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं त्याग, करुणा, स्नेह, धैर्य, सहनशीलता, संवेदनशीलता, सौम्यता, विनम्रता, वीरता, सहानुभूति जैसे अनेक गुणों की प्रतिमूर्ति होती हैं। यह दिन मातृशक्ति के योगदान को सम्मान देने का अवसर तथा हर क्षेत्र में महिलाओं की शानदार उपलब्धियों पर गर्व करने का दिन है।

उन्होंने कहा कि हर बच्चे के लिए उसकी मां ही उसकी प्रथम गुरु होती है तथा व्यक्ति को सुशिक्षित एवं सभ्य बनाने में नारी का बहुत बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को हमेशा सम्मान दिया गया है। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है कि जहां नारी की पूजा की जाती है वहां देवता निवास करते हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाडो प्रोत्साहन योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर दिए जा रहे एक लाख रुपये के सेविंग बॉन्ड की राशि को बढ़ाकर एक लाख 50 हजार रुपये करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसलों से देश में महिलाएं सशक्त तथा आत्मनिर्भर बन रही हैं।





### अधिवक्ता की मौत पर आक्रोशित वकीलों ने कराया अजमेर बंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**अजमेर:** पुष्कर के वकील पुरुषोत्तम जाखेटिया की हत्या के विरोध में आठ मार्च को अजमेर शहर सहित जिले के पुष्कर, नसीराबाद, केकड़ी, ब्यावर आदि शहर बंद रहे। जाखेटिया की मौत सात मार्च को इलाज के दौरान अजमेर के जेएलएन अस्पताल में हो गई थी। दो मार्च की रात को जाखेटिया ने पुष्कर में अपने निवास के बाहर बज रहे डीजे का विरोध किया था। इस विरोध से गुस्साए युवकों ने वकील जाखेटिया को इतना बुरी तरह पीटा की 7 मार्च को उनकी मौत हो गई। पुष्कर पुलिस ने इस मामले में अब तक कुल दस हमलावरों को पकड़ लिया है फिर भी कहते हैं कि मुख्य आरोपित फरार हैं। वकीलों ने बंद को लेकर सुबह से ही शहर में गश्त शुरू कर दी थी। दूध डेयरी भी बंद करा दी गई। वकील सामूहिक रूप से हाथों में लाठी लेकर भी निकले। अजमेर के सिटी स्क्वायॅर मॉल, मिराज मॉल और अन्य बाजारों में वकीलों ने जमकर तोड़फोड़ की।

